


जंतर-मंतर पर दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी के नेताओं ने रविवार को देशभर में सामूहिक उपवास किया।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 96 पृष्ठ: 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


**आदर्श विचार**



"हे पार्थ, तुम फल की चिंता मत करो, अपना जरुरी कर्म करते रहो, मैं फल जरूर दूंगा।" -भागवद्

**मन की बात**



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है।" -स्वामी विवेकानंद

## 'कांग्रेस को धारा 370 हटने का दर्द'

### शिक्षक भर्ती घोटाला में जो गरीबों के पैसे गए हैं, मैं उन्हें उन गरीबों को वापस करवाऊंगा: पीएम मोदी

**साधा निशाना**

8 कांग्रेस को जम्मू-कश्मीर से 370 हटने का दर्द है। कश्मीर की चर्चा उसे पसंद नहीं है : पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**सिलीगुड़ी:** भाजपा के दिग्गज नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मैं बंगाल की धरती से गारंटी देता हूं कि यहां शिक्षक भर्ती घोटाला में जो गरीबों के पैसे गए हैं, मैं उन्हें उन गरीबों को वापस करवाऊंगा। वह रविवार दोपहर बाद जलपाईगुड़ी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

**मल्लिकार्जुन खरगे पर बरसे पीएम मोदी:** पीएम मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कश्मीर को लेकर दिए बयान का भी जवाब देते हुए कहा कि कल कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस को जम्मू-कश्मीर से 370 हटने का दर्द है। कश्मीर की चर्चा उसे पसंद नहीं है। इसके साथ ही पीएम ने तृणमूल कांग्रेस को कानून और संविधान को कुचलने वाली पार्टी बताया। ईडी के बाद एनआईए अधिकारियों पर हुए हमले की घटना का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यहां जब केंद्र की जांच एजेंसियां आती हैं तो टीएमसी उन पर हमले करती है और लोगों से करवाती है। संदेशखाली में क्या हुआ, पूरा देश जान चुका है।

जलपाईगुड़ी लोकसभा सीट से पुनः भाजपा के उम्मीदवार बनाए गए सांसद डा. जयंत राय के समर्थन में उक्त जनसभा का आयोजन किया गया था। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने किसी भी तृणमूल कांग्रेस नेता, मंत्री या अन्य जनप्रतिनिधि का नाम लिए बगैर कहा, ईडी ने करीब 3,000 करोड़ रुपये, संपत्ति आदि चीजें अटैच करके रखी हुई है। मैं एडवाइस ले रहा हूं। ये जो शिक्षक भर्ती में गरीब लोगों के पैसे गए। सरकारी नौकरियों में गरीबों के पैसे गए और जिनका पक्का मिलता है कि हां इनका पैसा गया, तो वो जो 3,000 करोड़ रुपये इनके अटैच किए न, मैं इन गरीबों को वापस करवाऊंगा।

**इंडी गठबंधन पर जमकर बरसे पीएम मोदी**

**पीएम** ने आगे कहा कि तृणमूल कांग्रेस, वामदल और कांग्रेस सब एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। इन सबने एक-दूसरे के भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए ही इंडी गठबंधन बनाया है। मैं कहता हूं भ्रष्टाचार मिटाओ, वे कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ।

वे चाहे जितनी साजिश कर लें, मैं आपको गारंटी देता हूं, चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई और तेज होगी। यह मोदी की गारंटी है। इंडी गठबंधन वाले मोदी की गारंटी से डरने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के पास न नीति है न सिद्धांत। यह मोदी है, जो गारंटी देता है, वो हैं जो गाली देते हैं। आपको 19 अप्रैल को निडर होकर अपने बूथ पर कमल छाप पर वोट डालना है। इस चुनाव में उन्हें सबक सिखाना बहुत जरूरी है। एक-एक पोलिंग बूथ पर तृणमूल कांग्रेस की जमानत जब्त होनी चाहिए।

## खरगे ने बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार को घेरा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) द्वारा थोपी गई बेरोजगारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2 करोड़ नौकरियां देने की गारंटी हमारे युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह गूंजती है। खरगे ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "भारत के प्रमुख संस्थानों-आईआईटी और आईआईएम का अगर मामला लें, तो 12 आईआईटी में हमारे लगभग 30 प्रतिशत छात्रों को नियमित प्लेसमेंट नहीं मिल रहा है। 21 आईआईएम में से केवल 20 प्रतिशत ही अबतक ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट पूरा कर सके हैं।" खरगे ने आगे लिखा, "यदि आईआईटी और आईआईएम में यही स्थिति है तो कोई कल्पना कर सकता है कि बीजेपी ने देशभर में हमारे युवाओं का भविष्य कैसे बर्बाद कर दिया है।" उन्होंने कहा, "मोदी सरकार के तहत युवा बेरोजगारी की दर 2014 के बाद से तीन गुना हो गई है। आईएलओ की हालिया भारत रोजगार रिपोर्ट से पता चला है कि हर साल भारत लगभग 70-80 लाख युवाओं को श्रम बल में जोड़ता है, लेकिन 2012 और 2019 के बीच रोजगार के मामले में लगभग 0.01 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।" कांग्रेस नेता ने कहा, "2 करोड़ नौकरियां देने की 'मोदी की गारंटी' हमारे युवाओं के दिल और दिमाग में एक बुरे सपने के रूप में गूंजती है!" उन्होंने कहा, "25 वर्ष से कम उम्र के किसी भी डिप्लोमा या डिग्री धारक को अब रोजगार मांगने का कानूनी अधिकार होगा और उसे प्रति वर्ष कम से कम 1 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा। इससे काम और सीखने को अलग करने वाली बाधाएं दूर होंगी।

**साधा निशाना**

8 मोदी की 2 करोड़ नौकरियां देने की गारंटी हमारे युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह गूंजती है

## अग्निबाण रॉकेट लॉन्चिंग की तीसरी कोशिश भी नाकाम

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीहरिकोटा:** चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने अग्निबाण रॉकेट के प्रक्षेपण को रद्द कर दिया। यह प्रक्षेपण उड़ान भरने से लगभग 92 सेकंड पहले रद्द किया गया। अग्निकुल कॉसमॉस ने तकनीक खामियों का हवाला दिया है। अग्निबाण एक सेमी क्रायोजेनिक रॉकेट है और 22 मार्च से अब तक इसके परीक्षण का यह तीसरा प्रयास था। यह परीक्षण उड़ान श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में अग्निकुल लॉन्च पैड पर आयोजित होने वाला था।

## 'सांप्रदायिक भावनाएं भड़का रही भाजपा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियां तृणमूल कांग्रेस के नेताओं से कह रही हैं कि वे या तो भाजपा में शामिल हों या कार्रवाई का सामना करें। बनर्जी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और आयकर विभाग जैसी एजेंसियां भाजपा की शाखाओं की तरह काम कर रही हैं। पुरुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को परेशान करने के लिए एनआईए, ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। वे बिना किसी पूर्व सूचना के छापेमारी कर रहे हैं और घरों में घुस रहे है। जब सभी रात में अंधेरे में सो रहे होंगे, कोई उनके घर में घुस जाए तो महिलाएं क्या करेंगी? बनर्जी शनिवार को भूपतिनगर की घटना का जिक्र कर रही थीं, जहां एनआईए की एक टीम पर भीड़ ने हमला किया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि एजेंसियां उनके नेताओं और कार्यकताओं से कह रही हैं कि या तो भाजपा में शामिल हों या कार्रवाई का सामना करें।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ 'सामूहिक उपवास'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी के नेताओं ने रविवार को देशभर में सामूहिक उपवास किया। पार्टी के बड़े नेता दिल्ली के जंतर-मंतर पर सुबह उपवास के लिए पहुंचे। आम आदमी पार्टी की मांग है कि शराब नीति घोटाले में 21 मार्च को गिरफ्तार हुए केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए। उन्हें ईडी ने झूठे मुकदमे में फंसाया है। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि तानाशाही के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। आओ मिलकर देश के बेटे केजरीवाल के समर्थन में आवाज बुलंद करें। उल्लेखनीय है कि इससे पहले आप ने 26 मार्च को भी देशभर में प्रदर्शन किया था। दिल्ली में पार्टी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री आवास का घेराव करने भी निकले थे, लेकिन उन्हें रास्ते में रोककर पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया था। इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी ने केजरीवाल को आशीर्वाद कैंपेन शुरू किया। इसके दूसरे चरण में सामूहिक उपवास रखा गया है। दिल्ली के अलावा देश के बाकी राज्यों भी आप कार्यकर्ता एकजुट हुए हैं।

**मंत्री आतिशी और मेयर शैली भी पहुंचीं:** दिल्ली के जंतर मंतर पर सुरक्षा को लेकर भी पुलिस मुस्तैद नजर आई।



**प्रदर्शन**

8 आप की मांग है कि शराब नीति घोटाले में 21 मार्च को गिरफ्तार हुए केजरीवाल को रिहा किया जाए।

## तेजस्वी ने पीएम मोदी से पूछे चुभते सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार-प्रसार का दौर शुरू हो गया है। एनडीए की ओर से खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव मैदान में रैलियों के जरिये मोर्चा संभाल लिया है। दूसरी ओर, विपक्ष के खेमे में बिहार में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव व अन्य कई नेता मैदान में उतर गए हैं। प्रधानमंत्री की इस रैली के पूर्व नेता



प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भ्रष्टाचार के मसले पर प्रधानमंत्री पर जोरदार हमला बोला है। **तेजस्वी ने अपनी पोस्ट में क्या कुछ लिखा:** तेजस्वी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि इंस्टीटयूशनल, आगेर्नाइज्ड और सिस्टमेटिक करप्शन यानी भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए विपक्ष और विपक्षी नेताओं को भ्रष्टाचारी तथा घोटालेबाज क्यों बताते हैं।

रैली में उन्हें बताना चाहिए कि विपक्ष के सभी कथित भ्रष्टाचारी नेताओं ने सीबीआइ, ईडी, आइटी की मदद से कैसे भाजपा की सदस्यता ली।

## विवि को नई ऊंचाई देने में गैर-शैक्षणिक कर्मचारी भी अब बंटाएंगे हाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विश्वविद्यालयों में किसी भी छात्र के दाखिला लेने के दौरान उसका सामना सबसे पहले उन गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों से होता है, जिनका छात्र की पढ़ाई से कोई सीधा वास्ता नहीं होता है, लेकिन उनका बात-व्यवहार और दक्षता छात्र के मन में संस्थान को लेकर नई छवि गढ़ता है।

**गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण:** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत विश्वविद्यालयों को विश्वस्तरीय बनाने में जुटे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने फिलहाल इस दिशा में एक बड़ी पहल की है। विश्वविद्यालयों में काम करने सभी गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को क्षमता निर्माण से जुड़ा एक विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसका उन्हें प्रमाण-पत्र भी मिलेगा। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इसको पदोन्नति और वेतन-वृद्धि आदि से भी जोड़ दिया जाएगा।




## ..तो राहुल को हट जाना चाहिए: प्रशांत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सुझाव दिया है कि अगर कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिले तो राहुल गांधी को कदम पीछे खींचने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए अपनी पार्टी चला रहे हैं और पिछले 10 वर्षों में काम करने में असमर्थता के बावजूद वह न तो अलग हट सकते हैं और न ही किसी और को कांग्रेस का नेतृत्व करने दे सकते हैं। किशोर ने कहा, "मेरे अनुसार यह भी अलोकतांत्रिक है।" किशोर ने कहा, "जब आप पिछले 10 साल से एक ही काम कर रहे हैं और उसमें कोई सफलता नहीं मिली है, तो ब्रेक लेने में कोई बुराई नहीं है... आपको इसे किसी और को पांच साल के लिए करने देना चाहिए।" अपने पति राजीव गांधी की हत्या के बाद राजनीति से दूर रहने और 1991 में पीवी नरसिम्हा राव को कार्यभार संभालने के सोनिया गांधी के फैसले को याद करते हुए उन्होंने कहा, "आपकी मां ने भी ऐसा ही किया था।" उन्होंने कहा, "दुनिया भर में अच्छे नेताओं की एक प्रमुख विशेषता यह है कि वे जानते हैं कि उनके पास क्या कमी है और सक्रिय रूप से उन कमियों को भरने के लिए तत्पर रहते हैं।" किशोर ने कहा, "राहुल गांधी को ऐसा लगता है कि वह सब कुछ जानते हैं। अगर आप मदद की जरूरत को नहीं पहचानते तो कोई भी आपकी मदद नहीं कर सकता। उनका मानना है कि उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो उन्हें जो सही लगता है उसे क्रियान्वित कर सके।



## बंगाल: एनआईए के खिलाफ केसा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में पूर्वी मिदनापुर में एनआईए टीम पर हमले को लेकर राज्य में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का माहौल शुरू हो गया है। इस बीच गिरफ्तार टीएमसी नेता मोनोब्रता जाना की पत्नी की शिकायत पर एनआईए टीम और सीआरपीएफ अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। दरअसल, टीएमसी नेता की पत्नी ने आरोप लगाया कि एनआईए अधिकारियों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की।

## एआई-मशीन के जरिए पता चलेगा मौसम का ताजा हाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मौसम के हालात पर अब आर्टिफिशियल एजेंसी के तहत नजर रखी जाएगी। मौसम के बेहतर पूवार्नुमान में अक और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। आईएमडी के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि आने वाले वर्षों में पूवार्नुमानों में सुधार के लिए इसे अन्य क्षेत्रों में भी विस्तारित किया जाएगा।

**स्पेशल टीम की गई गठित:** डीजी महापात्र ने कहा कि इस एआई-आधारित टूल के विकास का नेतृत्व करने के लिए आईएमडी और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) की एक विशेषज्ञ टीम तैयार की गई है। एआई और मशीन लर्निंग में उनकी विशेषज्ञता का उपयोग करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग स्थापित किया गया है।

**2-3 सालों में होगा विस्तार:** आईएमडी महानिदेशक ने कहा, 'आईएमडी मौसम पूवार्नुमान के लिए एआई-आधारित उपकरण के विकास पर काम कर रहा है। इस उद्देश्य के लिए, विशेषज्ञों की एक टीम बनाई गई है। इसके अलावा आईएमडी एआई आधारित उपकरणों के विकास के लिए आईआईटी आदि जैसे विभिन्न संस्थानों के साथ भी सहयोग कर रहा है। आईएमडी ने एआई टूल का मामूली उपयोग शुरू कर दिया है, लेकिन 2-3 वर्षों में इसका विस्तार होगा।' विशेषज्ञों ने कहा कि मौसम विभाग की पहल से पूवार्नुमान के तरीकों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, जिससे देश को अधिक सटीक और समय पर मौसम पूवार्नुमान उपलब्ध होंगे।



**तकनीक**

8 आने वाले वर्षों में पूवार्नुमानों में सुधार के लिए इसे अन्य क्षेत्रों में भी विस्तारित किया जाएगा : मृत्युंजय

## पुडुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा: एमके स्टालिन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पुडुचेरी:** डीएमके अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को कहा कि अगर इंडिया ब्लॉक लोकसभा चुनाव के बाद सत्ता में आता है तो पुडुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा। बता दें, कांग्रेस उम्मीदवार और मौजूदा सांसद वी वैथिलिंगम के लिए समर्थन मांगते हुए स्टालिन यहां एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि डीएमके और कांग्रेस पुडुचेरी को पूर्ण राज्य बनाने को लेकर दृढ़ हैं।

**रंगासामी केंद्र के हाथों की कठपुतली:** सीएम स्टालिन ने इस बात पर जोर दिया कि पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगासामी केंद्र के हाथों की कठपुतली हैं। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि न केवल तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों के अधिकारों की रक्षा की जानी चाहिए, बल्कि पुडुचेरी जैसे केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारों की भी रक्षा की जानी चाहिए।'

**हमला बोला** विपक्षी दल भारत के मूल विचार को नहीं समझ रहा है, इसके लिए कांग्रेस की इतालवी संस्कृति को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए

## जम्मू-कश्मीर पर हर राज्य और नागरिक का अधिकार: शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गृह मंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370 हटाने को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे के बयान को आड़े हाथों लेते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। खरगे ने अनुच्छेद 370 हटाने का मुद्दा राजस्थान में उठाने के लिए सत्तारूढ़ दल पर तंज कसा था। इस पर पलटवार करते हुए अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दल भारत के मूल विचार (आइडिया ऑफ इंडिया) को नहीं समझ रहा है। इसके लिए कांग्रेस की इतालवी संस्कृति को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। गृह मंत्री शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं ने एक्स पर खरगे के भाषण का एक वीडियो क्लिप साझा किया। इसमें अनुच्छेद 370 हटाने का मुद्दा राजस्थान में उठाने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष को सत्तारूढ़ भाजपा पर तंज कसते हुए सुना जा सकता है। वीडियो क्लिप में खरगे कह रहे हैं- अरे भाई, यहां के लोगों से क्या वास्ता है? खरगे ने गलती से अनुच्छेद 370 को अनुच्छेद 371 भी कह दिया।

**कांग्रेस अध्यक्ष पर बरसे शाह:** कांग्रेस अध्यक्ष पर पलटवार करते हुए शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, खरगे ने जो कहा, उसे सुनना शर्मनाक है। उन्होंने विपक्षी पार्टी को याद दिलाया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। इस पर हर राज्य और नागरिक का अधिकार है, जैसे जम्मू-कश्मीर के लोगों का देश के बाकी हिस्सों पर अधिकार है।

**'कांग्रेस को जवाब देगी जनता:** कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि पार्टी को पता नहीं है कि राजस्थान के कई वीर सपूतों ने कश्मीर में शांति और सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। गृह मंत्री ने कहा, यह केवल कांग्रेस नेताओं की गलती नहीं है। यह मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी की इतालवी संस्कृति है, जो भारत के विचार को नहीं समझने के लिए दोषी है।



**बरसे शाह**

8 यह मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी की इतालवी संस्कृति है, जो भारत के विचार को नहीं समझने के लिए दोषी है।

## आईएनएस शारदा जहाज हुआ सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** **कोच्चि** में दक्षिणी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार ने सफल समुद्री डकैती विरोधी अभियान चलाने के लिए आईएनएस शारदा को ऑन द स्पॉट यूनिट प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। यह जहाज ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज ओमारी के सभी 19 चालक दल के सदस्यों की सुरक्षित रिहाई में शामिल था, जिसमें 11 ईरानी और 08 पाकिस्तानी नागरिक थे। इस जहाज को सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं ने बंधक बना लिया था। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस शारदा को अपहृत ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज ओमारी को समुद्री लुटेरों के कब्जे से मुक्त कराने का जिम्मा सौंपा गया था। भारतीय जहाज ने रातभर गोपनीय खोज जारी रखने के बाद 01 फरवरी की रात में ईरानी जहाज को रोक लिया और 02 फरवरी को सुबह हेलीकॉप्टर और उसके बाद प्रहार टीम को उतारा गया। भारतीय टीम की आक्रामकता से समुद्री डाकू चालक दल और ईरानी जहाज को सुरक्षित रूप से छोड़ने के लिए मजबूर हुए। इसके बाद अपहृत मछली पकड़ने वाले जहाज और उसके चालक दल को सोमाली समुद्री डाकुओं से छुड़ा लिया गया।

नौसेना की ओर से समुद्री डकैती रोधी अभियानों के लिए तैनात जहाज और मिशन के अथक प्रयास ने हिंद महासागर क्षेत्र में नाविकों की सुरक्षा बढ़ाने के भारतीय नौसेना के संकल्प को बरकरार रखते हुए समुद्र में बहुमूल्य जिंदगियां बचाईं।



**अभियान**

8 हिंद महासागर क्षेत्र में नाविकों की सुरक्षा बढ़ाने के भारतीय नौसेना के संकल्प को बरकरार रखी

# कांग्रेस का नेतृत्व ही भ्रष्टाचारी है : मनोहर लाल

## कांग्रेस का तो नेतृत्व ही भ्रष्टाचारी है और अब कांग्रेस में हार के डर से कोई भी नेता चुनावी मैदान में उतरने को तैयार नहीं हैः पूर्व सीएम मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रोहतक में पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस का तो नेतृत्व ही भ्रष्टाचारी है और अब कांग्रेस में हार के डर से कोई भी नेता चुनावी मैदान में उतरने को तैयार नहीं है। पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा की लोकसभा चुनाव की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और पार्टी ने चुनावी अभियान भी चलाया हुआ है। लोकसभा और विधानसभा स्तर पर चुनाव कार्यालय खोले जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की कार्यकताओं से लेकर पन्ना प्रमुखों तक की बैठकें भी संपन्न हो चुकी है। प्रदेश में चल रही जनसभाओं पर बोलते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि 40 जनसभाओं की तिथियां तय हो चुकी है और बाकी बची विधानसभाओं की तिथियां भी जल्द ही तय हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि 12 या 13 अप्रैल तक जनसभाएं अभी और होंगी।

**अभियान**

**8 लोकसभा चुनाव की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और पार्टी ने चुनावी अभियान भी चलाया हुआ है**

उन्होंने कहा कि फसली सीजन के कारण 10 दिनों तक जनसभाओं को रोका जाएगा। 25 अप्रैल के बाद जनसभाओं का दौर फिर से शुरू हो होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रत्याशियों के नामांकन होने तक सभी विधानसभाओं में जनसभाओं का कार्यक्रम पूरा कर लिया जाएगा। मनोहर लाल ने कहा कि 6 मई से पहले भाजपा के सभी प्रत्याशियों का नामांकन का काम पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी के दस के दस प्रत्याशी तैयारियों के साथ चुनावी मैदान में डंटे हुए हैं। पत्रकार के एक



सवाल पर पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस चुनावी प्रचार में पिछड़ गई है और भाजपा को निश्चित तौर पर इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि भाजपा 10 की 10 लोकसभाओं में कमल खिलाएगी।

कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा में देरी होने के सवाल पर पूर्व सीएम ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस में जूतमपजार के कारण प्रत्याशियों की घोषणा में देरी हो रही है। भाजपा के उम्मीदवारों की घोषणा होने से विरोधी खेमों के नेताओं में इतनी घबराहट है कि कांग्रेस किसी के गले में माला डालना भी चाहे तो कोई नेता स्वीकार करने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र है, इसलिए हम तो चाहेंगे कि कांग्रेस के उम्मीदवार भी जल्द तय होने चाहिए ताकि हमें भी पता लगे कि दूसरे पाले के किस खिलाड़ी से हमारा मुकाबला है।

दूसरी पार्टियों के नेता भाजपा में आ रहे हैं इस सवाल का जवाब देते हुए मनोहर लाल ने कहा कि अभी और भी नेता भाजपा में आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि जिनको यह लगता है कि कांग्रेस में कुछ है ही नहीं तो भाजपा में आ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरी पार्टियों से आने वाले नेताओं को पता है कि भाजपा में चुनाव लड़ने का स्कोप भी नहीं है तो भी वे इसलिए आ रहे हैं कि कांग्रेस के अंदर लड़ने से अच्छा है कि भाजपा में आकर जनसेवा का कार्य करें। मनोहर लाल ने कहा कि चुनाव के अंदर बूथ स्तर तक काम करना हमारे सिस्टम का अंग है। भाजपा 10 की 10 सीटें बड़े मार्जिन से जीतेगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में मजबूत सरकार तीसरी बार बनेगी। भाजपा का लक्ष्य 370 और एनडीए 400 पार के लिए भाजपा का हरेक कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ काम कर रहा है। पार्टी उम्मीदवार के लिए गोपाल कांडा द्वारा प्रचार की बात कहने के सवाल पर मनोहर लाल ने कहा कि गोपाल कांडा सरकार को समर्थन कर रहे हैं, लेकिन वे सरकार में नहीं हैं। कांग्रेस के मैनीफेस्टों के बारे में बोलते हुए मनोहर लाल ने कहा कि किसी भी मैनीफेस्टों का महत्व तब होता है जब उस पार्टी का उम्मीदवार मैदान में हो। कांग्रेस का मैनीफेस्टों कागजी कार्रवाई है। कांग्रेस की चुनाव के लिए अभी कोई तैयारी नहीं है। पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर,कोषाध्यक्ष अजय बंसल जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका,प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया समन्वयक राजकुमार कपूर,पूर्व वरिष्ठ उप महापौर राजकमल सहगल,जिला महामंत्री आशा शर्मा ,धर्मवीर शर्मा जिला उपाध्यक्ष वीर सिंह हुड्डा उदयभान मलिक मीडिया जिला प्रभारी तरुण सन्नी शर्मा, चाचा नाथी आदि समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे

# सीएम के आगमन से पहले किसानों का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबादः** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सिरसा लोकसभा क्षेत्र में जनसभा के लिए टोहाना पहुंचने से पहले विभिन्न किसान संगठनों ने अनाज मंडी के पास डाकघर के समीप एकत्र होकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने लगभग 150 किसानों को अपनी हिरासत में लेकर प्रदर्शन स्थल से हटा दिया। दरअसल, रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह की लोकसभा उम्मीदवार डॉ. अशोक तंवर के समर्थन में पहली रैली अनाज मंडी में दोपहर बाद आयोजित होनी थी। किसान संगठनों की मुख्यमंत्री का विरोध करने की चेतावनी के बाद पुलिस अलर्ट थी। किसान संगठनों के पदाधिकारी सुबह ही रेलवे रोड पर अनाज मंडी के बाहर डाकघर के पास आकर जमा हो गये थे। ये किसान अपने संगठनों के झंडे तथा काले झंडे हाथों में लिए थे। संयुक्त किसान मोर्चा, भाकियू तथा पगड़ी संभाल जट्टा संगठन के पदाधिकारी

**विरोध**

**8 पुलिस ने लगभग 150 किसानों को अपनी हिरासत में लेकर प्रदर्शन स्थल से हटा दिया**

अपने सदस्यों के साथ प्रदर्शन करने पहुंच गए थे। शहर थाना प्रभारी बलवान सिंह, सदर थाना प्रभारी देवीलाल, गुप्तचर विभाग सहित मौके पर तैनात थे। डीएसपी ने प्रदर्शनकारियों से अपील की कि वह प्रदर्शन कर रास्ता छोडकर अपनी समस्या का समाधान शांतिपूर्ण बातचीत के साथ हल करवाने का काम करें। किसान नेता मंदीप नथवान, लाभ सिंह, हरि सिंह, मंजीत सिंह पूर्णमाजरा और रमेश डांगरा आदि ने भाजपा सरकार पर किसानों को परेशान करने तथा वादा खिलाफी का आरोप लगाया।

## न्यूज फ्लैश

### डबवाली में कबाड़ के गोदाम में अचानक भडकी आग से हजारों का नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरास:** डबवाली में सिरसा रोड पर स्थित डेरा मनसा दास के पीछे एक कबाड़ के गोदाम में शनिवार को आग लग गई। आग पर करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की दो गाडियों ने काबू पाया। कबाड़ का कार्य करने वाले नरेश कुमार हर रोज की तरह करीब शाम 7 बजे लॉक लगाकर गया था। उसके पड़ोसी ने रात 9:50 पर फोन किया कि उसके कबाड़ के गोदाम में अचानक आग लग गई है। आग लगने की सूचना पाकर वह तुरंत अपने गोदाम पहुंचा। इसी दौरान फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की दो गाडियों ने करीब आधे घंटे के प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया। नरेश कुमार के अनुसार आग के कारण उसका करीब 35 हजार रुपए का नुकसान हो गया है। यदि आग पर समय रहते काबू न पाया जाता तो गोदाम में एक पिकअप गाड़ी भी खड़ी थी वह भी इसकी चपेट में आ सकती थी।

### बदमाशों ने एटीएम कार्ड बदलकर फौजी की पत्नी से धोखाधड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल:** फौजी की पत्नी से दो युवकों ने चालाकी से एटीएम कार्ड बदलकर 48 हजार रुपये निकालने का मामला रविवार को सामने आया है। सूबेदार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद ठगों की पहचान कर जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार सेवली गांव निवासी सूबेदार गंगाराम ने पुलिस को शिकायत में कहा है कि उसकी पत्नी होडल के जगजीवन राम चौक स्थित एटीएम बूथ पर दस हजार रुपये निकालने गई थी। उसी समय दो अज्ञात युवक एटीएम बूथ में आये और उसकी पत्नी से धोखाधड़ी कर उसका एटीएम कार्ड बदल दिया।

दरअसल, जब उसकी पत्नी एटीएम मशीन से पैसे निकाल रही थी उसी दौरान उक्त आरोपी ने उसका एटीएम पिन नंबर देख लिया। इसके बाद आरोपी ने उनके खाते से चार बार में फरीदाबाद बस स्टैंड स्थित एक्सिस बैंक की एटीएम मशीन से 10-10 हजार रुपये निकाल लिए। बाकी आठ हजार रुपये कहीं और से निकाले गए। ठगों ने पीड़ित सूबेदार के खाते से कुल 48 हजार रुपये निकाल लिये। सूबेदार ने बताया कि जैसे ही उसे पैसे कटने की जानकारी हुई तो उसने एटीएम कार्ड बंद कर दिया। इसके बाद बैंक अधिकारियों से भी शिकायत की गई, जो कार्रवाई कर रहे हैं। होडल थाना प्रभारी मोहम्मद इलियास ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित ने होडल थाने में लिखित शिकायत देकर ठगी गई रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग के आधार पर ठगों की पहचान शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही ठगों को गिरफ्तार कर पीड़ित के पैसे वापस दिलाए जाएंगे।

### गेहूं की फसल निकालते समय ट्रैक्टर में शॉर्ट सर्किट से हुआ ब्लास्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल:** पलवल में गेहूं की फसल निकालते समय ट्रैक्टर में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आगने का मामला रविवार को सामने आया है। ट्रैक्टर की टंकी ने आग पकड़ने के कारण जबरदस्त ब्लास्ट हुआ, जिससे ट्रैक्टर पूरी तरह जलकर राख हो गया। गनीमत रही इस आगजनी में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फॉयर बिग्रेड की टीम और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार भैंडोली गांव निवासी किसान अमरचंद ने अपने खेतों पर गेहूं के लॉक को ट्रैक्टर-मशीन से निकाल रहा था। फसल निकालने के बाद जब वह ट्रैक्टर को बंद करने के लिए गया तो ट्रैक्टर की वायरिंग में अचानक शार्ट-सर्किट होने से आग लग गई। आग को बुझाने के लिए उन्होंने आस-पास पड़ी मिट्टी से प्रयास किया, लेकिन आग बुझने की बजाए तेज होती चली गई और देखते ही देखते पूरे ट्रैक्टर ने आग पकड़ ली। आग को बढ़ती देख किसान व उसका पूरा परिवार ट्रैक्टर से दूर हो गया। आग लगती देख गांव के अन्य लोग भी वहां पहुंच गए और आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया।

# क्राइम ब्रांच ने 300 पेटी देसी शराब से भरा ट्रक पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**

यमुनानगरः पुलिस क्राइम ब्रांच ने शहर के महाराणा प्रताप चौक के पास से रविवार दोपहर को शराब से लदा एक ट्रक पकड़ लिया। ट्रक से देसी शराब की 300 पेटियों बरामद होने पर ट्रक चालक को हिरासत में लेकर केस दर्ज किया गया। इंचार्ज यादविंदर सिंह ने बताया कि अपराध शाखा-1 की टीम को सूचना मिली थी कि जयबीर सिंह एल-13 गोदाम से बिना लाइसेंस व परमिट के शराब लेकर आ रहा है। इस सूचना पर टीम ने महाराणा प्रताप चौक के पास रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने ट्रक को जांच के लिए रोक लिया। ट्रक चालक रणजीत कालोनी निवासी जयवीर सिंह ने पूछताछ में बताया कि गाड़ी में देसी शराब की पेटियां हैं। इन पेटियों के संबंध में फार्म एल-32 परमिट नंबर दिखाया लेकिन वह ट्रांजिट पास व मार्का डिटेल के दस्तावेज नहीं दे सका। चालक जयवीर सिंह को हिरासत में लिया। ट्रक से 100 पेटी बोतल, 100 पेटी अद्धा व 100 पेटी पव्वा बरामद हुई। जांच में पता लगा कि यह शराब एसएम वाइन फर्म के जगाधरी बस स्टैंड के नजदीक स्थित एल-13 गोदाम से मंगवाई गई है। पुलिस ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया है।

# श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने में जुटे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीः गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबादः** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि 2024 का लोकसभा चुनाव न मोदी जी के लिए है न कृष्णपाल के लिए है बल्कि यह चुनाव देश के भविष्य के लिए है। 2014 से पहले का भारत क्या था और आज दस साल बाद भारत कहां खड़ा है। देश को मोदी के रूप में ईमानदार व मजबूत प्रधानमंत्री मिला है, जिसका डंका पूरे विश्व में बज रहा है। यह बात उन्होंने चुनावी अभियान के तहत तिगांव क्षेत्र के गांव भतौला में भाजपा नेता नेत्रपाल चंदीला द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे।



इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक राजेश नागर भी मौजूद थे।कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि ये भारत मोदी ने बनाया है, जो न किसी के सामने झुकेगा और न ही दबेगा बल्कि पूरी ताकत से समाज को बांटने वाली बुराईयों का सामना करेगा। इस दौरान समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर एवं विधायक राजेश नागर का फूल मालाओं व सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर स्वागत कर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का आश्वासन दिया।

# आप ने किया शांतिपूर्ण उपवास

**टीम एक्शन इंडिया**

फतेहाबादः दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में देशव्यापी उपवास के तहत रविवार को टोहाना शहर के शहीद चौक पर शांतिपूर्ण उपवास पर बैठे आप पार्टी के कार्यकताओं को पुलिस प्रशासन ने गिरफ्तार कर लिया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व हरियाणा प्रदेश संयुक्त सचिव सुखविंद्र सिंह गिल ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार पूरी तरह तानाशाह हो चुकी है। आम आदमी के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता अपने मौलिक अधिकारों के प्रति जागरुक है।

# हिसारः पुत्र व पोत्री ने महिला को पीटा, कान भी काट डाला, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसारः** रविवार को जिले के कस्बे बरवाला के वार्ड 12 स्थित एक वृद्धा पर उसकी पुत्र व पोत्री ने चप्पल चोरी का आरोप लगाते हुए मारपीट की और कान काट दिया। महिला को उपचार के लिए जिले के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। चाकू के वार से महिला का कान अलग हो गया। बरवाला में वार्ड नंबर 12 में रहने वाली 75 साल की अंगूरी ने रविवार को पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह घरेलू कार्य करती है। उसके पति का स्वर्गवास

**केस दर्ज**

**8 बरवाला में वार्ड नंबर 12 में रहने वाली 75 साल की अंगूरी ने शिकायत में कहा है कि वह घरेलू कार्य करती है**

हो चुका है और उसके चार बेटे है। इनमें बड़ा रामनिवास, उससे छोटा सुभाष, उससे छोटा सूरजभान व सबसे छोटा राजेश था। सूरजभान व राजेश का स्वर्गवास हो चुका है। शनिवार सुबह 7.30 बजे वह घर पर थी। पोता अंशुल नहा रहा था जबकि पुत्र वधु सरोज व पोता रवि खेत में गेहू काटने गए थे। अंगूरी के अनुसार उस दौरान बेटा सुभाष व पोती कौशल्या मोटरसाइकिल पर आए और अंदर आते ही उसे चप्पलों से पीटने लगे।

दोनों उसे बाहर खींचकर ले आये और जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपने घर पर ले गये। वहां पर पोती बिंदू व उसका पति डांगरा निवासी रविन्द्र, पुत्रवधु भतेरी थी। सुभाष व पोती बिन्दू व कौशल्या उसे फिर से चप्पलों से पीटने लगे।

# सच कहता हूं तब ही आजादी आई थी...

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसारः** आर्य समाज, मॉडल टाऊन में चल रही पांच दिवसीय वेद कथा रविवार को धूमधाम के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः हवन से हुई। कर्मवीर, कृष्ण कुमार खुराना, ध्रुव अहलावत, सुमन बत्रा, साधना मेहता, कंचन डुडेजा ने यजमान बनकर यज्ञ में आहुतियां दी।

जिस घर में हो प्यार, हो पितरों का सत्कार। खुश रहते हो नर-नार, वह घर कितना सुंदर है। जिस घर में पाप छल से आती ना हो कमाई, विष के समान समझे जो संपदा पराई। इस घर में सुख और आनंद होता है.. .।

# टापू माजरी के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का किया बहिष्कार

**टीम एक्शन इंडिया**

यमुनानगरः यमुना नदी के पार उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे हरियाणा के गांव टापू माजरी के लोगों ने पुल बनाने की लंबित मांग के विरोध में रविवार सुबह प्राथमिक स्कूल में पंचायत कर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय ले लिया। गांव के बिरम सिंह और श्याम कुमार ने बताया कि यमुना नदी के पार हमारे गांव टापू माजरी और घोड़ों पिपली के लोगों को यमुनानगर शहर में आने जाने के लिए लगभग 25 किलोमीटर ऊपर गांव शाहजहांपुर, कलानौर से घूमकर आना जाना पड़ता है, या फिर यमुना नदी में नाव के माध्यम से आना जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि ना केवल बारिश के मौसम में बल्कि आज भी लोगों को अपने दैनिक कार्यों के लिए यमुनानगर में नाव के सहारा ही आना जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि हमारी यमुना पुल बनाने की मांग बहुत पुरानी है। किसी भी सरकार ने इसें पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि यमुनानगर के भाजपा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भी विधानसभा के सत्र में इस विषय पर सवाल उठाया था। लेकिन सरकार ने इस और कोई ध्यान

**विरोध**

**8 गांव टापू माजरी की आबादी 800 और गांव घोड़ों पिपली की आबादी 1600 के लगभग है**

नही दिया। उन्होंने कहा कि 10 साल से भाजपा की सरकार प्रदेश में भी है और केंद्र में भी है। लेकिन सरकार के आश्वासन के बावजूद भी हमारी इस समस्या का समाधान नहीं किया गया है। जिसके विरोध में आज ग्रामवासियों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय ले लिया है। यह भी निर्णय लिया गया है कि वें किसी भी पार्टी के उम्मीदवार को वोट मांगने के लिए गांव में आने पर बहिष्कार करेंगे। उन्होंने बताया कि यमुना नदी पर यह पुल गांव बीबीपुर और मुकारमपुर के बीच बनना है।

गांव टापू माजरी की आबादी 800 और गांव घोड़ों पिपली की आबादी 1600 के लगभग है। इस मौके पर सरपंच अजय कुमार, अमन कुमार, पूर्व सरपंच गांधीराम, पूर्व सरपंच प्रवीण कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहें।

# जयंती देवी की प्रतिमा को खजाने से बाहर लाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींदः** पांच दशक पहले जींद में सोने से बनी मां जयंती देवी की जिस प्रतिमा का दीदार करने के लिए पूरा शहर घरों और दुकानों से बाहर आ जाता था, ऐसा ही धर्म के प्रवाह से भरा हुआ नजारा नौ अप्रैल से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्रों में देखने को मिलना चाहिए। इसके लिए महाभारत कालीन मंदिर से बड़ी मांग उठी है। श्री जयंती देवी मंदिर सिद्धपीठ के पुजारी नवीन कुमार शास्त्री और श्रद्धालुओं ने रविवार को यह आवाज बुलंद की है। मंदिर पुजारी नवीन कुमार शास्त्री, श्रद्धालु ओमप्रकाश शर्मा, रोहित गोयल, कपिल गर्ग, इंद्रजीत

**चैत्र नवरात्रा**

**8 मां जयंती देवी की प्रतिमा को सुरक्षा का हवाला देकर उसे सरकारी खजाने में रख दिया**

कालरा, अजमेर गौतम, सुमित शर्मा, रजनीश आहुजा आदि मां के भक्तों ने कहा कि 1970 से पहले नवरात्रों के दिनों में सोने से बनी मां जयंती देवी की प्रतिमा के साथ पूरे जींद शहर में शोभा यात्रा निकाली जाती थी। जींद की ईष्ट देवी का दीदार कर अपनी अर्जी लगाने के लिए लोग घरों और दुकानों से निकल कर सड़कों के दोनों ओर खड़े हो जाते थे। उस समय मां के दीदार के दौरान बड़े उत्सव की महक दूर-दूर तक जाती थी। किंतु सरकार ने सोने से बनी मां जयंती देवी की प्रतिमा को सुरक्षा का हवाला देकर उसे सरकारी खजाने में रख दिया। पुजारी नवीन कुमार शास्त्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की ओर से मंदिर प्रांगण में नौ से 17 अप्रैल के बीच प्रतिदिन हवन, भजन संध्या, भव्य आरती और भंडारे का आयोजन होगा। नवरात्रों की 14 की रात को भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। इसी रात और सुबह मंदिर में सप्तमी का मेला लगता है। जागरण और मेले की व्यवस्था के लिए श्रद्धालु स्वयं सेवक के तौर पर अपना कर्तव्य निभाते है।

**अवैध पर्ची काटने वालों की एसपी कार्यालय में दी शिकायतः** जयंती देवी मंदिर के प्रांगण में एक दिन और एक ही समय दो-दो जागरणों को लेकर उठे सवाल के जवाब में पुजारी नवीन कुमार शास्त्री, श्रद्धालु ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि मंदिर श्रद्धालुओं द्वारा प्रशासन की अनुमति से जागरण किया जा रहा है। यदि मंदिर में कोई ओर जागरण कर रहा है तो वह पूरी तरह से अवैध है।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

फरीदाबादः बैंक के द्वारा नीलामी के लिए एमएसटीसी नीलामी साइट पर छोड़ी गई जमीन को सस्ते दामों में दिलवाने के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर ठगी कर ली गई। आरोपी को रविवार को ईओडब्लू एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनोज मूल रुप से अम्बाला जिले के बलदेव नगर का तथा वर्तमान में सेक्टर-75 फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस टीम ने दिल्ली कनॉट प्लेस से गिरफ्तार किया है। आरोप के खिलाफ मोहना के रहने वाले मुकेश के द्वारा ठगी की शिकायत दी थी। जिसमें आरोपी ने बैंक में गिरवी रखी जमीन को सस्ते दामों में दिलवाने के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर 1,29,64,783रु की ठगी को अंजाम दिया था। आरोपी ने कैली गांव में 3700 वर्ग गज खाली जमीन को सस्ते दामों में दिलाने का लालच देकर, फर्जी दस्तावेज मेल आईडी तैयार करके शिकायतकर्ता की फर्म के खाते से 51,64,783/-रु व 78 लाख रुए दो बारईओडब्लू एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार की टीम ने एमएसटीसी पोर्टल पर अपनी रजिस्टर कराई गई फर्म से चालान तैयार कर ठगी को अंजाम दिया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने अपनी फर्म वर्ष 2019 में स्क्रैप का काम करने के लिए बनाई थी। जिसको आरोपी ने एमएसटीसी नीलामी साइट रजिस्टर कर लिया था।

आरोपी बैंक के द्वारा नीलामी के लिए एमएसटीसी नीलामी साइट पर छोड़ी गई जमीन की जानकारी एमएसटीसी नीलामी साइट से निकालकता था और दस्तावेज में एडिट कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर ठगी की वारदात को अनजाम देता था।

# बीईओ द्वारा शिक्षकों को मारने संबंधी ब्यान पर मचा बवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबादः** फतेहाबाद के खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक शिक्षकों को मारने सम्बंधी दिए गए ब्यान पर जमकर बवाल मचा हुआ है। प्रदेश के तीन प्रमुख शिक्षक संगठनों राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ व हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन ने अधिकारी के इस ब्यान की कड़े शब्दों में निंदा की है। संगठनों का कहना है कि ऐसे अधिकारी को तुरंत शिक्षक वर्ग से माफी मांगनी चाहिए। इस ब्यान पर अधिकारी से जवाब तलब करने को लेकर तीनों शिक्षक संगठनों द्वारा सोमवार 8 अप्रैल को दोपहर 3 फतेहाबाद में खंड शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद के कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। राजकीय प्राथमिक



शिक्षक संघ के जिला प्रधान विकास टुटेजा ने बताया कि तीन दिन पहले फतेहाबाद के खंड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र सिंह श्योराण द्वारा नामांकन अभियान व सरकारी स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा बच्चों का एडमिशन करवाने को लेकर पहले प्राइमरी स्कूलों के मुखिया व दोपहर को मिडल हैड की मीटिंग ली थी। इस बैठक में अधिकारी द्वारा प्राथमिक शिक्षकों को लेकर असभ्य भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि विभाग में कुछ टीचर इतने निकम्मे हैं कि उन्हें परमिशन मिल जाए तो

**निंदा**

**8 विद्यालय अध्यापक संघ व मास्टर वर्ग एसोसिएशन ने अधिकारी के इस ब्यान की कड़े शब्दों में निंदा की है**

रोज पांच टीचरों को मार दूं और कुल 50 टीचर को मार दूं तो उनका ब्लाक सही हो जाएगा।

विकास टुटेजा ने कहा कि शिक्षा विभाग में एक उच्च पद पर रहते हुए अधिकारी द्वारा इस तरह का ब्यान किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आज सरकारी स्कूलों के शिक्षक दिन-रात मेहनत कर स्कूलों में अधिक से अधिक बच्चों का दाखिला करवाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान सुरजीत दुसाद ने बीईओ के ब्यान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि एक तरफ शिक्षक वर्ग को समाज निमार्ता कहा जाता है वहीं कुछ ऐसे अधिकारी भी हैं जोकि इस वर्ग तौहिन करने को अपनी शान समझते हैं। बीईओ ने अध्यापकों के प्रति जिस असंवैधानिक भाषा का प्रयोग किया है, उससे अध्यापक वर्ग में काफी गुस्सा है। सोमवार को अध्यापकों द्वारा बीईओ कार्यालय पर धरना देकर अधिकारी से उनके ब्यान को लेकर सफाई मांगी जाएगी। हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन से रामेश्वर मताना ने भी बीईओ के इस ब्यान की निंदा की।

## न्यूज फ्लैश

### लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध शराब की तस्करी पर रहेगी कड़ी नजर: शांतनु

दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों के दौरान कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर कड़ी नजर रहेगी। आबकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी इस संबंध में कड़ी निगरानी रखें और समय-समय पर अधिकृत शराब ठेकों का रिकार्ड भी जांचेंगे । उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा आम चुनावों में आदर्श आचार संहिता के दौरान शराब की अवैध बिक्री, भंडारण एवं आपूर्ति पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए उचित कदम उठाए गए हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिए गए हैं कि चुनाव के दौरान कहीं भी शराब की अवैध बिक्री या भंडारण नहीं होना चाहिए। यदि कोई इस कृत्य में संलिप्त पाया जाए तो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई होगी। जिला प्रशासन द्वारा बाहर से आने वाली अवैध शराब को रोकने के लिए अंतरराज्यीय नाकों पर पुलिस अधिकारियों, एफएसटी और एसएसटी टीमों का भी गठन किया गया है जो वाहनों की जांच करेंगे। आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा मुख्य कार्यालय पंचकूला द्वारा राज्य स्तर पर नियंत्रण रखने के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।

### मलाइका ने किया झांग कॉलोनी स्थित कल्याण ज्वेलर्स के रोहतक के पहले शोरूम का उद्घाटन

टीम एक्शन इंडिया

**रोहतक: भारत की सबसे भरोसे**मंद और अग्रणी आभूषण कंपनियों में से एक, कल्याण ज्वेलर्स ने आज रोहतक के दिल्ली रोड पर स्थित झांग कॉलोनी में अपना नया शोरूम खोला। बॉलीवुड स्टार, मलाइका अरोड़ा ने इस शोरूम का उद्घाटन किया, जिसमें कल्याण ज्वेलर्स के विभिन्न संग्रहों से डिजाइन की



एक विस्तृत श्रृंखला पेश की गई है। ग्राहक यहां विश्व स्तरीय माहौल के साथ अनोखा अनुभव प्रदान करने वाली अत्याधुनिक सुविधाओं की उम्मीद कर सकते हैं। उत्साहित भीड़ को संबोधित करते हुए, बॉलीवुड स्टार, मलाइका अरोड़ा ने कहा, ह्लमुझे आज कल्याण ज्वेलर्स के नए शोरूम के उद्घाटन के लिए यहां उपस्थित होकर खुशी हो रही है। कल्याण ज्वेलर्स का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। यह एक ऐसा ब्रांड जो विश्वास, पारदर्शिता और ग्राहक-केंद्रितता के सिद्धांतों पर दृढ़ है। मुझे विश्वास है कि ग्राहक कल्याण ज्वेलर्स का गर्मजोशी से स्वागत करेंगे, साथ ही सेवा-समर्थित खरीदारी का आनंद लेंगे और कंपनी द्वारा पेश किए गए आभूषण संग्रह की विविध श्रृंखला से अपने लिए अनुकूल उत्पाद की तलाश करेंगे। कल्याण ज्वेलर्स के कार्यकारी निदेशक, श्री रमेश कल्याणरमन ने नए शोरूम के बारे में अपनी टिप्पणी में कहा, रोहतक में कल्याण ज्वेलर्स के नया शोरूम खोलने का उद्देश्य है, एक समग्र परितंत्र बनाकर और हमारे ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा कर, उनके खरीदारी के अनुभव को बढ़ाना। हम कंपनी की विश्वसनीयता और पारदर्शिता के विचार के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए, ग्राहकों को विश्व स्तरीय माहौल प्रदान कर, अपनी वृद्धि जारी रखना चाहते हैं। कल्याण ज्वेलर्स में, हम गुणवत्ता और सेवा पर ध्यान देने के साथ उत्कृष्ट और अद्वितीय आभूषण डिजाइनों की विशाल श्रृंखला पेश करना जारी रखेंगे। इस लॉन्च के मद्देनजर कल्याण ज्वेलर्स ने कई किस्म के रोमांचक ऑफर की घोषणा की है ताकि ग्राहकों को इस नए शोरूम से आभूषण की खरीद पर अधिकतम लाभ मिले। ब्रांड ने यह भी घोषणा की है कि कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट जो बाजार में सबसे कम और कंपनी के सभी शोरूमों में मानकीकृत है, वह नए शोरूम से आभूषणों की खरीद पर लागू होगा।

# 'दस सीटों पर खिलेगा भाजपा का कमल, पूर्वांचलवासी निभाएंगे अग्रणी भूमिका'

### भाजपा प्रदेश महामंत्री डा.अर्चना गुप्ता ने बढ़ाया पूर्वांचल प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का मनोबल

**चर्चा**

**8 पूर्वांचल प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर हुआ गंभीरता से मंथन**



टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** भाजपा प्रदेश महामंत्री डा.अर्चना गुप्ता ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हरियाणा की सभी दस सीटों पर भाजपा का कमल खिलेगा और इसमें प्रदेश में रहने वाले पूर्वांचल वासियों की अहम भूमिका होगी । लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने क्षेत्रों में रहने वाले पूर्वांचल के वोटरों को पूरी मजबूती के साथ पार्टी से जोड़ने के लिए तन्मयता के साथ जुटेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करते हुए 400 का आंकड़ा भी पार करेगी। डा.अर्चना गुप्ता पार्टी के स्थापना दिवस पर भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित पूर्वांचल प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित कर रही थीं।

डा.अर्चना गुप्ता ने पूर्वांचल प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जिलों में पूर्वांचल वासियों की कई संस्थाए जनहित के कार्यों में जुटी हुई हैं । पूर्वांचल प्रकोष्ठ के कार्यकताओं को इन समितियों के साथ बेहतर संबंध बनाने होंगे । उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर और लोगों से मिलकर सरकार की योजनाओं तथा पार्टी की नीतियों के बारे में जानकारी दें ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाकर लोगों का विश्वास जीतें । इस अवसर पर पूर्वांचल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक पवन प्रताप यादव, प्रदेश सह संयोजक अवधेश किशोर व संजय ठेकेदार, प्रदेश आईटी प्रमुख रंजू प्रसाद, प्रदेश महिला प्रमुख पुनिता झा, कला व सांस्कृतिक प्रमुख शंकर स्वरूप शास्त्री सहित सभी लोगों ने एक स्वर में डा.अर्चना गुप्ता को भरोसा दिलाया कि पूर्वांचल प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता पार्टी के उम्मीदों पर पूरी तरह से खड़े उतरेंगे ।

इस मौके पूर्वांचल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक पवन प्रताप यादव व प्रदेश सह संयोजक अवधेश किशोर के साथ जिला संयोजक राजनारायण सिंह, सह संयोजक निरंजन मास्टर, कन्हैया तिवारी व अजय चौहान, मंच संचालक अजय पांडेय, पंडित रामकृष्ण पाठक, समरेंद्र पांडेय, प्रेमा तिवारी, भावना, अर्पित मिश्रा आदि ने कार्यक्रम में पहुंचने पर डा.अर्चना गुप्ता, पूर्व मंत्री कविता जैन, पूर्व विधायक अनिल ठक्कर, जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा, जिला महामंत्री नवीन मंगला, कुंडली नगर पालिका की चेयरपर्सन शिमला देवी, रोहित, पार्षद प्रवीण खत्री सहित सभी अतिथियों का बुके व फूल माला के साथ स्वागत किया ।

## 'राजा विक्रमादित्य ने विक्रम संवत पंचांग का निर्माण करवाया था'

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** अध्यातम प्रेरित सेवा संगठन मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा सनातन वैदिक नववर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा विक्रमी नव संवत्सर 2081 के शुभारम्भ उपलक्ष्य में 09 अप्रैल 2024 मंगलवार को ब्रम्हसरोवर के पावन तट पर सूर्योदय की प्रथम किरण का स्वागत वैदिक ब्रम्हचारियों द्वारा शंख ध्वनि से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ होगा। इस अवसर पर लोकमंगल के निमित्त वैदिक यज्ञ का आयोजन भी होगा। यह जानकारी देते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा विक्रम संवत कैलेंडर हिंदू नव वर्ष के उत्सव में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। राजा विक्रमादित्य के साथ इसका ऐतिहासिक जुड़ाव और प्राचीन ज्ञान और विरासत को संरक्षित करने में इसकी भूमिका इसे इस शुभ अवसर के आसपास परंपराओं के समृद्ध मिश्रण का एक अभिन्न अंग बनाती है। विक्रम संवत कैलेंडर का पालन करके, व्यक्ति और समुदाय अपनी सांस्कृतिक जड़ों का सम्मान करते हैं और हिंदू नव वर्ष उत्सव के



**संस्कृति**

**8 विक्रम संवत कैलेंडर का पालन कर-के, व्यक्ति और समुदाय अपनी सांस्कृतिक जड़ों का सम्मान करते हैं**

दौरान नई शुरूआत की भावना को अपनाते हैं। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा राजा विक्रमादित्य बहुत ही न्यायप्रिय और अपनी प्रजा का हित चाहने वाले राजा थे। उन्होंने शकों के अत्याचार से कई राज्यों को मुक्त कराया था और अपना शासन स्थापित किया था। इसी विजय की स्मृति के रूप में राजा विक्रमादित्य ने विक्रम संवत पंचांग का निर्माण करवाया था।

## मेडिकल स्टोर संचालक से 20 लाख रुपये की फिरौती मांगने के मामले में मुख्य दोनो

टीम एक्शन इंडिया

**हिसार** : हिसार के पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, आईपीएस ने प्रेस वार्ता में बताया कि हिसार के डीसीएम रोड पर स्थित मेडिकल स्टोर संचालक से फिरौती मांगने के मामले में सीआईए हिसार ने मुख्य दो आरोपियों भारत नगर हिसार निवासी विकास उर्फ चोटी और टिब्बा दाना शेर निवासी समीर उर्फ मोटा मुल्ला को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनो आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ योजना बना कर 2 अप्रैल की शाम को करीब 7.40 पीएम पर श्री गणेश मेडिकल हाल नामक दुकान के मालिक सचिन को एक पर्ची दे 20 लाख रुपए की फिरौती मांगी और उसे डराने के इरादे से दुकान के सामने हवाई फायर किए। वारदात के उपरांत आरोपियों ने 12 क्वार्टर रोड पर स्थित एक डेयरी पर बैठी डेयरी संचालिका से पिस्तौल के बल पर हर महीने 5 लाख की फिरौती मांग दुकान पर ईट मार वहा से फरार हो गए।

वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस टीमें मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीआईए, स्पेशल स्टाफ सहित पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों के सफल प्रयास से दोनो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## प्राचीन निर्मोही अखाड़ा मठ में हुआ 'स्वर्णिम वैष्णव धर्म स्तंभ' का निर्माण

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**हरियाणा** के सोनीपत जिले की तहसील के ग्राम खांडा में स्थित प्राचीन ऐतिहासिक निमोर्ही अखाड़ा मठ जो जीर्णोद्धार उपरांत आस्था दीपों की नवल भव्य समुज्वल आभा से देदीप्यमान हो उठा है।वैष्णव संप्रदाय की आस्था का बड़ा केंद्र रहा यह मठ उत्तर भारत व दक्षिण भारत की शिल्पशैली कला के समन्वय का प्रतीक होकर सदैव ही राष्ट्र की एकता और अखंडता के विस्तार को प्रमाणित करता रहेगा।इसी भव्य मठ के दिव्य प्रांगण में यशस्वी भारतवर्ष के प्रथम 27 फुट ऊँचे "स्वर्णिम वैष्णव धर्म स्तंभ" का निर्माण हुआ है। जिस पर त्रेता युग के महानायक प्रभु श्री राम के द्वारा बतायी गयी "नवधा भक्ति" के सिद्धांत (श्रवण,कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन,वंदन,दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन)और भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गीता में बताया गया "कर्म योग,ज्ञान योग और भक्ति योग आदि सिद्धांत उकेरे गए हैं तथा स्तंभ के शिखर में विष्णु तिलक, शंख और चक्र आदि शोभयमान हैं



जिसका अर्थ है की योग मार्ग व नवधा भक्ति ही आत्मा और परमात्मा के एकाकार होने के पथ हैं। इस वैष्णव धर्म स्तंभ की रचना का भाव वैष्णव सिद्धांतों का स्पष्ट रूप प्रतीत होता है।इस धर्म स्तंभ की विशेषता यह है की यह तमिलनाडु के तंजावर व चेन्नई में निर्मित हुआ है जिसमें वैदिक विधिनुसार रामनवमी के दिन वेदपाठी ब्राह्मणों तथा संतों द्वारा कोटि कोटि मंत्रउच्चारणों सहित विष्णु स्वरूप की प्रतिष्ठा की जायेगी। इस धर्म स्तंभ के दर्शन भगवान विष्णु के विराट रूप के दर्शन स्वरूप फल प्रदाता होंगे। वैष्णव धर्म स्तंभ के मूल में विराजमान वैष्णव चतुः संप्रदाय के प्रवर्तकों (जगद्गुरु स्वामी रामानंदाचार्य, जगद्गुरु स्वामी माधवाचार्य,जगद्गुरु स्वामी निम्बाकार्चार्य, जगद्गुरु स्वामी विष्णु स्वामी जी)की प्रतिमाएं मानो निज प्रेरणा प्रेम प्रवाह से वैष्णव धर्म को सींचती हुई प्रतीत होती हैं। जो इस प्रांगण को वैदिक ज्ञान से सराबोर करती हैं तथा वैष्णव धर्म, संप्रदाय को गहनता से जानने की जिज्ञासा जैसे मन में हिलोरे लेने लगती है। वैष्णव धर्म, जिसे भागवत धर्म अथवा शाश्वत धर्म भी कहा जाता है जो आदि सृष्टि के समय से प्रकट है।ऋग्वेद में वैष्णव विचारधारा का उल्लेख मिलता है। आगे चलकर इसके संस्थापक स्वयं भगवान कृष्ण हुए हैं। भगवान विष्णु व उनके अवतारों को ईश्वर मानने तथा वैदिक विधिनुसार सात्विक मंत्रों द्वारा भगवान स्वरूप(विग्रह)की सेवा अर्चन और उनके सिद्धांतों का पालन करने वालों का संप्रदाय वैष्णव संप्रदाय कहलाता है। आइये जानते

## भारती रक्तवाहिनी के सहयोग से पिपली खेड़ा में 68 ने किया रक्तदान

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: विश्व** स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर माँ भारती रक्तवाहिनी के सहयोग से गाँव वपिपली खेड़ा में संस्था का 157वें रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें डॉक्टर भानु शर्मा के नेतृत्व में नागरिक अस्पताल से आई रक्तकोष टीम ने जिला रेडक्रॉस के सौजन्य से 68 रक्तदाताओं का रक्तदान करवाया । शिविर का आयोजन राजकीय वरिष्ठ विद्यालय पिपली खेड़ा में हुआ । शिविर में



मुख्य रूप से निखिल मलिक व पंकज मलिक ने व्यवस्था को संभाला । माँ भारती रक्तवाहिनी के पदाधिकारियों ने बताया कि इस गाँव मे इस बार पहले से ज्यादा उत्साह रक्तदान के लिए दिखा ।

**रक्तदान महादान**

**8 नागरिक अस्पताल से आई रक्तकोष टीम ने जिला रेडक्रॉस के सौजन्य से 68 रक्तदाताओं का रक्तदान करवाया**

संस्था ने आम जन से अपील की के जिस गाँव मे आज तक रक्तदान शिविर नही लगा उस गांव की सूचना संस्था के नंबर पर दे जोकि संस्था के फेसबुक पेज पर उपलब्ध है ताकि जरूरत पड़ने पर उस गांव में भी जनहित के लिए रक्तदान शिविर लगाया जा सके । सुरेश नम्बरदार , संस्था सचिव प्रेम गौतम, सह सचिव नीरज , राकेश कुमार, सुमेर सरोहा, रोहतास रावल ,भोलू नांदल ,रोहित लाबा , दिनेश, सफीकुल, राहुल, प्रमोद नैना, अंकित त्यागी, अनिल जमदग्नि, मुकेश ,बिजेंद्र सरोहा, राहुल राणा, रणबीर जमदग्नि आदि मौजूद रहे।

## इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के विद्यार्थियों को दी करियर आधारित जानकारी

टीम एक्शन इंडिया

**हिसार:** बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट का अमेरिका के आईटी प्रोफेशनल जतिन गेरा ने अवलोकन किया। उन्होंने इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जतिन गेरा ने कहा कि अमेरिका में नाइलेट ओ लेवल के कोर्स करने वाले युवाओं की काफी मांग है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के नाइलेट कोर्स के मेधावी व योग्य विद्यार्थियों को

**प्रेरित किया**

**8 ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रेरित किया**

विदेश में अपना हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रजत गुप्ता ने जतिन गेरा का स्वागत करते हुए कहा कि वे देशभर के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के बाद आस्ट्रेलिया व अमेरिका में आईटी के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। रजत गुप्ता ने ट्रस्ट की शैक्षणिक व सामाजिक गतिविधियों से भी जतिन गेरा को रूबरू करवाया। इस दौरान जतिन गेरा ने अपने अनुभवों को बच्चों के साथ साझा किया।

उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स, इंटरनेट डेवलपमेंट, लैंग्वेज व वेब डेवलपमेंट सहित आईटी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। जतिन गेरा ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को भी शांत किया।

## 'लोकतांत्रिक तरीके से करें विरोध'

**हिसार** : लोकसभा चुनाव के संबंध में प्रेस वार्ता में पूछे गए प्रश्न के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 16 मार्च से चुनाव की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू हो चुकी है। इलेक्शन के दौरान सभी पार्टियों और उम्मीदवारों को समान रूप से प्रचार करने का अधिकार है। पुलिस और जिला निर्वाचन अधिकारी की यह भूमिका है कि चुनाव प्रचार समान तरीके और चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार हो। ऐसी बातें सामने आई है कि उम्मीदवारों का विरोध किया जा रहा है। विरोध लोकतांत्रिक तरीके से हो, उसका प्रावधान है और उसके अतिरिक्त कोई भी उपद्रव करता है हिंसा करता, किसी को उसके जायज प्रचार में रोकता है तो उनके विरुद्ध नियमनुसार कार्रवाई की जायेगी।

## सरीना ने टेनिस चैंपियनशिप में जीता एकल खिताब

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) की प्रतिभाशाली लान टेनिस खिलाड़ी सरीना गहलोत ने बिलबिलान के शांतिमा लॉन टेनिस अकादमी में आयोजित एआईटीए टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए लड़कियों का एकल खिताब जीतकर सोनीपत जिला व हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। सरीना ने लड़कियों के सीएस-7 अंडर-16 आयु वर्ग के फाइनल मुकाबले में अनन्या मलिक को 6-1, 1-6 व 6-1 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

सरीना को उसके शानदार प्रदर्शन के लिए स्कूल में उसका जोरदार स्वागत किया गया । स्कूल के



चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने सरीना को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**प्रतियोगिता**

**8 सरीना ने मुकाबले में अनन्या मलिक को 6-1, 1-6 व 6-1 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया**

अब तक अंडर -12 व 14 आयु वर्ग के टेनिस मुकाबलों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाली सरीना ने इस बार लड़कियों के अंडर-16 आयु वर्ग में भी अपना जलवा दिखाकर सभी को प्रभावित किया।

अपनी शानदार सर्विस व आक्रामक खेल की बदौलत उसने खिताब पर अपना कब्जा जमाया। इस वर्ष फरवरी महीने में मुंबई में आयोजित 8 वीं रमेश देसाई नेशनल अंडर-12 टेनिस चैंपियनशिप में भी सरीना ने अपने दमदार प्रदर्शन की बदौलत उसने एकल खिताब जीतने में सफलता पाई थी। इसके अलावा हैदराबाद में आयोजित आल इंडिया नेशनल सीरीज टेनिस टूनार्मेंट में भी सरीना ने लड़कियों की अंडर-12 आयु वर्ग में एकल व युगल खिताब जीतकर नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने भरोसा जताया कि आगे भी सरीना अपनी कामयाबी का सिलसिला जारी रखेगी और देश का नाम राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेगी।

## छात्रों ने 'आओ स्कूल चले, सब पढ़ें सब बढ़ें' जागरूकता रैली निकाली

### विद्यार्थियों ने गांव सूढ़पुर की गली गली व घर घर में जाकर समस्त अभिभावकों को जागरूक किया कि कोई भी बच्चा बिना शिक्षा के नहीं रहना चाहिए

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सूढ़पुर में "आओ स्कूल चलें " कार्यक्रम के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट व विद्यालय इंचार्ज साहिब सिंह, गांव की सरपंच श्रीमती सीमा देवी , एसएमसी प्रधान श्रीमती रेखा रानी ने की। प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को रैली के लिए रवाना किया। विद्यार्थियों ने गांव सूढ़पुर की गली गली व घर घर में जाकर समस्त अभिभावकों को जागरूक किया कि कोई भी बच्चा बिना शिक्षा के नहीं रहना चाहिए। सभी बच्चों का शिक्षा प्राप्त करने का



अधिकार है और यह उसे अवश्य ही प्राप्त करना चाहिए। इसके साथ-साथ उन्होंने अभिभावकों को यह भी कहा कि वे अपने बच्चे को हर रोज स्कूल में अवश्य भेजें । यदि किसी कारणवश बच्चा स्कूल में नहीं जा पाता तो उसकी सूचना विद्यालय में अवश्य दें क्योंकि यदि विद्यार्थी स्कूल नहीं जाएगा तो उसकी पढ़ाई में से रूचि कम हो जाएगी और वह धीरे-धीरे स्कूल से अनुपस्थित रहते हुए घर में रहना शुरू कर देगा। जिससे उसका भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। रैली के दौरान ही विद्यार्थियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर रैली में भाग लेने वालों में समस्त अध्यापक व प्राध्यापकगण व गांव के गणमान्य व्यक्ति विक्रम सिंह

**शिक्षा पर बल**

**8 सभी बच्चों का शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है और यह उसे अवश्य ही प्राप्त करना चाहिए**

, पंच शिव कुमार, श्रीमती उर्मिला , नरेंद्र राणा व समाज सेवक संजू राणा नंबरदार उपस्थित रहे। सभी विद्यार्थियों ने रैली में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरा वातावरण "आओ स्कूल चले"," सब पढ़े सब बढ़े"," शिक्षा है अधिकार हमारा" ,"हिंदू मुस्लिम सिख इसाई ,सरकारी स्कूल में करो पढ़ाई"" आदि नारों से गुंजायमान हो उठा।

## इस्कॉन ने मोक्ष वृद्धाश्रम में आयोजित किया संकीर्तन, भजनों पर झूमे बुजुर्ग

टीम एक्शन इंडिया

**हिसार** : इस्कॉन हिसार द्वारा मोक्ष वृद्धाश्रम में श्रीकृष्ण संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस संकीर्तन में इस्कॉन से जुड़े पदाधिकारियों व स्वयंसेवकों ने भजन गाकर माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। हरे राम-हरे कृष्णा भजन सुनकर बुजुर्ग भावविभोर हो गए और झूमने लगे।

कैमरी रोड पर स्थित मोक्ष वृद्धाश्रम को संकीर्तन के लिए गुब्बारों व लड़ियों से सजाया गया। सभी बुजुर्गों को तिलक लगाकर उनका स्वागत व सत्कार किया गया। श्रीकृष्ण की आराधना के साथ संकीर्तन की शुरूआत की गई। संगीत की सुर लहरियों के



साथ तालियां बजाते हुए सभी बुजुर्ग व अन्य भक्तगण अभिभूत हो गए। इस अवसर पर मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक माता पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। इस्कॉन की तरफ से माता पंकज संधीर को सम्मानित किया गया। मोक्ष वृद्धाश्रम ने भी इस्कॉन के पदाधिकारियों को स्मृति चिह्न प्रदान किया। पंकज संधीर व विजय भृगु ने बताया कि मोक्ष वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को सामाजिक व आध्यात्मिक कार्यक्रमों से जोड़े रखने के लिए यहां समय-समय पर विशेष आयोजन किए जाते हैं।

# गरीब किसान एवं मजदूरों का जीवन सशक्त बनाना ही मोदी की गारंटी: मनोज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** खादी ग्रामोद्योग भारत सरकार द्वारा डॉ.मंगलसेन ऑडिटोरियम में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की भी साझेदारी रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खादी और ग्रामोद्योग भारत सरकार के राष्ट्रीय चेयरमेन मनोज कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व अन्य सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए चेयरमेन मनोज कुमार ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के कारीगरों को सशक्त और समृद्ध बनाया गया है। उन्होंने कहा कि गरीब किसान एवं मजदूरों का जीवन सशक्त और समृद्ध बनाना ही मोदी की गारंटी है।



उन्होंने कहा कि वर्तमान में देशभर में आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत और एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत ग्रामीण भारत के कुशल कारीगरों को नई तकनीकों से जोडने के लिए केवीआईसी द्वारा देश के सभी राज्यों में ग्रामीण स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कारीगरों को आधुनिक ट्रेनिंग के साथ-साथ मशीनरी और टूलकिट भी प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत अभी तक 27 हजार से अधिक कुम्हार भाइयों और बहनों को विद्युत चालित चॉक वितरण किए जा चुके हैं।

**चर्चा**

**8 नई तकनीकों से जोडने के लिए केवीआईसी द्वारा देश के सभी राज्यों में ग्रामीण स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे**

# 'चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं ढंग से सम्पन करवाने के लिए कृत संकल्प'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में लोकसभा 2024 के आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन करवाने के उद्देश्य से प्रबंधों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव तिथियों की घोषणा के तुरंत बाद ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। सभी विभागों के अधिकारी आचार संहिता की दृढ़ता से पालना करना सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने चुनाव तैयारी समीक्षा के दौरान एआरओज को निर्देश दिए कि वे भारत निर्वाचन



आयोग की हैंड बुक को अवश्य पढें. ताकि चुनाव के समय उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करने पड़े। उन्होंने कहा कि एआरओज अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी पोलिंग बूथों का निरीक्षण करें और मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करवाना सुनिश्चित करें। मतदाता की सुविधा के लिए सभी पोलिंग बूथों पर पीने का पानी, सुलभ शौचालय, बिजली की व्यवस्था तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोलिंग बूथों में रैंप तथा व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित करें। अपने-अपने क्षेत्र में संवेदनशील व अति संवेदनशील पोलिंग बूथों की पहचान करें और ऐसे पोलिंग बूथों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

**दिशा-निर्देश**

**8 प्रबंधों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए**

## न्यूज फ्लैश

### हवन-यज्ञ के माध्यम से विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया



**पानीपत:** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल जीटी रोड पानीपत संचालित आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा में हिंदुस्तान स्काउट एण्ड गाइड द्वारा आज हवन यज्ञ के माध्यम से विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया ' यह कार्यकर्म विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य के दिशा निर्देश से किया गया ' इसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री सत्यवान आर्य ने की उन्होंने कहा कि आजकल खान-पान से संबंधित कुछ वस्तुएं हमारे शरीर को खराब कर रही है ' अत: हमें अपने घर में बना हुआ शुद्ध शाकाहार भोजन का सेवन करना चाहिए और अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहना चाहिए ' बाजार के तले हुए खाद्य पदार्थों से दूर रहना चाहिए और शुद्ध शाकाहारी भोजन ही करना चाहिए ' इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजीव मलिक ब्लॉक समिति सदस्य रिसालू रहे और अति वशिष्ठ अतिथि विद्यालय के कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक रहे इन्होंने हिंदुस्तान
स्काउट गाइड के साथ पौधा रोपण भी किया' और कहा कि आज हमें शुद्ध वातावरण की आवश्यकता है प्रदूषण को कम करने के लिए जगह-जगह पेड़ लगाने चाहिए और उनका रखरखाव भी करना अति आवश्यक है ' हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के इंचार्ज जगदीश चहल ने बताया कि हमारा देश ऋषि मुनियों और साधु संतों का देश है हम सब यज्ञ के माध्यम से पूरे विश्व में शांति की कामना करते हैं और हमारा पर्यावरण भी शुद्ध रहे हमें पेड़ पौधों की भी देखभाल करनी चाहिए ' समय-समय पर हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड इस कार्य को खुशी के साथ करती रहती है यज्ञ के ब्रह्मा रिशिपाल रहे।

# तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**



**पानीपत:** निराला धाम विशन सरुप कालोनी का पावन प्रांगण में तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव समापन गया इस वार्षिक महोत्सव में श्री सदगुरू महाराज आशा भारती जी ।की पवन अध्यक्षता में परमपूज्य स्वामी दयानंद जी सरस्वती,हरिद्वार ।से स्वामी अरुण दास जी महाराज,पानीपत से स्वामी नाथ जी महाराज ।सतगुरु कांता देवी जी महाराज नेअपने परवचन में भगतो को भावभोर किया समिति प्रेस प्रवक्ता हरीश मल्होत्रा ने बताया परमपूज्य बरहमलीन निराला स्वामी लहरी बाबा की। सद्प्रेणा से समिति पारी वर्ष नर सेवा नारायण सेवा के अंतर्गत देश ५ समाज हित में कार्य करती रहती हे जैसे गरीब असहाय लोगों की ।राशन सेवा,गरीब लड़कियों की शादियों में संयोग हॉस्पिटल में दवाई की व्यवस्था,आज ।इस यज्ञ में प्रति वर्ष की तरह 108 कन्या पूजन,108 गौ ग्रास,108 ब्राह्मण पूजा,तत्पश्चात विशाल भंडारा रहेगा इस अवसर पर मुख्य अतिथि सतपाल मल्होत्रा,कपिल मुखीजा, रेनू ठकराल,सुरेंद्र रेवाड़ी,गोपाल तायल ,विजय जैन,सुरेश इनमालिक,विपिन बठला,अशोक गांधी, समिति के प्रधान सतीश ,जोगेंद्र चन्ना,विशाल खुराना,कैलाश लूथरा,किशोर वर्मा,अमित मल्होत्रा दीपक मल्होत्रा उपस्थित रहे ।

# रमेश कादियान चौथी बार बने हरियाणा सीड्स प्रोड्यूसर संगठन के प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा सीड्स प्रोड्यूसर संगठन की आम सालाना बैठक में एक बार फिर सर्वसम्मति से रमेश कादयान को अध्यक्ष चुना गया है। वह इस संगठन के लगातार चौथी बार अध्यक्ष चुने गए हैं। अध्यक्ष चुने जाने के बाद रमेश कादियान ने हरियाणा भर से आए सदस्यों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि वह पूरी मेहनत और लगन से संगठन के हित में कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने जो भरोसा दिखाया है वह उसे पर खडा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। बैठक के दौरान विनोद कुमार और रजनीश कंबोज को संगठन का उपाध्यक्ष, वेद



प्रकाश को महासचिव, संजीव कुमार को सचिव, राजेश वधवा को संगठन मंत्री, डॉ नरेंद्र तोमर को कोषाध्यक्ष और रिशिपाल डॉ एस एस वर्मा, सुनील कालड़ा, विजेंद्र मान तथा वीरेंद्र सिंह को कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। संगठन के अध्यक्ष रमेश कादियान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन सरकार से मिलकर हर समस्या का हाल करेगा। उन्होंने याद दिलाया कि पिछली बार सरकार ने उत्तम बीज पोर्टल खोला था जिसमें कई कमियां थी। उसे बाद में ठीक करवाया गया था। लेकिन अब केंद्र सरकार एक और पोर्टल साथी ला रही है।

# 'लोकतंत्र के उत्सव में मतदान करके निभाएं अपना कर्तव्य'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने जिला के मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि मतदान करना उनका अधिकार है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में आगामी 25 मई को वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर मतदाताओं को कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं आता है तो वह मतदान करने से वंचित न रहे बल्कि पोलिंग बूथ पर जाकर नोटा को वोट कर सकते हैं। संविधान में सभी को वोट का समान रूप से अधिकार दिया गया है। महिलाओं के वोट की कीमत पुरुषों के बराबर है, इसलिए उन्हें लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मे बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

# सैर करने आए परिवार को ऑडी ने कुचला, शरीर टुकडे-टुकडे हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के असंध रोड पर एक तेज रफ्तार ऑडी कार ने सडक पर सैर कर रहे परिवार को कुचल दिया। हादसा इतना भयंकर था कि व्यक्ति के शरीर के टुकडे-टुकडे हो गए। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा एक महिला की टांग कट गई और 19 वर्षीय लडकी की टांग टूट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने रात को टॉर्च की रोशनी में खेतों से व्यक्ति व महिला के शरीर के टुकडों को इकट्ठा किया। हादसा गांव जलमाना के पास शनिवार रात को हुआ है।



जलमाना चौकी के जांच अधिकारी जसबीर सिंह ने बताया कि रात को उन्हें सूचना मिली थी कि करनाल से असंध की तरफ आ रही एक ऑडी कार एचआर06एएच-8088 ने सडक पर सैर कर रहे परिवार को कुचल दिया है, जिसमें व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कुछ लोग घायल हैं। हादसे में ऑडी कार के भी परखच्चे उड गए। एक्सीडेंट के बाद एयरबैग खुल गए और बोनट बुरी तरह टूट गया। इसके सवार उसकी समय फरार हो गए थे।

मृतक की पहचान जलमाना निवासी साहब सिंह के रूप में हुई है। वहीं घायल महिला गुरजीत कौर है। वह मृतक साहब सिंह की भाभी है। वहीं तीसरी युवती उसकी भतीजी सुखवंत कौर है। परिजनों ने बताया है कि सुखवंत कौर का शनिवार को ही ऑस्ट्रेलिया का वीजा आया था। देर रात को खाना खाने के बाद वे टहलने के लिए सडक पर निकले थे। इसी बीच यह हादसा हो गया।

राहगीर गुरजंट सिंह के मुताबिक गाडी में दो युवक सवार थे। दोनों नशे में धुत थे। शराब के नशे में ही उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि करीब सौ मीटर तक गाडी ड्राइवर तीनों को घसीटते हुआ लेकर आया।

**दर्दनाक**

**8 हादसा इतना भयंकर था कि व्यक्ति के शरीर के टुकडे-टुकडे हो गए। उसकी मौके पर ही मौत हो गई**

### जमीन की रजिस्ट्री न कराने से परेशान पुलिस से लगाई गुहार



**पानीपत:** जमीन के ब्याना देने के बाद जमीन की रजिस्ट्री न कराने से परेशान एक किसान व निजि अस्पताल संचालक ने पुलिस-प्रशासन न्याय की गुहार लगाई है। गांव नांगल खेड़ी निवासी ड़ा सतबीर मलिक ने बताया कि उसकी करीब 17 कनाल जमीन गांव बहरामपुर तहसील बापौली में है । जिसको बेचने के लिए उसने मई 2023 में दिल्ली निवासी रविद्र से ब्याना ले कर 30 नवंबर 23 में रजिस्टृी कराने का शपथ पत्र दिया गया था। मगर जमीन खरीदने वाले रविन्द्र कुमार उस जमीन का ब्याना दे कर रजिस्टृी की तिथि 30 नवंबर 2023 को तहसील में नही आया तब से आज तक चार-पांच महिने से जमीन बेचने वाला किसान सतबीर मलिक ब्याना ले कर जमीन खरीदने वाले रविन्द्र के पास टेलीफोन कर व उसके पास चक्कर काट कर थक चुका है। जिससे किसान व निजि अस्पताल सांलक ड़ा सतबीर मलिक ने इस मामले को लेकर तहसील बापौली थाना बापौली सहित पुलिस प्रशासन के पास चक्कर काट कर थक चुका है। उसने बताया कि उसने पैसो की जरूरत के लिए ही जमीन बेचने के लिए ब्याना लिया था मगर जमीन का ब्याना देने वाला जमीन खरीदने वाला उसके पास नही आ रहा है अब न उसकी जमीन बिक रही है।

# विधायक पंवार ने सेक्टर-13 में पहुंचकर सेक्टवासियों की सुनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** विधायक सुरेंद्र पंवार ने सेक्टर-13 में पहुंचकर सेक्टरवासियों की समस्याएं सुनी। सेक्टरवासियों ने बताया कि सेक्टर-13 की ग्रीन बैल्ट की चारदिवारी को तारों के साथ ऊंचा करवाया जाए, इसके साथ ही सेक्टर-13
में पेयजल किल्लत का समाधान करवाया जाए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही एचएसवीपी व नगर नगम अधिकारियों को जल्द से जल्द दोनों समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया। सेक्टरवसियों ने बताया कि सेक्टर-13 में गर्मी के मौसम में पेयजल किल्लत गहरा जाती है। पहले ट्यूबवैल्स के जरिये सेक्टर में पेयजल सप्लाई होती थी। लेकिन करीब दो से तीन महीने पहले यमुना के पानी की सप्लाई सेक्टर में की जाती है। लोगों का कहना था कि दोनों ही सेक्टर में एक साथ सप्लाई दी जाती है, जिसकी वजह से अंतिम छौर तक पानी नहीं पहुंचता। उन्होंने मांग की है कि यमुना के पानी के साथ-साथ ट्यूबवैल के पानी की भी सप्लाई की जाए।



# 'मतदाताओं की सहूलियत के लिए प्रयासरत'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** आगामी लोकसभा व करनाल विधानसभा के उपचुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग मतदाताओं की सहूलियत के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। चुनाव आयोग ने जिन बूथों पर 1500 से अधिक मतदाता हैं, वहां सहायक बूथ बनाने के निर्देश दिए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव तथा विधानसभा करनाल के उपचुनाव को देखते हुए एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने भी सम्बंधित मतदान केन्द्रों में सहायक बूथ बनाने को लेकर समीक्षा की और स्थानीय कर्ण विहार स्थित आजाद हाई स्कूल के बूथ नम्बर 90 और 92 का निरीक्षण किया।



एसडीएम ने बताया कि बूथ नम्बर 90 और 92 पर मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है, ऐसे में मुख्य बूथ के साथ ही सहायक बूथ बनाए जा रहे हैं। इन बूथों के नम्बर मुख्य बूथ वाला ही रहेगा। केवल ए,बी,सी जोड़ दिया जाएगा। राजनीतिक दलों को भी जिला प्रशासन ने अवगत करा दिया है ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। इस प्रकार बूथ नम्बर 90ए और 92ए दो सहायक बूथ बनाए जा रहे है, जोकि आजाद **टीम एक्शन इंडिया** हाई स्कूल के परिसर में ही स्थापित होगें। बढ़ाए गए बूथों पर सभी सुविधाएं होगी। मतदाता पर्चियां भी उसी हिसाब से निकलेंगी।

गौरतलब है कि आयोग का उद्येश्य है कि बूथों पर मतदाताओं को अधिक देर तक न खड़ा होना पड़े। तुरंत वोट डालकर अपने घर जाएं। इसी को देखते हुए ये निर्णय लिया है। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश शुभम सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिनमें बीएसपी से रमेश, प्रमोद कुमार, जेजेपी से राकेश संधु, बीजेपी से राजबीर शर्मा, कांग्रेस से जोगिन्द्र, राजिन्द्र कुमार शामिल रहे।

# गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश के लिए नये भव्य हॉल की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सिख धर्म के बानी गुरु नानक देव जी अपनी तीसरी उदासी के दौरान करनाल आए थे व जिस स्थान पर रुके थे, वहाँ उनके आगमन की याद में गुरुद्वारा मंजी साहेब बना हुआ है। इस ऐतहासिक स्थान गुरुद्वारा मंजी साहेब में गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश के लिए नये भव्य दीवान हाल की आज शुरूआत की गई, जिसके अवसर पर गुरमत समागम का आयोजन किया गया।

गुरुद्वारा मंजी साहेब प्रबंधक कमेटी के प्रधान व हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के संयुक्त सचिव गुलाब सिंह मूनक ने बताया कि सिख संगत की बड़े समय से माँग थी कि दीवान हाल को बड़ा किया जाये व अब हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व सिख संगत के सहयोग से बाबा हरबंस सिंह कार सेवा दिल्ली वालों से वरोसाये बाबा बचन सिंह और बाबा सुखा सिंह कार सेवा वालों ने बेहद सुंदर नये हाल का निर्माण किया।



डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा सुखा सिंह ने बताया कि नया हाल का कार्य पूरा होने के बाद इस नये हाल में पाँच अप्रैल को श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश किया गया व अखंड पाठ साहेब आरंभ किए गए। आज श्री अखंड पाठ साहेब के भोग के बाद गुरमत समागम हुआ जिसमें सचखंड श्री दरबार साहिब अमृतसर से हजूरी रागी भाई गुरप्रीत सिंह, पंथ प्रसिद्ध ढाडी जत्था भाई गुरप्रीत सिंह लांडरा, गुरुद्वारा मंजी साहेब के हजूरी रागी भाई बलविन्द्र सिंह व हेड ग्रंथी अमृतपाल सिंह ने कीर्तन, इतिहास व कथा विचार सुनाकर संगत को निहाल किया।

कार्यक्रम में हरियाणा गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमेन जत्थेदार बाबा बलजीत सिंह दादूवाल ने गुरमत सिद्धांत व गुरु इतिहास सुनाते हुए समागम में शामिल संगत को बधाई दी। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि नये हाल के निर्माण से संगत के दिल की मनोंकामना पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि उनकी पूरी कार्यकारिणी हरियाणा प्रदेश में धर्म प्रचार व अमृत संचार के कार्यक्रम में तेजी लाएगी। अमृतसर में हरियाणा कमेटी की और से एक सराय का निर्माण किया जाएगा, ताकि दरबार साहेब जाने वाली संगत को रहने की सहुलत मिल सके। आज के आयोजन में हजारों की संख्या में संगत शामिल हुई व सिख धर्म के संत महापुरुष व प्रबुद्ध हस्तिया शामिल हुई।

# सांझा विरासत कार्यक्रम में रचनाकारों ने प्रस्तुतियों के माध्यम से समां बांधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कुंजपुरा गांव स्थित विकास क्लब भ**वन में रविवार को विकास क्लब साहित्य कला मंच के मासिक सांझा विरासत कार्यक्रम में रचनाकारों ने प्रस्तुतियों के माध्यम से समां बांधा। सिटीजन ग्रिवेंसिज कमेटी करनाल की चेयरपर्सन अंजू शर्मा ने रचना पेश करते हुए कहा कि कब तलक इम्तिहान दूं अब तो जान पे बन आई है, सोचती हूं जान दे दूं पर उसमें भी रुसवाई है।

सुख फाउंडेशन की चेयरपर्सन गुरविंद्र कौर ने कहा कि वो अगर अच्छा लगे उसका इरादा सोच मत, जी ले रिश्ता और रिश्ते का नतीजा सोच मत। ममता प्रवीण ने कहा कि कोई दरिया पीकर भी प्यासा, किसी को बूंद में भी दिलासा। कमलेश पालीवाल कमल ने कहा कि हम तो आपको भी पहचान लेते हैं, उड़ती चिडिया के पर जान लेते हैं। गुरमुख सिंह वड़ैच ने कहा कि निगाहें नीची करके चलना तो हया का इक बहाना है, असल में देखते चलते हैं वो अपने शबाब को। हरबंस लाल पथिक ने कहा कि सीने से मेरे दिल को चुराकर ले गया कोई, चलो अच्छा हुआ जालिम बहुत परेशान करता था।



## संपादकीय

# मोदी की गारंटी बनाम कांग्रेस का न्याय

**लोकसभा** चुनाव की तैयारियों के बीच सभी राजनीतिक दल अपने अस्तित्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बयानबाजी कर रहे हैं। इतना ही नहीं विपक्षी राजनीतिक दल केवल वर्तमान सत्ताधारी दल के विरोध पर ही अपना पूरा फोकस करते हुए चुनावी मैदान में हैं। बड़ी बात यह कि भाजपा ने जहां मोदी की गारंटी को प्रमुख हथियार बनाया है, वहीं अब कांग्रेस भी इसका अनुसरण करने की नीति अपना रही है। भाजपा की ओर से मोदी की गारंटी के बाद राहुल गांधी अपनी पार्टी की 25 गारंटी जनता के सामने लाए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर एक नई राह बनाने का काम किया है। हालांकि पिछला लोकसभा चुनाव भी कांग्रेस ने न्याय देने के वादे पर ही लड़ा था, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए। एक बार पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं की नाकामी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था कि सरकार गरीब जनता तक जो लाभ पहुंचाती है, उसका मात्र 15 प्रतिशत ही पहुँच पाता था। इसका आशय यह है कि 85 प्रतिशत राशि या तो कमीशनखोरी में जाता था या प्रशासनिक अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता था। इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि कांग्रेस शासनकाल में हर शासकीय योजना भ्रष्टाचार का शिकार हुई। इसके विपरीत वर्तमान केंद्र सरकार में कम से कम इतना तो हुआ ही है कि गरीब तक पहुँचने वाला लाभ बिना किसी बिचौलिए के पात्र व्यक्ति को शत प्रतिशत मिल रहा है। यानी अब योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के पूरी हो रही हैं। कांग्रेस पार्टी की और से दी जाने वाली गारंटी निश्चित ही कांग्रेस कार्यकताओं के मनोबल में बढ़ोतरी करेगी। क्योंकि अब उनके पास भी जनता के बीच अपनी योजनाएं रखने के लिए मौका है। कांग्रेस के यह बात भी एक संजीवनी का कार्य कर रही है कि उसके नेता राहुल गांधी जनता के बीच जाने के लिए बहुत तेजी से सक्रिय हो रहे हैं। लेकिन कांग्रेस को केवल मोदी विरोध की राजनीति से तौबा करना चाहिए, उसे जनता के बीच जाकर अपने वादे बताकर जनता से संबंध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। कांग्रेस की ओर से जारी घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कही गई है। साथ ही जातिगत जनगणना करने का भी वादा किया गया है। हो सकता है जातिगत जनगणना का वादा कांग्रेस के लिए लाभकारी साबित हो, लेकिन इस बात में पूरा संदेह है कि इस मुद्दे पर देश की जनता आँख बंद करके उसका समर्थन करे। क्योंकि जो संस्थान या व्यक्ति समाज को एक करने का प्रयास कर रही है, उनको कांग्रेस का वादा न्यायसंगत नहीं लग रहा होगा। यह बात सही है कि आज समाज बदल रहा है। वह जातिगत समाज के बाहर आकर भारतीय समाज यानी एकत्रित समाज होने की दिशा में बढ़ रहा है। ऐसे में यह भी कहा जा सकता है कि कांग्रेस का यह कदम समाज में विभाजन की लकीर खींचने का काम कर सकता है। इस देश के अनेक चुनावों में यह देखने को मिला है कि विपक्षी दल महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरने का अभियान सा चलाते थे। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में महंगाई के मुद्दे को उछालकर कांग्रेस की नींद हराम कर दी थी, इसी प्रकार बोफोर्स मामले को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने चुनाव लड़ा, जिसमें राजीव गांधी की सरकार को सत्ता से हाथ धोना पड़ा।

# देश की समृद्धि तथा प्रगति का सूचक है नवसंवत



डॉ. आशीष वशिष्ठ

"यह तो वह बहुमूल्य धरोहर है जिससे एक तरफ पूरा विश्व सीख रहा है तो दूसरी ओर हम इस धरोहर को खोते जा रहे हैं। दुनिया को राह दिखाने वाली संस्कृति आज खुद राह से भटकने को मजबूर है। भले ही आज सोशल मीडिया पर हिंदू नववर्ष को मनाने के लिए हम सब संदेशों को प्रचारित प्रसारित कर रहे हों लेकिन हकीकत में उस दिन को भूल जाते हैं। नवसंवत हमारी संस्कृति से जुड़ा है। हम कितनी भी बुलंदियां छू लें, लेकिन अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। कुछ लोग नवसंवत के महत्व को नहीं समझते। अपने धर्म व संस्कृति के उत्सवों को मनाने का सभी में लगाव होना चाहिए। हमारे महापुरुषों व वीर योद्धाओं ने धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए बहुत बलिदान दिया है क्या वह बलिदान इसलिए ही दिया था की एक दिन हम अपनी संस्कृति व धर्म को ही भूल जाएं"

**भारतीय** नववर्ष की शुरूआत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमे अहनि, शुक्ल पक्षे समग्रेतु तु सदा सूर्योदये सति। ब्रह्म पुराण में वर्णित इस श्लोक के अनुसार चैत्र मास के प्रथम सूर्योदय पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। इस तिथि को रेवती नक्षत्र में, विष्कुम्भ योग में दिन के समय भगवान् के आदि अवतार मत्स्यरूप का प्रादुर्भाव भी माना जाता है। इसलिए यही वो दिन है जब से भारत वर्ष की कालगणना की जाती है। हेमाद्रि के ब्रह्म पुराण के अनुसार, ब्रह्मा जी ने पृथ्वी की रचना चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिन की थी। प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (पड़वा) को मनाया जाना वाला नव संवत्सर पर्व यूं तो हिंदू कैलेंडर के मुताबिक नववर्ष कहलाता है, लेकिन ये दिवस विशेष भारतीय संस्कृति का परिचायक भी है। यही वजह है कि ये दिवस महज एक नया साल का प्रारंभिक दिवस नहीं बल्कि भारतवर्ष की सदियों और युगों की कई ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक घटनाओं का साक्षी भी है। वसंत ऋतु का आरंभ वर्ष प्रतिपदा से ही होता है जो उल्लास, उमंग, खुशी तथा चारों ओर पुष्पों की सुगंध से भरी होती है। फसल पकने का प्रारंभ यानी किसान की मेहनत का फल मिलने का समय भी यही होता है। नक्षत्र शुभ स्थिति में होते हैं। यानी किसी भी कार्य प्रारंभ करने के लिए शुभ मुहूर्त होता है। युगों में प्रथम सत्य युग का प्रारम्भ भी इस तिथि को हुआ था।कहा जाता है कि नवसंवत्सर कई मायनों में विशेष है, क्योंकि इससे कई ऐतिहासिक संदर्भ जुड़े हुए हैं। जैसे कि भगवान राम का राज्याभिषेक दिवस, शक्ति की आराधना वाले नवरात्र का आरंभ, शौर्य पर्व वाले विक्रम संवत का प्रारंभ तथा द्वापर युग में प्रारंभ हुए युधिष्ठर संवत का समापन सतयुग में इसी दिन किया गया था, ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना का प्रारंभ, आर्य समाज की स्थापना का दिवस सहित भगवान झूलेलाल तथा महर्षि गौतम जी का जन्म भी इस विशेष नववर्ष के दिन ही हुआ है। वहीं गुरु अमरदास को भी गुरु गद्दी इसी दिन प्राप्त हुई तो स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना भी इसी दिन की थी। संघ संस्थापक डॉ. केश्वराव बलिराम हेडगेवार का जन्म विक्रमी संवत पर हुआ था। यही वजह है कि इस दिवस का जनमानस में विशेष महत्व है,क्योंकि ये त्योहार किसी एक




वर्ग, संप्रदाय या धर्म का नहीं बल्कि हर भारतीय का है। यह तिथि ऐतिहासिक महत्त्व की भी है। इतिहास के अनुसार शकों ने (शक जाति) उज्जैनी पर आक्रमण करके अपना साम्राज्य विदिशा और मथुरा तक फैला लिया था। उनके अत्याचारों से पीड़ित होकर जनता भयभीत हो उठी थी। तब तत्कालीन मालवा के प्रमुख नायक विक्रमादित्य ने आक्रमणकारियों को खदेड़ दिया था। विक्रम संवत को सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को पराजित करने के उपलक्ष्य में 57 ईसा पूर्व शुरू किया था। इसी दिन से चारों ओर प्राकृतिक वातावरण में नूतनता और मादकता आ जाती है, इसलिए इसे नया संवत कहना उचित है। नवसंवत को हम देश की समृद्धि तथा प्रगति का सूचक भी मानते हैं।

भारतीय पंचांग और काल निर्धारण का आधार विक्रम संवत है। वर्ष का पर्यायवाची है संवत। विद्वान कहते हैं कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ सांस्कृतिक कारणों से भी नवसंवत का महत्व है। आज भले ही ग्रेगेरियन कैलेंडर के अनुसार एक जनवरी को मनाया जाने वाला नववर्ष ज्यादा चर्चित हो, लेकिन इससे कहीं पहले से अस्तित्व में आर्या हिंदू विक्रमी संवत आज भी धार्मिक अनुष्ठानों और मांगलिक कार्यों में तिथि व काल की गणना का आधार बना हुआ है। विक्रमी संवत का संबंध सारे विश्व की प्रकृति, खगोल सिद्धांत और ब्रह्मांड के ग्रहों एवं नक्षत्रों से है। इसलिए भारतीय काल गणना पंथ निरपेक्ष होने के साथ सृष्टि की रचना को दर्शाती है। ब्रह्मांड के सबसे पुरातन ग्रंथ वेदों में भी इसका वर्णन है। नवसंवत यानी संवत्सरों का वर्णन यजुर्वेद के 27वें एवं 30वें अध्याय के मंत्र क्रमांक क्रमशः 45 व 15 में दिया गया है। सौर मंडल के ग्रहों एवं नक्षत्रों के चाल, उनकी निरंतर बदलती स्थिति पर भी हमारे दिन, महीने, साल और उनके सूक्ष्मतम भाग आधारित होते हैं। इस समय शीतकाल की शीतलता एवं ग्रीष्म काल की आतपता का मध्यबिन्दु होता है। वसंत के आगमन के साथ ही पतझड़ की कटु स्मृति को भुलाकर नूतन किसलय एवं पुष्पों से युक्त पादप वृंद इस समय प्रकृति का अद्भुत श्रृंगार करते हुए दिखलाई देते हैं। पशु-पक्षी, कीट-पतंग, स्थावर- जंगम सभी प्राणी नई आशा के साथ उत्साहपूर्वक अपने-अपने कार्यों में लगे दिखाई देते है। ऐसे उत्साहयुक्त समय में वार्षिक काल गणना का श्रीगणेश करते हुए नूतनवर्ष का स्वागत सहज ही प्रतीत होता है। विक्रम संवत आज तक भारतीय पंचांग और काल निर्धारण का आधार बना हुआ है। सबसे बड़ी विशेषता इस कैलेंडर की यह है कि यह वैज्ञानिक रूप से कालगणना के आधार पर बना हुआ है। यही नहीं यूनानियों ने नकल कर भारत के इस हिंदू कैलेंडर को दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में फैलाया। भले ही आज दुनिया भर में अंग्रेजी कैलेंडर का प्रचलन बहुत अधिक हो गया हो लेकिन भारतीय कैलेंडर की महत्ता कम नहीं हुई। आज भी हम अपने व्रत-त्योहार, महापुरुषों की जयंती-पुण्यतिथि, विवाह व अन्य सभी शुभ कार्यों को करने के मुहूर्त आदि भारतीय कैलेंडर के अनुसार ही देखते हैं। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही वासंती नवरात्र भी प्रारंभ होते हैं। सबसे खास बात इसी दिन ही सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। ताज्जुब होता है जिस भारतीय कैलेंडर ने दुनिया भर के कैलेंडर को वैज्ञानिक राह दिखाई आज हम उसे ही भूलने लग गए हैं। भारतीय हिंदू नववर्ष के दिन हम शुभकामनाएं देने से हिचकिचाते हैं शायद इसलिए की कहीं हम पर रूढ़ीवादी का टैग न लग जाए। जबकि अपनी संस्कृति संस्कारों का अनुसरण करना रूढ़िवादिता नहीं। यह तो वह बहुमूल्य धरोहर है जिससे एक तरफ पूरा विश्व सीख रहा है तो दूसरी ओर हम इस धरोहर को खोते जा रहे हैं। दुनिया को राह दिखाने वाली संस्कृति आज खुद राह से भटकने को मजबूर है। भले ही आज सोशल मीडिया पर हिंदू नववर्ष को मनाने के लिए हम सब संदेशों को प्रचारित प्रसारित कर रहे हों लेकिन हकीकत में उस दिन को भूल जाते हैं। नवसंवत हमारी संस्कृति से जुड़ा है। हम कितनी भी बुलंदियां छू लें, लेकिन अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। कुछ लोग नवसंवत के महत्व को नहीं समझते। अपने धर्म व संस्कृति के उत्सवों को मनाने का सभी में लगाव होना चाहिए। हमारे महापुरुषों व वीर योद्धाओं ने धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए बहुत बलिदान दिया है क्या वह बलिदान इसलिए ही दिया था की एक दिन हम अपनी संस्कृति व धर्म को ही भूल जाएं। वास्तव में, विक्रम संवत न सिर्फ एक मान्यता है, बल्कि खगोलीय गतिविधियों को भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रमाणित करता है।

विदेशी परंपराओं से परे अपनी भारतीय संस्कृति की इस अनमोल धरोहर व सटीक गणितीय गणना वाले विक्रम संवत का नई पीढ़ी में भी सही जानकारी के साथ प्रचार-प्रसार होना चाहिए। हर्षोल्लास के साथ हिंदू नव वर्ष मनाया जाना चाहिए। अपनी संस्कृति से जुड़कर ही हम देश व समाज के लिए कुछ सकते हैं।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

## परिवार का परिवेश

विजय गर्ग

**भटकने को** तो कहीं भी भटक लो, लेकिन भटकते-भटकते एक समय ऐसा भी आता है कि जब घर की याद सताने लगती है। जितना सुकून हमें अपने घर में मिलता है, बाहरी दुनिया में नहीं मिलता। लेकिन हमारे जीवन क्रम में अनेक अवसरों पर ऐसे योग-संयोग बन जाते हैं कि हमें बाहरी दुनिया से रूबरू होने का अवसर मिल जाता है। अजनबी जगह जाने पर कहीं न कहीं किसी न किसी रूप में हम अपनी जरूरतों के लिए अन्य लोगों पर निर्भर रहते हैं। यह बड़ी अजीब बात है कि रोजमर्रा की जीवनशैली से भी हम कभी न कभी उकता जाते हैं। बोलचाल की भाषा में कहें तो हवा बदलने की तलब लगने लगती है। विचार आता है कि कहीं तीर्थाटन चलें या कहीं पर्यटन पर पर्यटन वैसे भी ज्ञान का एक खास स्त्रोत है और इससे कौन समृद्ध नहीं हुआ है! कभी-कभी देश की सीमा से पार जाकर दुनिया देखने की हूक भी उठती है, जिसके चलते गाढ़े परिश्रम से अर्जित धन को खर्च करने में भी हम हिचकते नहीं नए परिवेश में जाकर हमें अपनी सामान्य दिनचर्या में कुछ आवश्यक तब्दीलियां भी
करनी पड़ती हैं। आखिरकार नए लोग और नई दिनचर्या तथा जीवनशैली के प्रति हमारा आकर्षण चाहे कितना भी प्रबल हो, लेकिन रह-रहकर घर की याद सताने लगती है और हम एक निश्चित अंतराल से अपने घर की ओर लौट जाते हैं। हर एक छोटी-बड़ी यात्रा हमें अपने जीवन में नई सीख देती है। नए-नए लोगों से मिलना, उनके रहन-सहन और खानपान के साथ-साथ आचार-विचार और व्यवहार का अध्ययन करना हमें बहुत कुछ सिखा देता है। हर किसी की अपनी घर की दुनिया होती है, जिस पर सभी लोग गर्वित होते हैं। वहां भांति-भांति के रिश्तों की डोर से हम बंधे होते हैं। लेकिन यह बंधन हमें निरंतर नई ऊर्जा और प्रेरणा से सराबोर रखता है। परिवार में हम अलग-अलग संबोधन से जाने जाते हैं। हर एक संबोधन की गरिमा का हमें विशेष खयाल रखना होता है। आमतौर पर हम रखते ही हैं। परिवार के किसी सदस्य की छोटी से छोटी उपलब्धि पर भी हम प्रसन्नता से भर जाते हैं। सदस्य विशेष के विकट दौर में हम गहरे अवसाद में डूब जाते हैं। परस्पर एक दूजे का दर्द समझते हुए उसे दूर करने का हर संभव प्रयास भी किया करते हैं। हम अपने परिवार के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन विशुद्ध रूप से कर्तव्य भाव से ही करते हैं। जब हम अपने कर्तव्यों का भलीभांति पालन कर चुके होते हैं, तब अंतर्मन में असीम संतुष्टि का बोध होने लगता है। परिवार से मिली ऊर्जा हमें थकने नहीं देती। इन तमाम संदर्भों में यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि परिजनों में परस्पर वैचारिक सामंजस्य स्थापित करने की दिशा में हम निरंतर प्रयत्नशील रहें। बहुत स्वाभाविक है कि हर एक सदस्य की अपनी अलग विशिष्ट विचारधारा हो सकती है। सबकी अपनी-अपनी भूमिका होती है या फिर वक्त के साथ वे नई भूमिकाएं चुनते हैं। किसी भी विषय को अपनी बुद्धि और विवेक के आधार पर अलग-अलग नजरिए से देखा जाना भी बहुत स्वाभाविक होता है।

## विचार

# हिन्दू नवसंवत्सर २०८१ का स्वागत करें

डा.मनमोहन प्रकाश

**चैत्र मास** के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से (९ अप्रैल २०२४ ) विक्रम संवत २०८१ प्रारंभ हो रहा है( विक्रमादित्य ने अपने नाम पर संवत्सर की शुरूआत की )। हिन्दू इस तिथि से नव संवत्सर/नये साल की शुरूआत मनाते हैं। सनातन संस्कृति में आस्था और विश्वास रखने वालों के लिए यह दिन विशिष्ट है क्योंकि ऐसी मान्यता है कि इस दिन/तिथि पर ही सृष्टि की उत्पत्ति हुई, भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया,प्रभु श्रीराम ने बाली का बध किया, मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का राज्य अभिषेक हुआ तथा चैत्र नवरात्रि( देवी अराधना के नौ दिन) तथा चैत्री पंचांग भी इस दिन से ही आरंभ होता है।इस दिन को नव वर्ष, गुड़ी पड़वा, उगादी, चेटीचंड, चित्रेश तिरुविपा के रूप में एक त्यौहार की तरह मनाते हैं।

पिछला विक्रम संवत २०८० जहां याद किया जायेगा भारत के चहुंमुखी विकास के लिए उसके बड़ते कदम के लिए, एशियन गेम्स तथा अंतरराष्ट्रीय खेलों में बढ़ती सफलता के लिए, जी-20,पी-20, चन्द्रयान मिशन-3, आदित्य एल-1की सफलता के लिए,अंतरराष्ट्रीय राजनीति में बढ़ते प्रभाव के लिए,नये संसद भवन के उद्घाटन के लिए,रेल आधुनिकरण के प्रतीक के रूप में अमृत भारत,वंदे भारत,नमो भारत ट्रेनों की बढ़ती संख्या के लिए , हवाई अड्डों के आधुनिकरण के साथ बढ़ती संख्या के लिए, मेट्रो के विस्तार के लिए, विस्तार लेते कोरिडोर और सड़कों के लिए, पर्यटन स्थलों (विशेष कर धार्मिक) के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए,सैन्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता तथा निर्यात की ओर बढ़ते कदम के लिए, विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था से तीसरी अर्थव्यवस्था तथा विकसित राष्ट्र बनने के लिए तेज होते प्रयास के लिए,दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले लोकतांत्रिक देश के लिए,संसद में समर्थन प्राप्त करते भारतीय नागरिक संहिता विधेयक 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक 2023, भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023, महिला आरक्षण विधेयक 2023,नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023,जन विश्वास संशोधन विधेयक 2023 आदि के लिए, शहरों, रेलवे स्टेशन, स्टेडियम, एयरपोर्ट, द्वीपों, सड़कों के भारतीय नामकरण के लिए ,साथ ही भ्रष्टाचार, नक्सलवाद , आतंकवाद को समाप्त करने के लिए संकल्पित भारत के लिए।अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का उद्घाटन तथा कल्की धाम मंदिर निर्माण शिलान्यास भी सनातनियों के लिए किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है।बहुत सारी अन्य उपलब्धियां भी पिछले संवत्सर में अर्जित की हैं जिन पर प्रत्येक भारतीय अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता हैं।देश में कुछ घटनाएं ऐसे भी रही हैं जैसे जम्मू-कश्मीर में होती छुटपुट आतंकी घटनाएं और मुठभेड़, बालापुर ट्रैन हादसा, सिल्क्यारा सुरंग हादसा, मणिपुर हिंसा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और दिल्ली में भारी बारिश तथा तमिलनाडु के मिचौंग तूफान से प्रभावित होते जनजीवन के लिए, एक दिवसीय विश्व कप क्रिकेट के फाइनल में मिली शर्मनाक हार तथा सड़क दुघर्टनाओं में मौत के बढ़ते आंकड़े आदि जिन्हें हर भारतीय भूलाना चाहेगा, संवत्सर २०८१में पुनः नहीं देखना चाहेगा। पिछले संवत्सर (२०८०) की कुछ चुनौतियां इस संवत्सर (२०८१) में भी भारतीयों को परेशान कर सकती हैं, जिनका हल ढूंढ़ने के लिए राज्य और केंद्र की सरकारों को ईमानदार प्रयास करना होगा जैसे गरीबी, बेरोजगारी को कैसे कम किया जाए?, महंगाई पर कैसे काबू पाया जाए ?, पर्यावरण प्रदूषिण को कैसे कम किया जाए? भ्रष्टाचार को कैसे रोका जाए?, अपराध को कैसे कम किये जाए ?, प्रत्येक दिन-दुखी,गरीब, वंचित,आरक्षित लोगों तक सरकारी कल्याण कारी योजनाओं का लाभ कैसे पहुंचाया जाए?, उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को और बेहतर कैसी बनाया जाए ?। एआई के दूरपयोग को कैसे रोका जाए तथा उससे उपजी संभावनाओं का कैसा लाभ लिया जाए ? तथा डीप-फेंक से भविष्य में कैसे निपटा जाए ? आदि संवत २०८१ में देशवासियों की निगाह रहने वाली हैं लोकसभा के चुनाव परिणामों पर, आगामी पांच वर्षों के लिए गठित होने वाली केन्द्र सरकार पर।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# स्वस्थ नागरिक सशक्त राष्ट्र

संजीव

**मानव** जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है' मनुष्य यदि स्वस्थ्य नहीं रहता तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है' इसी तरह समय को भी धन ही कहा जाता है समय का जो सही सदुपयोग करता है वह उन्नति के शिखर पर होता है' मजबूत राष्ट्र सदैव समय की कीमत समझता है और जो समय की कीमत समझता है समय उसकी कीमत समझता है' समय का सही सदुपयोग न करने वाले अस्वस्थ मनुष्य का जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रहता है' इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है' इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरूआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके' भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है' इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है' इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगा' फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरूआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55% हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी,अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है।

## नए जमाने की कूटनीति

डॉ. सुरेश कुमार

**राजनीति शास्त्र** की कक्षा चल रही थी। प्रोफेसर ने एक छात्र से पूछा मैंने तुम्हें इतने दिनो तक पढ़ाया है। अब बताओ तुम क्या बनना चाहते हो? छात्र ने आत्मविश्वास के साथ कहा राजनीतिक विषक! राजनीतिक विषक? यह कैसा प्रोफेशन है? मैंने तो राजनीतिक विश्लेषक के बारे में पढ़ाया था। राजनीतिक विषक तो राजनीति में विष फैलाने वाला होता है। वही तो मैं यही करना चाहता हूँ। आजकल यही सब तो हो रहा है। आपने मुझे सिद्धांतों के नाम पर राजनीति का सबसे उबाऊ पाठ पढाया है। मैं आपको समझाता हूँ कि राजनीति होती क्या है और उसमें विषक बनने के क्या लाभ हैं? क्या विषक बनने से लाभ होता है? कहीं तुम्हारा दिमाग खराब तो नहीं हो गया है? बिल्कुल नहीं। विषक बनकर नाम का नाम और ऊपर से दाम कमा सकते हैं। वह कैसे? देखिए सर! सबसे पहले एक साफ पानी वाला राज्य ढूँढ़कर उसमें दुनियाभर के षड़यंत्रकारी विचारों की गंदगी मिला देनी चाहिए। गंदगी अच्छे से मिक्स हो जाए इसके लिए उसे बार-बार फेंटना चाहिए। जब यह अच्छे से मिल जाए तब लोगों को धर्म के नाम पर लड़ाना चाहिए। बेसिर पैर की बातों से कन्फ्यूजन पैदा कर सिर के बाल नोचवाने के लिए नए-नए करतब करवाना चाहिए। स्थिति ऐसी हो जानी चाहिए कि जनता एक-दूसरे से लड़ने लगे और अपने ही भाई-बंधुओं का खून बहाकर चैन की नींद सो सके। जब जनता अपनी सुध-बुध गंवाकर यह समझ न पाए कि कौन अपना है और कौन पराया तभी अच्छे को बुरा और बुरे को अच्छा बताकर उनका माइंड वाश करना चाहिए। उन्हीं के मुँह से चींटी को हाथी और हाथी को चींटी कहलवाना चाहिए। तब वे हमारे बताए उम्मीदवार को झक मारक जितायेंगे। इसी को कहते हैं राजनीतिक विषक। विश्लेषक का काम दूध का दूध और पानी का पानी करना होता है जबकि राजनीतिक विषक का काम दूध का जहर और पानी का गटर करना होता है। जब हम इस कला में निपुण हो जाते हैं तब हर राज्य हमें सामने से बुला-बुलाकर यही काम करने के लिए ऑफर देने लगेंगे। तब रुपए-पैसों का इतना अंबार लगेगा कि गिनने के लिए हमारा गणित भी हाथ खड़े कर देगा।

## न्यूज फ्लैश

### बुजुर्ग को एक साल गुजरने के बाद भी तीन माह की नही मिली पैंशन



**गन्नौर।** भले ही सरकार द्वारा बुजुर्गो को समय पर पैंशन देने के दावे किए जाते है लेकिन एक साल गुजर जाने के बाद भी बुजुर्ग की तीन महीने की बुढापा पैंशन खाते में नही आई है। कई महीने परेशान होने के बाद बुजुर्ग ने सीएम वींडो में मुख्यमंत्री को शिकायत देकर अपनी 3 अक्तुबर 2023 को अपनी पैंशन के लिए गुहार लगाई। गांव लल्हेड़ी कलां गांव का बुजुर्ग प्रभु मलिक करीब 6 महीने का समय गुजरने के बाद भी बुजुर्ग पैंशन के लिए अधिकारियों से गुहार लगा रहा है लेकिन कोई उनकी सुनने वाला नही है। बुजुर्गों ने समय पर बुढापा पैंशन बुजुर्गों के खाते में न भेजने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बुजुर्ग प्रभु ने बताया कि पैंशन के लिए सीएम वींडो पर शिकायत करने के 6 माह बाद भी कोई कार्रवाई नही हुई है। उनकी पैंशन अप्रैल, मई, जून 2023 की खाते में नही आई है।

**रिकार्ड देखने के बाद ही पता लग पाएगा : हुड्डा**

डीएसडब्ल्यूओं रविन्द्र हुड्डा ने बताया कि आज रविवार को कार्यालय में अवकाश है। वे तो रिकार्ड देखकर ही बता पाएंगे कि बुजुर्ग की पैशन न आने का क्या कारण है।

### युवती ने पति पर मारपीट कर जान से मारने का लगाया आरोप

**गन्नौर।** पटेल नगर में रहने वाली युवती ने अपने पति पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में सुशीला ने आरोप लगाया कि उसका पति सुरेश कुमार मारपीट कर गंदी-गंदी गालियां देने के साथ मानसिक रुप से प्रताड़ित करता है। आरोप है कि गत 31 दिसंबर को मेरे पति ने अपने भाई उमेद और भाभी बाला के कहने पर घर का ताला लगाकर मारपीट की। उसने डायल 112 पर काल करके पुलिस को बुलाया और अंदर से ताला खुलवाया। शिकायत में महिला ने बताया कि पहले भी कई बार शिकायत दर्ज करवाई है लेकिन आज तक कोई सुनवाई नही हुई है। उसका पति मारपीट के बाद मेरे बेटे को भी घर को बेचकर अपने भाई-भाभी को देने की कहते हुए बेटे को भी घर से निकालने के लिए कहता है। शिकायत में युवती ने बताया कि उसकी जान- माल की रक्षा की जाए।

### आशीष मलिक ने 100 मीटर व 200 मीटर में जीता स्वर्ण



**गन्नौर।** दिल्ली में डा. लाल सिंह फाउंडेशन द्वारा शारीरिक रूप से कमजोर नेशनल ओपन एथलीट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें गांव तेवड़ी के मानसिक रूप से अशक्त आशीष मलिक ने 100 मीटर व 200 मीटर में स्वर्ण पदक जीत कर गांव का नाम रोशन किया। आशीष मलिक गांव के स्टेडियम में अपने कोच संदीप पहलवान के पास रह कर ही अपना अभ्यास करता है। कोच संदीप मलिक ने बताया की आशीष मलिक बहुत ही होनहार युवा हे और यह भविष्य में ऐसे ही गांव का नाम रोशन करेगा। अभी उसका अगला लक्ष्य राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने का है। गांव के बड़े बुजुर्गों ने मेडल जीतने पर आशीष मलिक को बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

### विश्व जागृति मिशन, पानीपत मंडल का वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया।

**पानीपत:** परम पूज्य सुधांशु जी महाराज द्वारा संचालित विश्व जागृति मिशन, पानीपत मंडल का वार्षिकोत्सव निंबरी स्थित श्री सोमनाथ आश्रम में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बाल संस्कार केंद्र, ध्यान साधना, योग एवं एक मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। बाल संस्कार के अंतर्गत बच्चों को मिट्टी के कसोरे देकर पक्षियों के लिए दाना पानी की सेवा करने का संदेश दिया। योग एवं ध्यान साधना के अंतर्गत योग शिक्षक अशोक अरोड़ा एवं उनकी पूरी टीम ने कार्यक्रम में आए सभी भक्तजनों को योग भगाए रोग को सिद्धांत पर चलने का संदेश दिया।

# हरियाणा के विकास में पूर्वांचलवासियों की भूमिका अहम : कविता जैन

## प्रदेश की भाजपा सरकार ने बढ़ाया पूर्वांचल वासियों का मान-सम्मान: कविता जैन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि हरियाणा की प्रगति में पूर्वांचल वासियों का अहम योगदान है। कृषि और उद्योग दोनों क्षेत्रों के विकास में पूर्वांचल समाज के लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज पूर्वांचल समाज के लोग हरियाणा का अहम हिस्सा बन चुके हैं। इसलिए भाजपा भी पूर्वांचल समाज को प्रदेश में राजनीतिक रूप से मजबूत बनाना चाहती है। भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के माध्यम से इस दिशा में आगे भी महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा । पूर्व मंत्री कविता जैन पार्टी के स्थापना दिवस पर भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित पूर्वांचल प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री डा.अर्चना गुप्ता, पूर्व



विधायक अनिल ठक्कर, जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा, जिला महामंत्री नवीन मंगला, कुंडली नगर पालिका की चेयरपर्सन शिमला देवी, पूर्वांचल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक पवन प्रताप यादव, प्रदेश सह संयोजक अवधेश किशोर, प्रदेश आईटी प्रमुख रंजू प्रसाद व जिला संयोजक राजनारायण सिंह ने भी बैठक में अपने विचार रखे ।

पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भी पूर्वांचल वासी अहम भूमिका निभाएंगे और भाजपा संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे । पूर्वांचल समाज के विशेष सहयोग से पार्टी प्रदेश की सभी दस सीटों पर बड़ी जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने शुरू से ही पूर्वांचल वासियों का मान-सम्मान बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है । जबकि पूर्व की सरकारों ने पूर्वांचल समाज को हमेशा ही नजर

**भूमिका**

**8 कृषि और उद्योग दोनों क्षेत्रों के विकास में पूर्वांचल समाज के लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है।**

अंदाज किया है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा कार्यक्रमों में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ पूरी पार्टी संगठन ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है।

आज पूर्वांचल समाज मजबूती के साथ भाजपा के साथ जुड़ रहा है, यह हम सभी के लिए बहुत ही खुशी की बात है। ऐसे समय में पूर्वांचल प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व कार्यकताओं को पूरी मुस्तैदी के साथ काम करना होगा।

# विद्यार्थियों के लिए इंटर क्लास गतिविधि का आयोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** आईबी महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा बी.ए द्वितीय(इंग्लिश ऑनर्स) और बी.ए द्वितीय (ए) के विद्यार्थियों के लिए इंटर क्लास गतिविधि का आयोजन किया। इसका आयोजन प्रोफेसर मंजली द्वारा किया गया जिसमें दोनों कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। गतिविधि के द्वारा विद्यार्थियों ने अच्छी लिखावट में प्रेरक 'कोटेशन' लिखा` कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार गर्ग जी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए इन सभी प्रेरक 'कोटेशन' को हमें अपनी जिंदगी में भी अपनाना चाहिए हमें इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। बच्चों को समझाते हुए कहा कि ऐसी प्रेरक कोटेशन हमारी जिंदगी में हमें आगे बढ़ने में सहायक है।विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए एक सफल गतिविधि की शुभकामनाएं दी और बच्चों को मोटिवेशनल कोटेशन अपनी जिंदगी में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस गतिविधि के परिणाम इस प्रकार रहे, प्रथम स्थान नेहा बी.ए द्वितीय वर्ष, वर्षा बी.ए द्वितीय वर्ष (इंग्लिश ऑनर्स) से और तीसरा स्थान जसमीत कौर बी.ए द्वितीय वर्ष (इंग्लिश ऑनर्स) से और सांत्वना पुरस्कार नेहा बी.ए द्वितीय वर्ष (इंग्लिशऑनर्स) से रही।

### युवकों ने मारपीट के बाद सिर में चोट मारी

**गन्नौर।** गांव खेड़ी गुज्जर के युवक ने गांव के कुछ युवकों के साथ मारपीट करने के मामले में गन्नौर थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाया। पुलिस को दी शिकायत में गौत्तम ने बताया कि गांव के युवक रामबीर, धर्मबीर, विश्वास, रजत, सन्दीप ,ओमबीर व अन्नु ने मार पीट की है। शिकायत में बताया कि 4 अप्रैल की शाम 7 बजे में अपने चचेरे भाई सोनू के साथ टैन्ट का सामान लेने के लिए टैन्ट वाले के पास ले कर जा रहे थे तो रास्ते में रामबीर का मकान आया। उसने हमारा ट्रैक्टर रुकवा कर सभी व्यक्ति अपने घर से बाहर आए और मारपीट करने लगे। शिकायत में आरोप है कि वे नाली के उपर पहिया चढ़ाने को लेकर मारपीट करनी शुरू कर दी।

# मेधावी छात्रों ने मेरिट लिस्ट में किया पांच स्थानों पर कब्जा

## कॉलेज का हर विद्यार्थी नैतिक एवं व्यवहारिक शिक्षा पाकर समाज और मानवता की सेवा करे यही कॉलेज का ध्येय है: दिनेश गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के पांच होनहार एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने एमएससी केमिस्ट्री (रसायन शास्त्र-तृतीय सेमेस्टर) की परीक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त कर कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र की मेरिट लिस्ट में न सिर्फ पहले स्थान पर कब्जा किया बल्कि मेरिट लिस्ट के तीसरे, पांचवें, छठे और आठवें स्थान पर भी काबिज होकर कॉलेज का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया । निखिल ने 316 अंक के साथ पहला, यश ने 280 अंक के साथ दूसरा, दीक्षा ने 276 अंक के साथ पांचवां, पूनम ने 275 अंक के साथ छठा और मंजू ने 270 अंक के



साथ आठवाँ स्थान हासिल कर इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को प्राप्त किया । विश्वविधालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद यह जानकारी कॉलेज प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने दी । प्रधान दिनेश गोयल और प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने मेधावी छात्र-छात्राओं पर गर्व करते हुए निखिल, यश, दीक्षा, पूनम और मंजू की मेहनत और लगन की भरपूर सराहना की । प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि कॉलेज में एमएससी रसायन शास्त्र कोर्स को लेकर कॉलेज प्रबंधकारिणी शुरू से ही प्रयासरत और सकारात्मक रही है । एमएससी केमिस्ट्री के विद्यार्थियों ने भी कॉलेज के इस फैसले को अपनी मेहनत और बेहतर परिणामों के बल पर सार्थक साबित किया है और प्रत्येक वर्ष हर सेमेस्टर में छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन शानदार रहा है । निखिल, यश, दीक्षा, पूनम और मंजू ने मेहनत और लगन के बल पर यूनिवर्सिटी की मेरिट लिस्ट में स्थान पाकर कॉलेज का मान बढ़ाया है । यूनिवर्सिटी की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाना एक असाधारण प्राप्ति है । यह एक विलक्षण उपलब्धि है जिसने कॉलेज इतिहास में नई जगह बनाई है । उन्होंने रसायन विभाग के सभी प्राध्यापकों और कॉलेज प्रबंधकारिणी की ह्रदय से तारीफ करते हुए कहा कि यह सभी की मेहनत और मार्गदर्शन का परिणाम है।

### सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

**समालखा (कुलदीप सिंह): जीटी** रोड पर हुए अलग-अलग सडक हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में महेश धीमान निवासी गुरुनानाक मोहल्ला ने बताया कि उसके पिता कृष्ण धीमान अपनी मोटरसाईकिल पर पानीपत से वापिस घर आ रहे थे। करीब साढ़े बारह बजे गीता सरोवर होटल के नजदीक पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बाईक को साईड मार दी। जिससे बाईक असंतुलित होकर डिवाडर से जा टकराई। हादसे में उसके पिता को गंभीर चोट आई ओर राहगीरों ने उन्हें ईलाज के लिए सरकरी हस्पताल समालखा में भर्ती करवाया। सूचना मिलने पर वो भी अस्पताल पहुंच गए। गंभीर चोटों के कारण डाक्टर ने उन्हें रैफर कर दिया। पानीपत के अस्पताल में ईलाज के लिए दौरान उनकी मृत्यु हो गई। वहीं दूसरे हादसे में कार की टक्कर लगने से एक ट्रक चालक की मौत हो गई। पुलिस को दी शिकायत में विजय वासी गांव सिरा जम्मु कशमीर ने बताया कि उसका भाई राकेश ड्राईवरी करता था और वह हैल्पर काम करता है। गत 3 अप्रैल को वो दोनों गाजियाबाद से ट्रक में सामान लोड करके जम्मु के लिए निकले थे। रात करीब साढ़े दस बजे सरताज होटल के सामने फ्लाईओवर से उतरते ही ट्रक के पिछले टायर में आवाज आ रही थी। उसके भाई ने ट्रक को साईड में लगा दिया और नीचे उतरकर जांच करने लगा। इसी दौरान दिल्ली की तरफ से आई कार ने उसके भाई राकेश को टक्कर मार दी।

# महर्षि कश्यप के जीवन से सीख लेने की जरूरत: देवेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि समाज में बहुत सारे ऐसे महापुरुष हुए है, जिन्होंने न केवल कश्यप समाज, बल्कि पूरे समाज को अच्छा रास्ता दिखाने का काम किया। इसलिए उन्हें हर वर्ग याद करता है। महर्षि कश्यप उनमें से एक थे। समाजसेवी देवेंद्र कादियान रविवार को गांव शेखपुरा में महर्षि कश्यप जयंती कार्यक्रम में बोल रहे थे। यहां कश्यप समाज की ओर से पहली बार कश्यप चौपाल में उत्साह व



हर्षोल्लास के साथ महर्षि कश्यप जंयती मनाने के साथ विशाल भंडारा लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने महर्षि कश्यप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। इससे पहले ग्रामीणों ने कार्यक्रम में पहुंचने पर कादियान जोरदार स्वागत किया।

**प्रेरणास्त्रोत**

**8 समाज में बहुत सारे ऐसे महापुरुष हुए है, जिन्होंने पूरे समाज को अच्छा रास्ता दिखाने का काम किया**

समाजसेवी कादियान ने कहा कि महर्षि कश्यप का नाम महान सप्त षियों में आता है। हम सभी को उनके द्वारा दर्शाए मार्ग पर चलकर सभ्य समाज की संरचना में सहयोग देने की जरूरत है। तभी हम युवा पीढ़ी के प्रेरक और अनुकरणीय सीख दे सकते है। बदलते परिवेश में देखा जाए तो हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति वर्तमान में भी हमारा मार्ग दर्शन कर रही है। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच कर्मबीर उर्फ कर्मा, अगवानपुर सरपंच मंजीत कुमार, बिल्लू शेखपुरा, बलवान कश्यप, श्रीराम कश्यप, ओमप्रकाश कश्यप, सुरेंद्र कश्यप, मामन कश्यप, शिपु कश्यप, संजू कश्यप आदि मौजूद रहे।

# दो महीने से नाले का काम अधर में

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा ( कुलदीप सिंह ) गांव** मनाना में नाले निर्माण का काम ठेकेदार द्वारा अधर में छोडने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी के कारण वो नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। प्रशासन को इसकी जानकारी होने के बावजूद भी वह कोई कदम नहीं उठा रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया।

ग्रामीण राममेहर, महावीर, राजेश, चांद, संदीप, दलबीर, सुभाष, मुकेश, सोनू, अनिल आदि ने बताया कि गांव मनाना में महावीर की दुकान से लेकर फिरनी तक नाला कई वर्षों से टूटा हुआ था और कई वर्षों से इसकी सफाई नहीं हुई

**लोग परेशान**

**8 प्रशासन को इसकी जानकारी होने के बावजूद भी वह कोई कदम नहीं उठा रहा है**

थी। इसको लेकर कई बार शिकायत देने के बाद करीब 12 लाख रुपए की लागत से नाला बनाने का टैंडर पास हुआ था। ठेकेदार द्वारा करीब दो महीने पहले काम शुरू किया गया था।

ठेकेदार ने नाले की गंदगी निकाली के बाद खुदाई करते हुए उसे अधर में छोड़ दिया। नाले की पुरानी दीवार कटाव के कारण गिर रही है और उसके साथ लगे हुए ट्रांसफार्मर के गिरने का भय बना हुआ है। जिसके कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। खुदाई के कारण कई बार पशु उसमें गिरकर फंस चुके हैं और उन्हें काफी मशक्त से निकालना पड़ता है।

बाहर निकाली गई गंदगी के कारण बदबू व मक्खी मच्छरों के कारण उनका जीना दुश्वार हो गया है। बिमारियों के फैलने का भय बना हुआ है। कभी कभार ठेकेदार के मजदूर आते हैं और देखकर चले जाते हैं। ना तो ठेकेदार ना ही सम्बंधित विभाग के अधिकारी अपनी जवाबदेही मानने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि समस्या को लेकर वो डीसी व बीडीओ से मिलेंगे।

### युवक को क्लब के बाहर मारी गोली

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:** यहां एमजी रोड पर एक क्लब के बाहर कुछ युवकों ने एक युवक को आपसी विवाद में गोली मार दी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटनास्थल की कुछ दूरी पर ही पुलिस चौकी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। रविवार को एमजी रोड पुलिस चौकी प्रभारी सुरजीत ने बताया कि धारा 307 और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम मोहित (26) अपने दोस्तों के साथ डीटी सिटी सेंटर मॉल के क्लब में पार्टी करने आया था।

# विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जा रहा: सुखबीर

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** इसी कड़ी में हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार गुप्ता जो कुरुक्षेत्र लोकसभा के उम्मीदवार भी हैं ने अपने सभी साथियों के साथ मिलकर केजरीवाल को आशीर्वाद नाम से एक दिन का सामूहिक उपवास रखने की घोषणा की जो के कुरुक्षेत्र ब्रह्मा क्षेत्र में किया गया।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार गुप्ता एवं सीनियर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा वह अन्य वरिष्ठ नेताओं तहत हुआ।

पानीपत जिला के सभी साथियों के साथ मिलकर इस सामूहिक उपवास केजरीवाल को आशीर्वाद में हिस्सा लिया और शाम 5:00 बजे तक उपवास किया जिन साथियों ने




सुखबीर सिंह मलिक के साथ उपवास किया वह है राजकुमार मुंडे होशियार सिंह निमबरिया अमित मनफुल सुरेंद्र मंडी मुकेश शर्मा संदीप मनचंदा बीके कौशिक, लाभ सिंह आर्य रणवीर आर्या राजेश सरोहा अश्विनी दूल्हेड़ा प्रेमकुमार डॉ अजय शर्मा प्रतीक कंसल सरोज बाला अनिल रंगा,बाबूराम गोयल रिश्ता नयन रिंपी फौगाट नरेश बागड़ी रोहतास सिंगल रहे।

इस मौके पर प्रदेश सहसचिव सुखबीर सिंह मलिक ने कहा समय का घटना चक्र बदल रहा है

जनता धीरे-धीरे जागरूक हो रही है उनका डर जायज है क्योंकि उनका

**समर्थन**

**8 केजरीवाल को आशीर्वाद नाम से एक दिन का सामूहिक उपवास कुरुक्षेत्र ब्रह्मा क्षेत्र में किया गया**

ग्राफ दिन नीचे आ रहा है जहां 400 सीट्स की बात हो रही है वहां 40 सीट्स की उम्मीद नहीं है,यह डर की वजह से विपक्ष के नेताओं को बिना कारण अंदर करना विपक्ष के खाते सीज करना ताकि वह प्रचार ना कर सके।

यही डर की वजह से अब सोशल मीडिया पर भी आक्रमण शुरू कर दिया है कई चैनलों को बंद किया।

# कुरान एक किताब नहीं बल्कि दुनिया में जीने का तरीका है: सादिक

## हर नमाजी को इशा की नमाज के साथ तरावीह पढना सुन्नत है। इन तराबियों के मौके पर कुरआने करीम पढ़ा जाता है

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** पानीपत शहर स्थित ईदगाह व अन्य मस्जिदों में कुरान पूरा होने रस्म अदा की जा रही है। रमजान का महीना बहुत ही पाक व मुकद्दस का महीना है। इस महीने में हर मुसलमान पर रोजा रखना फर्ज है और हर नमाजी को इशा की नमाज के साथ तरावीह पढना सुन्नत है। इन तराबियों के मौके पर कुरआने करीम पढ़ा जाता है। शनिवार रात को मॉडल टाउन स्थित ईदगाह में कुरान पूरा होने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुरान पढने वाले हाफिज समद (उस्मान) और उसे सुनने वाले हाफिज जिशान को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मस्जिद के



इमाम मौलाना सादिक साहब ने मौजूद लोगों को संदेश दिया कि रमजान में पूरे साल होने वाले गुनाहों से तौबा की जाती है। इससे पहले दोनों बच्चों को बुजुर्गों और परिजनों ने दुआओं से नवाजा। बच्चों के परिजनों ने बताया कि यह उनके और खानदान व रिश्तेदारों के लिए खुशी का मौका है। कुरान को किरत के साथ मुकम्मल कराने मे मौलाना सादिक का बड़ा सहयोग रहा। मौलाना ने बताया कि कुरान की तालीम हर मुसलमान के लिए जरूरी है क्योंकि कुरान एक किताब

**अमन का पैगाम**

**8 शनिवार रात को मॉडल टाउन स्थित ईदगाह में कुरान पूरा होने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया**

नहीं बल्कि दुनिया में जीने का तरीका है। अल्लाह ताला ने अपनी उम्मत को कुरान को उठाने की वह ताकत दी है, जो बड़े बड़े पहाड़ों को भी नहीं मिली। जब कुरान नाजिल हुआ था तो पहाड़ भी लरज गए थे। बताया गया कि रमजान के पवित्र माह में ही कुरान नाजिल हुआ था। उन्होंने कहा कि कुरान अमन का पैगाम देता है। कुरान पूरी दुनिया के लिए हिदायत का जरिया है। उन्होंने खासतौर से नौजवान युवाओं और युवतियों को मोबाइल एवं सोशल मीडिया से दूर रहने पर जोर दिया। कुरान को सीने से लगाने का पैगाम देते हुए मौलाना ने कहा कि जब तक उम्मते मोहम्मदिया कुराने को सीने से नहीं लगाएगी, कुरान से सच्ची मोहबबत नहीं करेगी। तब तक कामयाबी नहीं मिलेगी। इस मौके पर अंजूमन इस्लामिया कमेटी ईदगाह के प्रधान मोहम्मद असद, अतिक आलम, कादीर, अजीज, जमशेद, अनवर अली, आलम, शहवाज समेत सैकेंड़ों लोगों ने दुआ में शिरकत किया।

# छात्र-छात्राओं हेतु 42वां चावल व कापियां वितरण समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : सन** 1982 से सामाजिक कार्यों में सेवारत संस्था समाज सेवा समिति द्वारा 1000 जरूरत मंद परिवारों व छात्र छात्राओं हेतु 42 वा चावल व कापियां वितरण समारोह गीता भवन शहर के विशाल प्रांगण में आज 7 अप्रैल को दर्शनीय देश भक्ति व लोक नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुति से आरंभ हुआ। इस समारोह में गरिमामयी उपस्थिति अतिथि राजपाल चुग, राजीव जैन भा. ज. पा. नेता, पवन गोयल उपाध्यक्ष हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल , दीक्षित हसीजा प्रसिद्ध समाजसेवी .के एल तनेजा ,डीसी गेरा , कैलाश गुप्ता गीतांजलि गार्डन ,सुबेदार मेजर जय नारायण खोखर, ओ पी मुंजाल , सुरेंद्र ऐलावादी , राजीव बाटला प्रो. वसुंधरा गार्डन



तथा श्री वेद प्रकाश शर्मा प्रसिद्ध समाजसेवी व प्रख्यात धर्म प्रेमियों ने समारोह की शोभा को चार चांद लगाए समिति के मुख्य सरपरस्त पवन गोयल व समन्वय समिति के स्थाई सदस्य रमेश चंद हसीजा जी ने संयुक्त रूप से बताया कि समिति अपने मुख्य उद्देश्य नर सेवा नारायण सेवा को कार्यान्वित करते हुए विकलांगों,विधवाओं जरूरतमंद निर्धन परिवारों को प्रतिवर्ष ट्राई रिक्शा, व्हीलचेयर, सिलाई मशीनें, कंबल, जर्सियां, कापियां, चावल तथा सर्व जातिय कन्याओं का विवाह के आयोजन के माध्यम से लगातार 42 वर्षो से लाखों की संख्या में सहायता सामग्री प्रदान कर रही है।

# साजिश है केजरीवाल की गिरफ्तारी: सिंह

## आप सांसद संजय सिंह ने जंतर-मंतर से भरी हुंकार, देश को लूटने की फिराक में भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता देश भर में सामूहिक उपवास किया। आप नेता दिल्ली के जंतर-मंतर पर भी एक दिन का सामूहिक उपवास कर किया। सामूहिक उपवास के दौरान आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल को गहरी साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया है। अगर एक होम गार्ड और सिविल डिफेंस वालंटियर को पढ़ने के लिए दे दिया जाए तो वो भी तीन घंटे में बता देंगे कि फर्जी मुकदमा है। संजय सिंह ने कहा, 'मैं गहरी साजिश इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि सीबीआई और ईडी ने 456 गवाह बनाए हैं और 50 हजार पन्नों की चार्जशीट में चार बार अरविंद केजरीवाल का नाम लिया।' आप सांसद संजय सिंह ने कहा, जंतर-मंतर की ऐतिहासिक धरती से मैं कहना चाहता हूं अरविंद केजरीवाल इमानदार थे,




इमानदार हैं और इमानदार रहेंगे। अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री थे, मुख्यमंत्री हैं और मुख्यमंत्री रहेंगे।' उन्होंने कहा कि शराब घोटाला भारतीय जनता पार्टी ने किया है। राज्यपाल वीके सक्सेना को घेरते हुए संजय सिंह ने कहा कि अगर उन्हें अपने पद की जरा सी नैतिकता है। अगर संविधान में जरा सा भी भरोसा है तो आज ही चिट्ठी लिखकर ईडी, आईटी और सीबीआई की जांच कराएं। कहा कि भाजपा के नेताओं की कॉलर पकड़कर जेल भेजो। भाजपा के पास 55 करोड़ की मनी ट्रेल मिली है। हम सब को मिलकर इसकी जांच की मांग देश की सरकार, उपराज्यपाल और राष्ट्रपति से करनी चाहिए। सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा का तो काम हो गया है, चोरी भी और सीनाजोरी भी। पूंजीपतियों का 15 लाख करोड़ माफ कर दिया। नोटबंदी का घोटाला किया। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को छिपा दिया, जिसने एक एक भ्रष्टाचारी को चुन-चुनकर, माला पहनाकर अपने साथ मिला लिया वो भाजपा भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलती है। मोदी जी की गारंटी है, उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम एक भी भ्रष्टाचारी को नहीं छोड़ेंगे। सबको चुन चुन कर भाजपा में शामिल करेंगे। संजय सिंह ने कहा अमित शाह तीन महीने जेल में और दो साल गुजरात से बाहर रहे। पांच साल तक मुकदमा चला, जब उनकी सरकार बनी तब बरी हुए। भाजपा वाले नैतिकता के आधार पर सीएम अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा मांग रहे हैं। फिर भगवंत मान का इस्तीफा मांगेंगे और पूरा विपक्ष खत्म करके पूरे देश में बेइमानी करेंगे। पूरे देश को लूटेंगे। हम इन्हें दिल्ली लूटने नहीं देंगे। 15 साल एमएसडी को लूटा, वहां से जनता ने निकालकर कूड़ेदान में डाल दिया।

### सीएम को लोग अपना भाई-बेटा मानते हैं: आतिशी

**आतिशी** ने कहा, "दिल्ली के लोग सीएम केजरावाल को बहुत प्यार करते हैं।

वे इन्हें सीएम नहीं बल्कि अपना बेटा, अपना भाई मानते हैं। सभी चाहते हैं कि सीएम केजरीवाल को जमानत मिले। बीजेपी की ईडी और सीबीआई ने आप नेताओं के खिलाफ शराब घोटाले को लेकर एक भी सबूत पेश नहीं कर पाए हैं। अगर इसमें कोई भी मनी ट्रेल दिखता है तो वह शराब कारोबारी शरथ रेड्डी का बीजेपी की तरफ दिखता है।"

**बीजेपी पर ईडी ने छापा क्यों नहीं मारा: आतिशी**

आतिशी ने कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामलों के संबंध में बीजेपी के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई न करने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसी से सवाल किया। आतिशी ने कहा, "शरथ रेड्डी ने बीजेपी को 55 करोड़ रुपये का चंदा दिया। बीजेपी पर छापा क्यों नहीं मारा गया? या आरोपी क्यों नहीं बनाया गया? बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को क्यों नहीं बुलाया गया या गिरफ्तार नहीं किया गया?

# हिम्मत है तो दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाकर दिखाओ: गोपाल राय

**चुनौती**

**8 केजरीवाल कल भी जनता के लिए लड़ाई लड़ रहे थे और आज भी जनता के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं: राय**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के नेताओं ने रविवार को जंतर-मंतर पर एक दिन का सामूहिक भूख हड़ताल किया। मंत्री गोपाल राय ने इस दौरान सभा को संबोधित किया। उन्होंने बीजेपी को चुनौती देते हुए कहा कि यदि हिम्मत है तो दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाकर दिखाओ। हम तुम्हें नेस्तनाबूद कर देंगे। गोपाल राय ने कहा कि केजरीवाल कल भी जनता के लिए लड़ाई लड़ रहे थे और आज भी जनता के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं और यह लड़ाई जारी रहेगी। केंद्र की भाजपा सरकार ने हर वर्ग को



परेशान किया गया है। विश्वविद्यालयों के छात्रों को परेशान किया है।

**किसानों को किया परेशान: गोपाल राय**

उन्होंने कहा कि किसानों को परेशान किया है। वे दिल्ली नहीं पहुंच सकें, इसलिए सड़कों पर कीलें गड़वा दी गईं। कहा था कि फसल की एमएसपी दी जाएगी, मगर अब दो साल बाद भी उन्हें फसलों की एमएसपी नहीं मिली है। अब फिर कीलों से उनका स्वागत किया गया है।

**जंतर-मंतर पर लोगों की आवाज बुलंद होती रही**

मंत्री गोपाल राय कहा कि हमें आज फक्र है कि इसी जंतर-मंतर आज हम उपवास पर बैठे हैं। इसी जंतर-मंतर पर पार्टी के गठन के समय पर एक आंदोलन को बल मिला था। इसी जंतर-मंतर पर लोगों की आवाज बुलंद होती रही है। आज पूरे भारत में उपवास हो रहा है।

### 'बीजेपी के नेता विदेशों में इवेंट मैनेजमेंट कराते हैं'

**राय ने** कहा कि आज आप कार्यकर्ता यही दुआ कर रहे हैं कि तुम अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को हिम्मत देना। भाजपा के नेता विदेश में जाते हैं तो इवेन्ट मैनेजमेंट के जरिए अपना प्रचार कराते हैं।

मगर अरविंद केजरीवाल को किसी प्रचार की जरूरत नहीं है। आज विदेश में भी जनता केजरीवाल के साथ आ रही है।

# 'हम केजरीवाल का भ्रष्टाचार मॉडल दिखा रहे'

**अभियान**

**8 दिल्ली पार्टी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आप के खिलाफ 'शराब से शीश महल' अभियान चलाया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में शराब घोटाले को लेकर सियासी पारा गर्म है। एक तरफ जहां आम आदमी पार्टी केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में जंतर मंतर पर सामूहिक उपवास कर रही है। वहीं दूसरी तरफ भाजपा भी केजरीवाल पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली के पालिका बाजार में भाजपा ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन किया है। भाजपा कार्यकर्ताओं और दिल्ली पार्टी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आप के खिलाफ 'शराब से शीश महल' अभियान चलाया। भाजपा दिल्ली के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि 'हम अरविंद केजरीवाल का भ्रष्टाचार मॉडल दिखा रहे हैं। दिल्ली के लोग लाल किला, कुतुब मीनार, अक्षरधाम मंदिर, लोटस टेम्पल, कर्तव्य पथ देख सकते हैं, लेकिन अपने सीएम के भ्रष्टाचार के महल को नहीं देख सकते। क्योंकि दिल्ली की जनता वहां अंदर जा नहीं सकती।

# आप नेता जस्मीन शाह ने ईडी से पूछे पांच सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में कथित शराब घोटाले पर राजनीति थमने का नाम नहीं ले रही है। आम आदमी पार्टी और भाजपा इस मुद्दे पर आमने-सामने हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि भाजपा ने ईडी को गांधी जी के तीन बंदर बना दिया है, इसलिए उसने ठान लिया है कि भाजपा के खिलाफ कोई सबूत आया भी, तो वो न तो उसके खिलाफ कुछ सुनेगी, न देखेगी और न कुछ बोलेगी। उन्होंने ईडी से पांच प्रश्न पूछे हैं। पूछा कि आरोपी शरथ चंद्र रेड्डी ने भाजपा को 55 करोड़ दिए, देश के सामने मनी ट्रेल की लिस्ट आए 16 दिन हो गए हैं, जिसमें ये भी स्पष्ट है कि ये लेनदेन



शराब नीति लागू होने के समय नहीं, बल्कि ईडी की जांच शुरू होने के बाद हुआ, इस पर क्या जांच की है? दूसरा सवाल, ईडी बार-बार कह रही है कि हम आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाने की सोच रहे हैं, क्योंकि अभी भी 2 साल की जांच के बाद ये आशंका है कि मनी ट्रेल आम आदमी पार्टी के पास गया होगा, जबकि इसके कोई सबूत भी नहीं हैं। एक चवन्नी भी बरामद नहीं हुई। ईडी को इसका जवाब देना होगा कि जिस बीजेपी के पास 55 करोड़ रुपये की मनी ट्रेल मिली, उसे अब तक आपने आरोपी क्यों नहीं बनाया?

**तीसरा सवाल, ईडी ने बिना किसी सबूत के फर्जी गवाह शरथ:** चंद्र रेड्डी, मगुंटा रेड्डी और राघव मगुंटा के बयान के आधार पर चुने हुए सिटिंग मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन जिस पार्टी के खाते में 55 करोड़ रुपये की मनी ट्रेल पाई गई, उस पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा से क्या पूछताछ की गई?

चौथा सवाल, एक तरफ ईडी बिना किसी सबूत के गोवा में आप के नेताओं पर सवाल उठाती है, उनको समन भेजकर पूछताछ करती है, लेकिन कथित शराब घोटाले के मुख्य आरोपी राघव और मगुंटा रेड्डी को बीजेपी एक के बाद एक इनाम दे रही है। ईडी इन सब चीजों की जांच क्यों नहीं कर रही है? इनके और बीजेपी के बीच क्या लेनदेन हुए हैं, इसकी जांच क्यों नहीं होती? जुलाई 2023 में ये घटना घटती है, उन्हें जमानत मिलती है और मार्च 2024 में लोकसभा का टिकट मिलता है।

**जवाब की मांग**

**8 शाह ने आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि भाजपा ने ईडी को गांधी जी के तीन बंदर बना दिया**

# दिल्ली सरकार ने ड्राई डे का किया एलान

**निषेध**

**8 लोकसभा चुनावों के कारण इन दिनों को एनसीटी में शराब निषेध दिवस के रूप में नामित किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने शनिवार को एक आदेश जारी कर इस साल अप्रैल से जून के बीच ड्राई डे का एलान किया। धार्मिक उत्सवों और 2024 के लोकसभा चुनावों के कारण इन दिनों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) में शराब निषेध दिवस के रूप में नामित किया गया है। दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग के मुताबिक 11 अप्रैल को ईद, 17 अप्रैल को रामनवमी, 21 अप्रैल को महावीर जयंती, 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा और 17 जून को बकरीद के मौके पर दिल्ली में ड्राई डे रहेगा। इस दौरान शराब की दुकानें बंद रहेंगी।

**लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बंद रहेंगी दुकानें:**

वहीं विभाग ने बताया कि दिल्ली से लगे उत्तर प्रदेश के हिस्सों में लोकसभा चुनाव को देखते हुए ड्राई डे का आदेश जारी किया गया है। दिल्ली में 24 अप्रैल शाम 6 बजे से 26 अप्रैल शाम 6 बजे तक शराब की दुकानों पर ड्राई डे रहेगा।

# शिकायत के दो दिन बाद भी नहीं चुनाव आयोग ने नहीं हटवाये: आप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी का कहना है कि लगातार शिकायतों के बाद भी चुनाव आयोग ने दिल्लीभर में भाजपा द्वारा लगाए गए आपत्तिजनक होर्डिंग पर कोई एक्शन नहीं लिया है। शिकायत किए 48 घंटे बीत जाने के बाद भी अबतक भाजपा को कोई समन नहीं भेजा गया है। इस बाबत ट्वीट के जरिए कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली भर में भाजपा के आपत्तिजनक होर्डिंग्स के खिलाफ आम आदमी पार्टी द्वारा इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया में शिकायत दर्ज किए हुए 48 घंटे बीत चुके हैं। लेकिन अभी तक चुनाव आयोग की




ओर से भाजपा को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि क्या चुनाव आयोग केवल विपक्षी दलों को ही नोटिस भेजेगा। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने दिल्ली भर में होर्डिंग्स लगाए है। इसे लेकर शुक्रवार सुबह आम आदमी पार्टी ने चुनाव आयोग में इसकी शिकायत दर्ज की थी।

आप का कहना है कि भाजपा द्वारा चुनाव आयोग में एक शिकायत करने के मात्र 12 घंटे के भीतर ही वरिष्ठ आप नेता आतिशी को नोटिस भेज दिया गया था।

# दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में सुविधाएं बढ़ीं

**राहत**

**8 24 घंटे एंजियोप्लास्टी व कैथ लैब से जुड़े हृदय की बीमारियों के अन्य प्रोसीजर हो सकेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हार्ट अटैक व हृदय के अन्य रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सफदरजंग अस्पताल के हार्ट कमांड सेंटर में अब 24 घंटे कैथ लैब चलेगी। अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार ने पांच अप्रैल को यह सुविधा शुरू की।

इससे अस्पताल में अब 24 घंटे एंजियोप्लास्टी व कैथ लैब से जुड़े हृदय की बीमारियों के अन्य प्रोसीजर हो सकेंगे। अस्पताल के डाक्टरों का कहना है कि भारत सहित दुनिया भर में हृदय की बीमारियों से मौतें सबसे अधिक होती हैं। इसके अलावा देश में हृदय की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। हार्ट अटैक होने पर मरीजों को तुंरत इलाज मिलना जरूरी होता है। जितना जल्दी मरीज का इलाज और एंजियोप्लास्टी होती है, इलाज का परिणाम उतना बेहतर होता है। इलाज में एक-एक मिनट की देरी मरीज की सेहत के लिए भारी पड़ती है।

# केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में एक और याचिका दायर की गई है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच इस याचिका पर 08 अप्रैल को सुनवाई करेगी। यह याचिका आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक संदीप कुमार ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी दिल्ली आबकारी घोटाला मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत हुई है। इस गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल मुख्यमंत्री के रूप में काम करने में सक्षम नहीं हैं। केजरीवाल की अनुपस्थिति से संवैधानिक बाधा उत्पन्न हो गई है, क्योंकि वे जेल से




मुख्यमंत्री के रूप में काम नहीं कर सकते हैं। याचिका में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 239एए(4) के प्रावधानों के मुताबिक उप राज्यपाल को सलाह देने वाले मंत्रिपरिषद का मुखिया मुख्यमंत्री ही होता है। केजरीवाल के जेल में रहने के बाद उप-राज्यपाल को सलाह देना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। ऐसे में केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का आदेश जारी किया जाए। हालांकि, दिल्ली हाई कोर्ट केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करने वाली इसके पहले दो याचिकाएं खारिज कर चुका है। पहली याचिका सुरजीत सिंह यादव ने दायर की थी। दूसरी याचिका विष्णु गुप्ता ने दायर की थी।

# 100 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या बढ़ी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस बार बीते लोकसभा चुनाव की तुलना में 10 गुणा अधिक संख्या में 100 साल से अधिक उम्र के मतदाता मतदान करेंगे। दिल्ली में 100 साल या इससे अधिक उम्र के बुजुर्गों की संख्या 1004 है। ऐसे बुजुर्गों के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से लोकसभा चुनाव में मतदान की विशेष व्यवस्था की जाएगी। ऐसा देखा गया है कि बुजुर्ग मतदाताओं में युवाओं की अपेक्षा मतदान के लिए ज्यादा उत्साह रहता है। यही वजह है कि उन्हें मतदान करने के लिए जागरूक नहीं करना पड़ता है और अगर संभव होता है तो वे व्हीलचेयर, लाठी या फिर अन्य किसी सहारे के माध्यम से कैसे भी मतदान केंद्रों पर मत प्रयोग करने के लिए पहुंच जाते हैं।

निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि जो बुजुर्ग चलने में असमर्थ हैं, उनके लिए घर पर ही मतदान केंद्र बनाया जाएगा। वहीं जो लोग मतदान केंद्रों तक आना चाहते हैं, उनके लिए व्हीलचेयर, ई-रिक्शा की भी व्यवस्था की जाएगी। राजधानी में बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में 10 गुना से ज्यादा बढ़ी है और वर्तमान में इनकी संख्या 1004 है, जिनमें 541 पुरुष जबकि 463 महिला मतदाता हैं।

ऐसे में इन वृद्धों के शत-प्रतिशत मतदान को सुनिश्चित करने के लिए इस बार विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी वयोवृद्ध मतदान करने से न चूके। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय की तरफ से बुजुर्गों के मतदान के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है। ताकि सभी बुजुर्ग मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें।

# डीयू में पीएचडी में दाखिले को लेकर नए नियम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय में नवीन सत्र से पीएचडी में दाखिले के लिए नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (नेट) को महत्व दिया जाएगा। नेट की अर्हता को पूरा करने वाले छात्रों को प्रवेश का मौका दिया जाएगा। डीयू में पिछले साल एक कामन एंट्रेंस टेस्ट के जरिये पीएचडी में प्रवेश की प्रक्रिया अपनाई गई थी। हाल में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से पीएचडी प्रवेश परीक्षा को लेकर नए नियम जारी किए हैं। जिसके तहत प्रवेश के लिए नेट को अनिवार्य कर दिया गया है। यूजीसी ने कहा है कि यूजीसी नेट- सीएसआइआर नेट पास छात्र पीएचडी में प्रवेश ले सकते हैं। जिन्होंने जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) ली है, वे भी सीधे प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**नेट की योग्यता को मिलेगा 70 प्रतिशत वेटेज:** नए नियमों के मुताबिक पीएचडी प्रवेश के लिए नेट की योग्यता को 70 प्रतिशत और साक्षात्कार को 30 प्रतिशत वेटेज दिया जाएगा। इसके आधार पर ही प्रवेश होगा। अब डीयू भी इसी प्रक्रिया को अपनाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, नए नियम को लागू करने से पहले अकादमिक और कार्यकारी परिषद की स्वीकृति ली जाएगी। पिछले वर्ष डीयू पीएचडी में प्रवेश के लिए कामन एंट्रेंस टेस्ट में शामिल हुआ था। इसके अंकों और साक्षात्कार के आधार पर छात्रों को प्रवेश दिए गए। हालांकि नेट और जेआरएफ उत्तीर्ण छात्र सीधे प्रवेश के लिए आवेदन पहले भी करते थे। शेष बची सीटों के लिए एंट्रेंस टेस्ट लिया गया, लेकिन डीयू में पीएचडी में प्रवेश के लिए अलग-अलग विभागों ने स्वयं की प्रक्रिया अपनाई।

# आरोपित ने फर्जी दस्तावेज व जमानती पेश कर जमानत ली

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** साकेत कोर्ट में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक आरोपित ने कोर्ट में फर्जी दस्तावेज व जमानती पेश कर जमानत ले ली। आरोपित के पेश न होने पर उसके जमानती को कोर्ट बुलाया गया तो पूरे फर्जीवाड़े का पता चला। शातिर ने जमानती के फर्जी दस्तावेज व उसकी जगह किसी अन्य व्यक्ति को कोर्ट में पेश कर जमानत ली थी। साकेत अदालत की पोक्सो कोर्ट ने राम उर्फ विक्की नाम के आरोपित के खिलाफ 29 फरवरी को गैर जमानती वारंट जारी किया था। राम के खिलाफ वर्ष 2018 में अंबेडकर नगर थाने में केस दर्ज किया गया था। जमानत मिलने के बाद आरोपित बार बार नोटिस जारी होने पर पेश नहीं हो रहा था।

# ढाई दशक बाद दिल्ली में शीला दीक्षित के बिना चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की राजनीति में काफी समय तक केंद्र बिंदु रहीं शीला दीक्षित के बिना ढाई दशक बाद पहली बार कांग्रेस लोकसभा चुनाव लड़ेगी। शीला के नहीं रहने व पार्टी के अधिकतर कद्दावर नेताओं के बुजुर्ग होने पर इस बार चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के कंधों पर पार्टी के तीनों उम्मीदवारों की जिम्मेदारी आ गई है। इसके अलावा उन्हें इंडिया गठबंधन में आप की चार सीटों पर सहयोग भी करना होगा। दिल्ली में कांग्रेस की कद्दावर नेता शीला दीक्षित का निधन हो चुका है। नवंबर 84 के दंगों के मामले में सजा होने के कारण सज्जन कुमार जेल में हैं। इसके अलावा दंगों के मामले में आरोपी जगदीश टाइटलर डेढ़ दशक से राजनीतिक हाशिए पर हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, शीला सरकार में मंत्री रहे तमाम नेता व अधिकतर पूर्व सांसद बुजुर्ग हो गए हैं। ऐसे में लवली पर चुनाव में पार्टी की कमान संभालने की जिम्मेदारी आ गई है। लवली को भी जिम्मेदारी का भलीभांति अहसास है। पहले उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से उनका नाम आलाकमान के पास भेज दिया गया था। इस बीच चुनाव की कमान संभालने का संकट उठा तो उन्होंने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला




किया। उनके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री व प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय माकन ही चुनाव की कमान संभाल सकते थे, लेकिन वह राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय हो गए हैं।

**1999 में संभाली थी कमान:** कांग्रेस ने दिल्ली में वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव से शीला दीक्षित के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की शुरूआत की थी, लेकिन चुनाव में उनका जादू नहीं चला था। वर्ष 2004 व 2009 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस को भारी जीत दिलाई थी। वर्ष 2014 में केरल की राज्यपाल होने होने से लोकसभा चुनाव में सीधे तौर पर हस्तक्षेप नहीं कर सकी थीं, जबकि पूर्वी दिल्ली सीट पर उनके बेटे संदीप दीक्षित चुनाव लड़ रहे थे। शीला ने स्वास्थ्य सही न होने के बावजूद वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की कमान संभाली। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बनने के साथ-साथ उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा। हालांकि, शीला समेत कांग्रेस के सारे उम्मीदवार हार गए थे, लेकिन शीला के नेतृत्व में पार्टी को संजीवनी मिली। इस चुनाव में कांग्रेस का मत प्रतिशत बढ़ा। कांग्रेस पांच लोकसभा सीटों पर दूसरे स्थान पर रही थी, जबकि वर्ष 2014 के चुनाव में कांग्रेस सातों सीटों पर तीसरे नंबर पर रही थी। अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें

**बड़ी जिम्मेदारी**

**8 तमाम नेता व अधिकतर पूर्व सांसद बुजुर्ग हो गए हैं। लवली पर पार्टी की कमान संभालने की जिम्मेदारी है**

# डबल इंजन की सरकार ने गरीबों के हित में उठाएं कदम: सैनी

= मुख्यमंत्री नायब सिंह व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर अर्पित किए पुष्प

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन से प्रेरणा लेकर डबल इंजन की सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओ को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। इस डबल इंजन की सरकार ने योजनाओं का 100 प्रतिशत लाभ समाज के अंतिम प्रार्थी को देने के लिए आन लाइन पोटर्ल, बिना खर्ची बिना पर्जी के सरकारी नौकरियां, आयुष्मान व चिरआयु योजना सहित अन्य योजनाएं लागू की और बेटियों को शिक्षित करने के लिए महिला कालेज जैसी सुविधाएं देने का काम किया है।



मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह रविवार को सैनी समाज सभा की तरफ से कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में महात्मा ज्योतिबा फुले की जंयती एवं नागरिक अभिनंदन को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल, हरियाणा स्थानीय शहरी निकाय राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा, पूद्दद्दद्दर्व सांसद श्री गुरदयाल सिंह सैनी, श्री उद्योगपति बाल किशन सैनी, उद्योगपति श्री रणवीर सिंह खंडवालिया, अंशुल खंडवालिया ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश वासियों को महात्मा ज्योतिबा फुले की जंयती की बधाई देते हुए कहा कि महातमा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन समाज को सुधारने, कुरीतियों

**वोट की अपील**

**8 पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेशवासियों को महात्मा ज्योतिबा फुले की जंयती पर शुभकामनाएं दीं**

को समाप्त करने और समाज के गरीब लोगों की सेवा करने के साथ साथ समाज को शिक्षित करने पर लगा दिया। इस महान व्यक्ति का जीवन आज भी समाज के सामने एक खुली किताब की तरह है। इस किताब को पढने. वाले व्यक्ति का जीवन सफल हो जाएगा। महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शो की भारत रत्न डा. बी आर अंबडेकर, संत कबीर दास, महात्मा गांधी जैसे लोगों ने तारीफ की है। इस महान व्यक्ति के आदर्शो को आज समाज के प्रत्येक व्यक्ति अपनाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन से प्रेरणा लेकर और उनके विजन को जहन में रखकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने समाज के गरीब, पिछडे, अति पिछडे व्यक्ति के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए योजनाएं तैयार की है। इस सरकार ने बेटियों को शिक्षित करने के लिए प्रदेश में हर 20 किलोमीटर की दूरी पर महिला कालेज खोलने का काम किया, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के पानीपत की पावन धरा से कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ देश प्यापी अभियान शुरू किया। इस योजना से प्रदेश की लाखों बेटियों को शिक्षित करने के साथ साथ लाखों बेटियों के जीवन को बचाया जा सका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शो पर चल कर पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने अनेकों योजनाओं को लागू किया है। वे इन सभी योजनाओं को 100 प्रतिशत धरातल पर लागू करने का संकल्प लेकर काम करेंगें। उन्होंने कहा कि आज सभी को यह भी संकल्प लेकर जाना होगा कि भाजपा के दस के दस प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जीता कर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगें।

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेशवासियों को महात्मा ज्योतिबा फुले की जंयती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 1827 में महाराष्ट्र में महात्मा ज्योतिबा फुले ने उस समय जन्म लिया, जब समाज में गरीबों की चिंता व भला करने वाला कोई विरला व्यक्ति ही होता था।

## शराब की अवैध आवाजाही के संबंध में कंट्रोल रूम स्थापित

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा की ओर से लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान शराब की अवैध आवाजाही के संबंध में शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। शिकायतें/सूचना नियंत्रण कक्ष के टेलीफोन टोल फ्री नंबर 18001022012, 0172-4112222 पर दर्ज की जा सकती है। कोई भी व्यक्ति शराब की किसी भी अवैध आवाजाही या बिक्री के संबंध में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है या सूचना दे सकता है।

**नंबर जारी**

**8 नियंत्रण कक्ष के टेलीफोन टोल फ्री नंबर 18001022012, 0172-4112222 पर दर्ज की जा सकती है**

उन्होंने बताया कि आमजन लोकसभा आम चुनाव के दौरान आचार संहिता के संचालन के दौरान हरियाणा राज्य में शराब की अवैध आवाजाही, बिक्री एवं नकली शराब से संबंधित शिकायतें देने व प्राप्त करने के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग।

## 'अचार संहिता की अनुपालना करना सबका दायित्व'

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. शालीन ने कहा कि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना करना हम सबका दायित्व हैं। आदर्श आचार संहिता की पालना करके चुनाव का बेहतर तरीके से सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जा सकता हैं। मतदाताओं के साथ-साथ प्रत्याशी को भी चुनाव प्रक्रिया के तहत सुगमता उपलब्ध हो इसके लिए आयोग द्वारा कई ऐप लांच किए गए हैं। प्रत्याशियों की बात करें तो सुविधा ऐप के माध्यम से प्रत्याशी चुनावी गतिविधियों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसके अलावा ऑनलाइन




नामांकन की सुविधा प्रदान की गई है। एप पर लॉगिन करने के बाद प्रत्याशी शपथ पत्र, प्रस्तावक की सूचना और नामांकन की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सुविधा कैंडिडेट एप उम्मीदवारों को उनके नामांकन और चुनाव प्रचार से संबंधित चाही गई अनुमति की स्थिति की जांच करने की सुविधा देता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 शालीन ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक लेकर पहले ही उन्हें स्पष्ट कर दिया हैं कि चुनाव आयोग की जो हिदायतें हैं, उनकी शत-प्रतिशत अनुपालना सुनिश्चित करनी है। उन्होंने बताया गया है कि 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और यह आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने तक जारी रहेगी। प्रत्याशी को चुनाव प्रचार के तहत जनसभा के लिये परमिशन लेनी होगी, बिना परमिशन के कोई भी जनसभा नही होगी। जो स्थान चिन्हित किये गये हैं, वहीं पर जनसभाएं होंगी। रैली के लिये भी स्थान निर्धारित किये गये हैं। कोई भी प्रत्याशी सरकारी गाड़ी का प्रयोग नहीं करेगा। लाउडस्पीकर के लिये भी परमिशन लेनी होगी। जो भी गाड़ी चुनाव प्रचार के लिये प्रयोग में लाई जाएगी, उसकी परमिशन लेनी होगी। परमिशन सम्बन्धी स्लिप गाड़ी के आगे और पीछे चस्पा होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव से सम्बन्धित किसी भी तरह के पोस्टर, पम्फलेट से सम्बन्धित कार्य के लिये प्रिंटिंग प्रेस का नाम, मुद्रक का नाम भी बताना होगा। अनाधिकृत जगह पर यह सामग्री चस्पा नहीं होगी। जिला प्रशासन द्वारा फ्लाईंग स्क्वायड व अन्य टीमें गठित की गई हैं, जोकि हर गतिविधि पर नजर रख रही है।

## न्यूज फ्लैश

### बागवानी विभाग की तरफ से रतगल के बाग व नर्सरी के फलों की नीलामी आज

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला बागवानी अधिकारी सत्य नारायण ने कहा कि राजकीय बाग एवं नर्सरी रतगल में उपलब्ध सरप्लस आम, चीकू, नाशपाती, अमरुद, बेर, आंवला, नींबू, जामुन एवं कटहल आदि फलों की वित्त वर्ष 2024-25 के लिए नीलामी खुली बोली 8 अप्रैल 2024 को सुबह 11 बजे रतगल नर्सरी में होगी। इन फलों के बाग 20 एकड़ में लगे हुए है। उन्होंने जारी एक प्रेस विज्ञिप्त में कहा कि नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रत्येक बोलीदाता को 50 हजार रुपए अग्रिम राशि जमा करवानी होगी। नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागियों के पास आधार कार्ड की मूल प्रति होनी अनिवार्य है। नीलामी के लिए बाग का क्षेत्र 20 एकड़ से कम या अधिक भी हो सकता है। इस नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए सुबह 10 बजकर 30 मिनट के बाद नर्सरी में पहुंचने वाले किसी भी प्रतिभागी से अग्रिम राशि स्वीकार नहीं होगी।

### मंडियों में मूलभूत सुविधाओं का विशेष ख्याल रखें अधिकारी : अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के. सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** हरियाणा सरकार में जन स्वास्थ्य एवं उर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के. सिंह ने रविवार को जिला सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में गेहूं एवं सरसों की खरीद की स्थिति के बारे में जानकारी ली व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अधिकारियों को कहा कि मंडियों में बिजली -पानी व अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि खरीद सीजन के दौरान लिफ्टिंग का कार्य गति से कारवां है। इस कार्य में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिये। अधिकारी मंडियों में हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मंडियों में बार-दाने की स्थिति के अलावा पिछले वर्ष सरसों और गेहूं की पैदावार के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने फसलों की क्षमता के बारे में भी मडियों के अनुसार जानकारी ली। बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज ने अतिरिक्त मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। उनको मिलने वाली हर सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरसों की खरीद के लिए जिले में 6 मंडियां निर्धारित हैं। इनमें अब तक 2141. 93 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है व 60 प्रतिशत लिफ्टिंग हो चुकी है। 4 हजार मीट्रिक टन के करीब खरीद का अनुमान है। उन्हांने बताया कि हैफेड द्वारा सरसों की खरीद का कार्य मंडियों में किया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज ने बताया कि मंडियों मे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसको लेकर अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि 1 मई तक सरसों व 15 मई तक गेहूं की खरीद का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने फसल का पंजीकरण कराया है उनकी ही फसल की खरीद मंडियों में की जा रही है। इस मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त नरेंद्र पाल मलिक ,एसडीएम अमीत कुमार ,समालखा, एसडीएम ज्योति मित्तल, इसराना, एमडी शुगर मिल जगदीप ढांडा, डीएफएससी आदित्य कौशिक, डीएसपी धर्मवीर खर्ब, कृषि विभाग के सुधीर के अलावा कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### प्राथमिक पाठशाला के स्टोर रूम का ताला तोड़कर सामान किया चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्रगढ़**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला भगड़ाना के स्टोर रूम से अज्ञात चोर सामान चोरी करके ले गए है। विद्यालय के मुख्य शिक्षक ने पुलिस थाने में शिकायत देकर चोरों को पकड़ने व सामान बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने शिक्षक की शिकायत पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

राजकीय प्राथमिक पाठशाला भगड़ाना के मुख्य शिक्षक राजेश कुमार ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि पाठशाला में दो अप्रैल को पाठशाला की छुट्टी होने के बाद सभी घर पर चले गए थे। शाम को 7.35 बजे चौकीदार अपनी ड्यूटी पर पहुंचा तो उसने फोन पर सूचना दी कि स्टोर रुम का ताला टुटा हुआ है।

## सफल राजनेता बनने के लिए श्रीराम के चरित्र को आत्मसात करे: जैन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा है कि सफल राजनेता बनने के लिए भगवान श्रीराम के चरित्र को आत्मसात करना चाहिए। भगवान श्रीराम गरीबों के मसीहा, प्रकृति के प्रेमी, विकट परिसिथतियों में भी दोस्त बनाने की कला, दुश्मन के साथ युद्ध में भी मयार्दाओं का पालन करने वाले महापुरुष थे।



राजीव जैन रविवार को विकास नगर मुरथल रोड पर आयोजित भव्य श्री राम कथा में महंत गोपाल दास जी का आशीर्वाद लेने के बाद श्रधालुओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान राम हमारे आदर्श ना होते तो 496 वर्ष तक मंदिर बचने और बनाने के लिए लाखों लोग अपना बलिदान ना देते। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दल राम राज्य की कल्पना को साकार करने का वायदा इसलिए करते हैं कि राज्य में सभी के साथ राजा का समान वयवहार था और इसी नक़्शे कदम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चल रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज का भाईचारा, प्यार, प्रेम बढ़ता है। खाटूश्याम मंदिर (सोनीपत धाम) में दीपक शर्मा परिवार द्वारा बेटे के जन्मदिन पर आयोजित कीर्तन में माथा टेकने के बाद राजीव जैन ने कहा कि खाटूश्याम का भगवान के एक आदेश पर दिए शीश के बलिदान ने राजा से भगवान बना दिया, यही भाव भगवान के प्रति हमारे मन में होने चाहिए ।

**आह्वान**

**8 भगवान श्रीराम दुश्मन के साथ युद्ध में भी मर्यादाओं का पालन करने वाले महापुरुष थे : जैन**

इस अवसर पर नन्द किशोर, राकेश, अनुज मंगला, राजीव गोयल, संजीत दहिया, प्रवीण मित्तल, आनंद शर्मा, धर्मवीर शर्मा आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

## कड़ी निगरानी के लिए 12 नाका टीमें गठित

**झज्जर:** **निष्पक्ष व स्वतंत्र लोकसभा चु**नाव संपन्न करवाने के मद्देनजर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह द्वारा रविवार को 12 नाका टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें जिला की सीमाओं पर अवैध शराब, मतदान प्रभावित करने वाली संदिग्ध वस्तुओं व अधिक मात्रा में नकदी पर पैनी नजर रखेंगी। नाका टीमों को निर्देश हैं कि गैर कानूनी गतिविधि पकड़े जाने पर कार्रवाई करते हुए तुरंत एआरओ को सूचित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी शक्ति सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद है।

## युवा किसान नेता नवदीप सिंह की गिरफ्तारी के बाद किसानों में रोष

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** शहर में संयुक्त किसान मोर्चा एवं किसान-मजदूर मोर्चा के आह्वान पर सिटी के बाजारों से सरकार की शव यात्रा निकाली गई। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के जिला प्रधान गुरमीत सिंह ने कहा कि 9 अप्रैल को शंभु सीमा के नजदीक रेलवे ट्रैक को पूर्ण रूप से जाम कर देंगे। अंबाला सिटी में युवा किसान नेता नवदीप सिंह की गिरफ्तारी के बाद किसानों में रोष है। संयुक्त किसान मोर्चा एवं किसान-मजदूर मोर्चा के आह्वान पर सिटी के बाजारों से सरकार की शव यात्रा निकाली गई। यह यात्रा सिटी के



मानव चौक, रेलवे रोड से होती हुई कोर्ट रोड पर पहुंची और वहां पर सरकार का पुतला फूंका। इससे पहले शहीद भगत सिंह किसान यूनियन के जिला प्रधान, गुरमीत सिंह व अन्य किसान अंबाला सिटी की अनाजमंडी में एकजुट हुए थे। जला प्रधान गुरमीत सिंह ने कहा कि 8 अप्रैल तक यदि युवा किसानों की सरकार ने रिहाई नहीं की तो वह 9 अप्रैल को शंभु सीमा के नजदीक रेलवे ट्रैक को पूर्ण रूप से जाम कर देंगे।

## पासवर्ड का इस्तेमाल कर लिखी थी गलियां

**कैथल:** **आम** आदमी पार्टी की ओर से चुनावी रैली के लिए मांगी गई परमिशन के ऑनलाइन आवेदन को रद्द करने और गालियां लिखने के मामले में गिरफ्तार एसडीएम कार्यालय के प्रोग्रामर और उसके साथी ने खुलासा किया है कि उनके मंशा थी कि इस तरह आवेदन पर गलत कमेंट करने से इल्जाम कार्यालय में उनके साथ काम करने वाले दूसरे प्रोग्रामर पर आएगी। वह फंस जाएगा। क्योंकि वह पूरे मामले में सीधे तौर पर कहीं भी शामिल नहीं थे। इसलिए उनका सोचना था कि किसी की भी शक की सूई उन तक नहीं पहुंचेगी और उनका कांटा निकल जाएगा। रविवार को साइबर पुलिस स्टेशन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीएसपी हेडक्वार्टर उम्मेद सिंह ने बताया कि पुलिस रिमांड मिलने के बाद प्रोग्रामर और उसके साथी से पूछताछ में पूरे मामले का अधिक खुलासा हो सकता है।

## जेसीपीएल के तीसरे दिन भी रहे रोमांचक मुकाबले

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** यह लीग पी.के.आर जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सहयोग से श्री माणिभद्र वीर यंग सोसायटी की और से करवाये जा रहे है।

सचिव संकेत जैन ने टूनार्मेंट की जानकारी देते हुए बताया कि इस सीजन में 8 टीम और 104 खिलाड़ी भाग ले रहे है। यह खेल 4 अप्रैल से 7 अप्रैल तक पी.के.आर. जैन वाटिका में खिलाया जाएगा। कार्यिक्रम में 8 टीम एसएस सुपरकिंग्स,दी चैम्पियंस, महावीर के दीवाने, दी हसलर्स, गंगा ओम अरुण लायंस,नॉवल्टी फाइटर,दी गोल्डन ईगल, राइजिंग स्टार्स भाग लेंगी। इस अवसर पर सोसायटी के प्रधान लव जैन के साथ चेयरमैन भाविक



जैन, उपप्रधान भरत जैन, सचिव संकेत जैन, कोषाध्यक्ष विकुल जैन,सहसचिव नव्यम जैन,करुणजैन,मनन जैन,अमन जैन,सुकान्त जैन ,पुनीत जैन, समर्थ जैन व अन्य सदस्य मौजूद रहे।गंगा ओम अरुण-महावीर के दीवाने के बीच पहला मुकाबला खेला गया और गंगा ओम अरुण लायंस ने जीत दर्ज दूसरा मैच दी हस्टलर्स-दी गोल्डन ईग्ल्स के बीच हुआ और दी हस्टलर्स ने जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला

नॉवल्टी फाइटर किंग्स और दी चैम्पियंस के बीच खेला गया नॉवल्टी फाइटर को हार का सामना

**भाग ले रहे**

**8 टूर्नामेंट की जानकारी देते हुए बताया कि इस सीजन में 8 टीम और 104 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं**

करना पढा। आखिरी मुकाबला एस एस सुपरकिंग्स ओर दी राइसिंग स्टार के बीच खेला गया। दी राइजिंग स्टार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। रोमांचक मैचेस को देखने के लिए जनसैलाब उमड़ रहा है। और लोगो में मैच को लेकर काफी उत्साह है। कल इसी मैदान में होगा महामुकाबला।

## धूमधाम से राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन ने निकाली 64वी प्रभात फेरी

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल:** राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन नारनौल द्वारा 64वी प्रभात फेरी का आयोजन मोहल्ला खड़खड़ी से प्रातः 6:00 बजे बड़ी धूमधाम से किया गया । प्रभात फेरी के यजमान प्रभुदयाल ने परिवार सहित ठाकुर जी की आरती करके सभी को चंदन तिलक लगाया।

सैकड़ो की संख्या में पहुंचे धर्म प्रेमी लोगों ने ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते - गाते बजाते राधे नाम का जाप किया। निवास स्थान से प्रारंभ होकर प्रभात फेरी मोहल्ला खड़खड़ी से होकर विधायक श्री ओम प्रकाश यादव जी के ऑफिस के पास से आर्य समाज मंदिर होते हुए मुख्य मार्ग से घाशीराम दवाई वाले की कोठी के पास से परिक्रमा करके यजमान के निवास स्थान पर



समाप्त हुई। हर प्रकार के भेदभाव मिटाकर प्रातः काल की बेला में ढोल नगाड़ों की थाप पर राधे नाम की गूंज के साथ एक नई सुबह का आगाज बड़े आनंद की अनुभूति करवाते हुए पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा था। नारनौल की गलियां ऐसे लग रही थी जैसे वृंदावन की गलियां हो।शुद्ध मन के साथ प्रकृति के हर जीव जंतु को भगवान का स्मरण करने में एक नई ऊर्जा प्राप्त हो रही थी। प्रभात फेरी में लोगों ने ढोल-मंजीरे बजाते हुए राधे-राधे के नारो के साथ ऐसा माहौल बना दिया जैसे श्री भगवान

**जाप**

**8 सैकड़ो की संख्या में पहुंचे धर्म प्रेमी लोगों ने ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते बजाते राधे नाम का जाप किया**

कृष्ण की नगरी वृंदावन में लोग झूम-झूम कर नाच-गाकर राधे-राधे को रिझा रहे हो, नारो से सराबोर हो समस्त वातावरण को ऐसा बना दिया जैसे मानों भक्ति रस में डूबीं यह भक्त मंडली नारनौल के लोगों के लिए दुआएं कर रहीं हो कि," हे हमारे प्रभु भगवान कृष्ण व माता राधे रानी आप इतनी कृपा हमारे नारनौल निवासी सदैव आनंद में रहें।

## अचार संहिता का उल्लंघन होने पर सी-विजल ऐप पर करें शिकायत: शालीन

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. शालीन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजल ऐप बनाई गई है। इस ऐप के माध्यम से कहीं पर यदि आदर्श आचार संहिता की उल्लघंना होती है तो 100 मिनट के अंदर सम्बन्धित शिकायत का निपटान किया जाता है। जिला अम्बाला में सी-विजल ऐप पर अब तक 207 शिकायतें प्राप्त हुई थी जिनमें से 201 का निपटान कर दिया गया है। छः शिकायतों का भी जल्द निपटान हो जायेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा0 शालीन ने कहा कि



सी-विजल ऐप के माध्यम से आमजन अपने एन्ड्राएड मोबाईल पर प्ले-स्टोर ऐप से इसे डाउनलोड कर सकता है। कहीं पर यदि आदर्श आचार संहिता की उल्लघंना हो रही है, जैसे सरकारी भवनों पर प्रचार सामग्री चश्पा होना, बिलजी के खम्बो पर, चौक-चौराहों व अन्य जगहो के साथ-साथ कहीं पर भी इसकी अवहेलना हो रही है तो उसकी वीडियो या फोटो खींचकर इसे भेज सकता है।

**अपील**

**8 आदर्श आचार संहिता की उल्लघंना होती है तो 100 मिनट के अंदर सम्बन्धित शिकायत का निपटान किया जाता है।**

# श्री राम कथा से पहले नरेला में निकाली गई ध्वज यात्रा, शामिल हुए हजारों लोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नरेला में रविवार को प्रभु प्रेमी संघ उत्तरी दिल्ली व भारतीय संस्कृति प्रचार समिति की ओर से विशाल भगवा ध्वज यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में महिलाओं सहित युवा धर्म ध्वज लेकर जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। भगवा ध्वज यात्रा नरेला के झंडा चौक स्थित शीतला माता मंदिर से आरंभ होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई रामलीला ग्राउंड पर संपन्न हुई। इस दौरान जगह पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। बाहरी दिल्ली के नरेला में रविवार को प्रभु प्रेमी संघ उत्तरी दिल्ली व भारतीय संस्कृति प्रचार समिति के संयुक्त तत्वाधान में विशाल भगवा ध्वज यात्रा निकाली गई। ध्वज यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। ध्वज यात्रा में हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी लोग भगवा ध्वज लेकर जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए डीजे ढोल-नगाड़ों के साथ चल रहे थे। ध्वज यात्रा के लिए लोग नरेला क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों जैसे शिव मंदिर भोरगढ़, राम मंदिर नरेला, सनातन धर्म मंदिर पंजाबी कॉलोनी, भारत माता





मंदिर स्वतंत्र नगर व शिव मंदिर, दादा माई वाला मंदिर बांकनेर, रघुनाथ मंदिर नरेला, विश्व मानव हनुमान मंदिर मामुरपुर, शिव मंदिर पुलिस कॉलोनी, माता मनसा देवी मंदिर आदि से चलकर झंडा चौक स्थित शीतला माता मंदिर पर एकत्रित होकर गले में केसरिया पटका पहनकर धर्म ध्वज लेकर जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। ध्वज यात्रा में जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज भी शामिल रहे। भगवा ध्वज यात्रा झंडा चौक स्थित शीतला माता मंदिर से आरंभ होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई रामलीला ग्राउंड पर संपन्न हुई। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर ध्वज यात्रा का स्वागत किया गया। ध्वज यात्रा के दौरान पूरा नरेला शहर जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो गया।

ध्वज यात्रा के समापन पर रामलीला ग्राउंड में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। ध्वज यात्रा में मनोज बंसल, पंकज वार्षेनीय, अनिरुद्ध त्यागी, तरुण बंसल, नरेश गर्ग, पवन गोयल, सुरेंद्र गर्ग, अनुरोध, पंकज गुप्ता, संदीप, राजेश गर्ग, अरुण कौशिक, भूपेश बंसल, सुरेंद्र अग्रवाल, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, राजेंद्र सिंघल, प्रताप दहिया, प्रदीप ठोलेदार, सुनील खत्री (काला), पवन खत्री (मोनी), सुनील खत्री, कृष्ण घी वाले, विजय पहलवान, सतीश गर्ग, वीरेंद्र कौशिक, संदीप कौशिक, अनिल ठेकेदार, रितेश खत्री, डॉ एस पी जून, सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब प्रधान विष्णु भारद्वाज, संदीप मंगला, धर्मपाल वर्मा, सोनी पालीवाल, नितिन कपूर, जयदीप, ओम दत्त शर्मा, राकेश, निपुण गुप्ता, इंदर शर्मा, पंकज, अजय, सोनू नाई, रोहित प्रजापत, तरुण, अमित बंसल, मनोज गर्ग, दीपक मक्कड़,नवीन नरेंद्र, महावीर गोयल, नवीन मल्होत्रा, रेणु बंसल, शालिका अग्रवाल, मधु गोयल, ऋतु, सुजाता, रामा नहरा, संगीता सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

# दिल्ली टीम ने छत्तीसगढ़ में मनवाया अपना लोहा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित चार दिवसीय चतुर्थ नेशनल योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन भिलाई छत्तीसगढ़ में किया गया। दिल्ली टीम के कोच उत्तम आर्य ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 20 राज्यों के 700 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में दिल्ली टीम में 30 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें महर्षि दयानंद विद्या भवन, एस डी पब्लिक स्कूल, जीडी गोयंका, एल के इंटरनेशनल स्कूल व अन्य विद्यालयो के विद्यार्थी रहें और 23 मैडलों से दिल्ली पहुंची। जिनमें 2 स्वर्ण 8 रजत व 13 कांस्य पदक रहें।

दिल्ली पहुंचने पर सभी अभिभावकों व टीम के अन्य अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पर सभी का फूल मालाओं से सम्मान किया, अब यह सभी खिलाड़ी मई में आयोजित होने जा रही एशियन चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे।

दिल्ली टीम की अध्यक्षता देवेंद्र सिंह ने की, और जगवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, अर्चिता सिंह व ज्योति अधिकारिक रुप में प्रतियोगिता में सम्मिलित हुई।

# पुस्तक 'अखबार-ए दरबार-ए मौला' की पेंटिंग हुई रिलीज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से सिख इतिहास एवं गुरबाणी फोरम द्वारा डॉ. प्रो चरण सिंह (अध्यक्ष पंजाब एवं सिंध बैंक) की प्रेरणा से इतिहास में सिख महिलाओं का योगदान श्रृंखला के अंतर्गत आठवां विशेष व्याख्यान गुरु अमरदास की पुत्रियों बीबी भानी व बीबी दानी के जीवन इतिहास पर आयोजित किया गया।

व्याख्यान की शुरूआत गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल इंडिया गेट के विद्यार्थियों द्वारा गुरबाणी शब्द कीर्तन गायन के पश्चात हुई। इस दौरान सिख इतिहास एवं गुरबाणी फोरम की निदेशिका डॉ. हरबंस कौर सागू ने आए हुए विद्वानों,



संगत और सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सुखदयाल सिंह ( पूर्व प्रोफेसर पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला) व व्याख्यान की अध्यक्षता कर रहे डॉ. महिंद्र सिंह (निदेशक भाई वीर सिंह साहित्य सदन) व डॉ. जगजीत सिंह सब्बरवाल(पूर्व प्रोफेसर गुरु नानक देव खालसा कॉलेज) का विधिवत स्वागत करते हुए उनके बारे में जानकारी साझा की।

मुख्य वक्ता डॉ. सुखदयाल सिंह ने मुगल दरबार के समाचार पत्र पर आधारित डॉ. हरबंस कौर सागू द्वारा अनुवादित पुस्तक अखबार-ए दरबार-ए मौला के संबंध में जानकारी साझा की और कहा कि श्री गुरु अमरदास की सुपुत्री बीबी भानी और बीबी दानी का सिख धर्म में बतौर माता जी महत्वपूर्ण स्थान है।

प्रथम दो गुरु साहिबानों को छोड़ कर शेष सभी आठ गुरु साहिबानों के बीबी भानी से पारिवारिक संबंध रहे। बीबी भानी एक सर्वगुण संपन्न, मिलनसार, सहनशील, संयमी, गंभीर, धैर्यवान व प्रभु भक्ति करने व बेहद परोपकारी स्वभाव वाले थे।

डॉ. हरप्रीत कौर प्रिंसिपल माता सुंदरी कॉलेज तथा स्वर्ण सिंह ने व्याख्यान में भाग लेने वाले सभी गणमान्य शख्सियतों का आभार प्रकट किया।

# चांदनी चौक लोस सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने आरडब्ल्यूए के साथ किया जनसंवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चांदनी चौक लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल ने अपने चुनाव संपर्क अभियान के तहत रविवार को आरडब्ल्यूए पंजाबी समाज, सिख समाज, पूर्वांचल समाज और प्रबुद्ध नागरिक समाज के लोगों के साथ संवाद किया।

जिसके लिए वो दिल्ली के शालीमार बाग, कल्याण विहार, डेरावाला नगर, मॉडल टाउन और गुजरावाला पहुंचे, जहां निगम पार्षद, मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष समेत आरडब्ल्यूए और प्रबुद्ध नागरिक समाज के लोग उनके स्वागत के लिए सुबह से ही इंतजार कर रहे थे, रविवार होते हुए भी सभी कार्यक्रम में 250 से ज्यादा लोग मौजूद रहे।

अपने संवाद में श्री खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझ पर




जो विश्वास जताया है मैं उसे टूटने नहीं दूंगा, मैं अपने सभी निगम पार्षद, मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष के साथ मिलकर अच्छा और सच्चा काम करूंगा, वही पंजाबी समाज, सिख समाज, पूर्वांचल समाज और प्रबुद्ध नागरिक समाज के लोगों को संदेश देते हुए श्री खंडेलवाल ने कहा, सांसद एक पालक होता है, और एक पालक चाहे तो वो कुछ भी कर सकता है, बस जरूरत है एक ईमानदार कोशिश की। वहीं दोपहर में भाजपा प्रत्याशी श्री खंडेलवाल शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए दिल्ली के राम नगर एवं रूप नगर पहुंचे। जहां मौजूद लोगों में उन्हें लेकर बेहद ही ज्यादा जोश देखने को मिला, तो वहीं मातृशक्ति ने श्री खंडेलवाल का फूलमाला और पटका पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। साथ ही महिला मोर्चा की बहनों ने उनके साथ अगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी की जीत के लिए शपथ ग्रहण की।

इस दौरान श्री खंडेलवाल ने मातृ शक्ति से मिले प्रेम भाव धन्यवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निवारण के लिए आश्वस्त किया। तो वहीं शाम को श्री खंडेलवाल माता की चौकी में हिस्सा लेने के लिए अशोक विहार फेज-2 पहुंचे।

जहां भक्तो के साथ वो माता की चौकी का आनंद लिया और इसके बाद सिख समाज के लोगों संग खास बातचीत की।

अपने संवाद में श्री खंडेलवाल ने कहा कि मै चांदनी चौक लोकसभा में आने वाली आरडब्ल्यूए को मजबूत करना चाहता हूं, जिसके लिए मेरी पूरी टीम दिन-रात मेहनत करेगी।

# 'संयमित जीवन शैली अपनाकर ही बीमारियों से बचाव संभव'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नेशनल चाइल्ड एंढ वूमेन डवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में ट्रस्ट के मुख्यालय बरवाला में ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय के ने 74वें विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जन-जागरूकता अभियान चलाने की शुरूआत करने का आह्वान किया है। वत्स ने कहा कि इस साल 2024 की थीम है, मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार यानि जरुरी स्वास्थ्य सुविधाएं, सेवाएं और शिक्षाएं सबको मिलें, अर्थात सबके लिए स्वास्थ्य। मनुष्य मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और आर्थिक रुप से स्वस्थ रहे तभी विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाना सार्थक होगा। स्वास्थ्य सबका मौलिक अधिकार भी है। इसलिए सबके लिए एक ही संदेश है कि हम संयमित जीवन शैली अपना कर ही अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। स्कूल कॉलेजों में इस बात का अधिकाधिक प्रचार किया जाना चाहिए कि विद्यार्थी मानसिक और शारीरिक रुप से स्वस्थ रहने के लिए खेल गतिविधियों में बढ चढकर भाग लें। प्रतिदिन शारीरिक गतिविधियों में समय दें और सुबह शाम की सैर पैदल चलकर करें। स्वच्छता को प्राथमिकता दें। इससे न केवल हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होगी।

# उत्तर पूर्वी जिला भाजपा ने धूमधाम से मनाया पार्टी का 45वां स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर-पूर्वी जिला भाजपा दिल्ली प्रदेश ने धूमधाम से पार्टी का 45वां स्थापना दिवस मनाया। इस स्थापना दिवस पर भाजपा के प्रत्याशी व दो बार सांसद रहे मनोज तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष पूनम चौहान, मनोज त्यागी, विधायक अजय महावर, मोहन गोयल, राजकुमार बल्लन, कौशल मिश्रा, मीडिया प्रभारी दीपक चौहान व अन्य लोग उपस्थित रहे।

मनोज तिवारी ने दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए बोले भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन




में किया गया, जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। आज तीन दशक बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसी एक पार्टी को देश की जनता ने पूर्ण बहुमत दिया है तथा भारी बहुमत से भाजपा सरकार केन्द्र में विद्यमान है। इस बीच भाजपा के लिए अपना पूरा जीवन देने वाले राजेंद्र अग्रवाल नंदा बल्लभ पंत ओपी अतरी, बेदपाल शर्मा, बाला को आज सम्मानित किया गाया।

पूनम चौहान ने कहा भारतीय जनता पार्टी का आज 45वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है बीजेपी कार्यकर्ता आज देशभर में 10 लाख से ज्यादा बूथों पर जाकर भाजपा सरकार की उपलब्धियां जनता को गिना रहे हैं।

मनोज त्यागी ने कहा देशभर में कई जगहों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जनता पार्टी के विघटन के बाद भाजपा बनी। और आज हम उत्तर पूर्वी लोकसभा में स्थापना दिवस को मना रहे है। अजय महावर ने कहा जनसंघ के दूसरा रूप भाजपा है और इन 45 सालों में भाजपा 2 से 400 की तरफ बढ़ रही है। तो वहीं, मंच संचालन महामंत्री गुलाब सिंह राठौर ने किया।

# मॉडल टाउन विधानसभा: अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार: सुजीत ठाकुर





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** झुग्गी-झोपड़ी चुनाव अभियान दिल्ली प्रदेश के सह-संयोजक और पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आज मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के संगम पार्क, लाल बाग सेवा बस्ती की बहनों के साथ संवाद किया गया और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए जन कल्याणकारी कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने व चांदनी चौक से लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल को भारी मतों जीत दिलवाने के लिए आग्रह किया गया। इस महिला सम्मेलन में मुख्य रूप से लोकसभा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल पत्नी कनक खंडेलवाल, भतीजी दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा, पूनम गुप्ता, उनकी बेटी श्रद्धा खंडेलवाल, निगम पार्षद सुशील जोंटी, पूर्व निगम पार्षद सीमा गुप्ता, मंडल अध्यक्ष वीरपाल एवम झुग्गी झोपड़ी चुनाव अभियान के चांदनी चौक लोकसभा, संयोजक संजय शर्मा, सह-संयोजक सुभाष झा, मॉडल टाउन विधानसभा, विधानसभा संयोजक देवेन्द्र सिंह, शालीमार बाग विधानसभा सह संयोजक राव हंसराज व अन्य सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

उन्होंने आगे बताया कि चांदनी चौक लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल को भारी मतों से जीत दिलवाने के लिए आशीर्वाद रूपी वोट भाजपा प्रत्याशी को देने का निवेदन किया। माताओं, बहनों का भरपूर स्नेह और सहयोग को देखकर अबकी बार 400 पार साकार होता दिख रहा है।

# आम आदमी पार्टी का कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर के तट पर सामूहिक उपवास

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र/चंडीगढ़**



**आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की असंवैधानिक गिरफ्तारी के विरोध में राष्ट्रव्यापी उपवास रखा गया। इस कड़ी में हरियाणा में आम आदमी पार्टी की ओर से कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर के तट पर प्रदेशस्तरीय उपवास और आशीर्वाद कार्यक्रम रखा गया। इसमें इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी और प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता और प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा समेत पूरे प्रदेश की कार्यकारिणी ने हिस्सा लिया। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर बना रही। भारत के राजनीतिक इतिहास में ये पहली बार हुआ है जब किसी सिटिंग सीएम को चुनाव के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया हो पूरा देश देख रहा है कि किस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी ने भारत के पूरे लोकतांत्रिक सिस्टम को अपने कब्जे में किया हुआ है। जल्द ही अरविंद केजरीवाल जनता के बीच होंगे। सच्चाई और ईमानदारी की जीत होगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से यह स्पष्ट होता है कि भारतीय जनता पार्टी उनसे डरी हुई है। भ्रष्टाचारी लोग बीजेपी में शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र की भूमि से नवीन जिंदल को कोयला चोर कहा था, उनको ही पार्टी में शामिल करके यहां से उम्मीदवार बना दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी की वाशिंग मशीन में डालकर नवीन जिंदल साफ हो गए हैं। नवीन जिंदल के ऊपर करीब 10 से ज्यादा मामले दर्ज है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी झूठ और जुमलों के सहारे देश का लोकतंत्र खत्म कर देना चाहते है। अब देश की जनता सतर्क हो गई है जो लोकतंत्र बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर करेगी। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को आशीर्वाद देने के लिए पूरा देश एकजुट हुआ है। देश के 25 राज्यों में अरविन्द केजरीवाल की असंवैधानिक गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी समर्थकों और जनता ने उपवास रखा है। बीजेपी की तानाशाही के खिलाफ पूरे देश की जनता में आक्रोश है। प्रजातंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई इंडिया गठबंधन जनता के साथ मिलकर लड़ेगा। उन्होंने कहा कि ये बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गलतफहमी है कि अरविंद केजरीवाल को जेल की सलाखों के पीछे रखकर चुनाव जीत लेंगे।

अगर उनमें हिम्मत है तो खुले मैदान में अरविंद केजरीवाल का सामना करें। एक अरविंद केजरीवाल जेल में हैं, हजारों अरविंद केजरीवाल सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। इस बार हरियाणा में भी "इंडिया" गठबंधन बीजेपी का सूपड़ा साफ करने का काम करेगा। हरियाणा के बेटे को जेल में डालने का सबक देश और प्रदेश की जनता बीजेपी को देगी। इस बार जनता बीजेपी को करारा जवाब

# दिल्लीवासियों की कमल पर वोट केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार पर होगी चोट: धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया**



**चंडीगढ़:** भाजपा प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश धनखड़ ने रविवार को दक्षिण दिल्ली में चुनाव प्रचार का आगाज किया। दक्षिण दिल्ली से लोकसभा उम्मीदवार रामबीर सिंह बिधूड़ी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। धनखड़ ने कहा की देश की पुकार भाजपा 400 पार फिर से मोदी सरकार इसमें दिल्ली की रहेगी शत प्रतिशत भागीदारी। दिल्लीवासियों की कमल पर दी गई वोट दिल्ली की भ्रष्टाचार में लिप्त केजरीवाल सरकार को चोट देगी। प्रदेश प्रभारी धनखड़ ने कहा कि देश में तुष्टिकरण की राजनीति का अंत हो रहा है। भ्रष्ट राजनीति का अंत हो रहा है, परिवारवाद की राजनीति का अंत हो रहा है। यह देश के विकास की राजनीति का युग है। मोदी जी ने पिछले दस वर्षों में यह काम करके दिखाया है। हर वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाया है। कश्मीर से धारा 370 खत्म की, द्वारका एक्सप्रेस वे जैसे रोड दिल्ली को मिले, रिकॉर्ड ढांचागत विकास हुआ। महिला उत्थान के अनेक कार्य हुए। देश की सीमाओं को मजबूत किया। रामलला। भव्य मंदिर में विराजमान हुए। मोदी जी ने शिक्षा, स्वास्थ्य पर फोकस किया। गरीब व्यक्ति तक इलाज पहुंचाया। धनखड़ ने कहा कि उपस्थित जनसमूह का उत्साह और जोश बता रहा है कि दिल्ली में फिर से सातों कमल खिलने वाले हैं। दिल्ली की जनता भ्रष्टाचारियों को सहन करने के मूड में नहीं है। सहज ने कहा कि पीएम मोदी देश को आगे बढ़ा रहे है, दिल्ली और देश का मान सम्मान बढ़ाने में लगे हुए है दूसरी ओर आम आदमी पार्टी देश की राजधानी दिल्ली में कुछ शराब कारोबारियों के साथ मिलकर घोटाले करने में लगी रही।

## संक्षिप्त खबरें

### 21 अप्रैल को होगी वृन्दावन में ब्राह्मण महापंचायत

**मथुरा।** ब्राह्मण समाज की समस्याओं को लेकर 19 अप्रैल को महापंचायत का आयोजन किया जाएगा, उसमें मुख्य अतिथि के तौर पर हेमा मालिनी आयेगी और विप्र समाज के सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे ,सभी ब्राह्मण समाज के अलग-अलग शाखाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे, वृंदावन भगवत मंदिर में ,यहां आयोजित कार्यक्रम में श्री कृष्ण जन्मभूमि का केस लड़ रहे फलहारी दिनेश शर्मा ने बताया कि ब्राह्मणों की समस्याओं का निराकरण पंचायत में करने का प्रयास किया जाएगा उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी मांग यह रहेगी कि बृज भूमि में मांस और शराब मथुरा पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए राजेश पाठक ने कहा कि विप्रो के लिए परशुराम सभागार होना चाहिए। आचार्य बद्रीश जी महाराज ने कहा कि विप्र समाज अब एक हो चुका है और विप्रों के लिए जो सहयोग करेगा। हम उसी को मतदान करेंगे, बिहारी लाल जी ने कहा कि ब्राह्मण समाज का अब तक कोई भी उत्थान नहीं कर पाया है और हम अब सभी एक हैं और सभी एक होकर मतदान करेंगे, जो ब्राह्मणों के लिए कार्य करेगा हम उसी को मतदान करेंगे।इस मौके पर संजय हरियाणा, बिहारी लाल वशिष्ठ, भूलेश्वर उपमन्यु, चंद्रशेखर शर्मा, राजेश पाठक, सुभाष शर्मा, लाला पहलवान, कल्लू पहलवान आदि मौजूद रहे।

### कंट्री मेड पिस्टल, कारतूसों का जखीरा पकडा

**मथुरा।** चुनावों में हथियारों के उपयोग को रोकने के लिए मथुरा पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। हथियार तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने बडी संख्या में हथियार और कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस ने चारों बदमाशों को मुठभेड के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस की गोली लगने से तीन बदमाश घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ यूपी राजस्थान बॉर्डर के पास बहद ग्राम मुडसेरस थाना गोवर्धन पर हुई। पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर जीतेन्द्र सिंह उर्फ जीतू बदमाश पुत्र प्रताप सिंह निवासी अउ गेट डींग थाना कोतवाली डीग जिला डीग राजस्थान घायल हुआ है। कृष्ण कुमार उर्फ के.के. उर्फ छोटे पुत्र बाबू सिंह निवासी खेरिया जगा थाना नदवई जिला भरतपुर भी गोली लगने से घायल हो गया। योगेन्द्र जाट पुत्र भूप सिंह निवासी गाँव नगला टौटा सींगा पट्टी सौख रोड थाना मगोर्रा जिला मथुरा को भी पुलिस की गोली है। अरविन्द कुमार पुत्र लाल सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग सेंधवा जिला बड़वानी मध्य प्रदेश से पिस्टल लाकर उत्तर प्रदेश व राजस्थान राज्यों में अपराधियों को पिस्टल व कारतूस सप्लाई करते हैं। पुलिस के मुताबिक हिस्ट्रीशीटर जितेन्द्र उर्फ जीतू अपने विरोधियो से झगडा हो जाने पर पिस्टल खरीदने आया था इनके पास से आठ पिस्टल कन्ट्री मेड, 47 कारतूस जिन्दा, सात खोखा कारतूस, दो तमंचा, पांच जिन्दा कारतूस, एक क्रेटा गाडी रंग काला बिना नंबर प्लेट बरामद हुए हैं। जीतेन्द्र के खिलाफ करीब एक दर्जन तथा योगेन्द्र जाट के विरूद्ध आधा दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### लोकसभा चुनाव के लिए तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

**मथुरा।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया एवं मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद में आये अर्द्धसैनिक बलों के ठहरने की व्यवस्था का जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने प्रेम देवी अग्रवाल गर्ल्स इंटर कॉलेज, बीएसए डिग्री कॉलेज, बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज तथा इस्लामिया इंटर कॉलेज का जायजा लिया गया। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के संवेदनशील अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मथुरा जनपद को आवंटित अर्धसैनिक बल के ठहरने की जगहों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न कराने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों व जिले को आवंटित अर्धसैनिक बल के ठहरने के स्थानों का निरीक्षण किया। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, सकुशल व निष्पक्ष संपन्न कराने, आमजन को सुरक्षा का अहसास कराने, कानून व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। आमजन को स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए सुरक्षा का भरोसा दिलाया। चुनाव में लोगों को कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने तथा आमजन को भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की। सभी को चुनाव में बढ़ चढ़कर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। लोकसभा चुनावों में गड़बड़ी करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है। चुनाव के दौरान किसी तरह की अफवाह न

### चौमुंहा प्रखंड की मासिक बैठक हुए संपन्न

**मथुरा।** जिला ग्रामीण प्रखंड चौमुंहा की मासिक बैठक अकबरपुर पंचायत घर पर संपन्न हुई। प्रांत विभाग धमाचार्य मुकुंद दास महाराज, जिलाध्यक्ष विनोद राघव व जिला संगठन मंत्री योगेश पाठक, जिला संयोजक राजू राजपूत और जिला प्रचार प्रसार प्रमुख एवं प्रखंड पलक बनवारी लाल पांडेय ने प्रखंड के कार्यकर्ता के साथ आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में प्रांत धमार्चार्य मुकन्द दास महाराज, जिला अध्यक्ष विनोद राघव, जिला संगठन मंत्री योगेश पाठक, जिला संयोजक बजरंग दल राजू राजपूत, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख एवं प्रखंड चौमुंहा पालक बनवारी लाल पांडेय मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन ने समाजवाद को बढ़ावा दिया: बजरंग गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल:** हरियाणा अग्रवाल युवा संगठन द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन करनाल में ऐतिहासिक रहा।इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री जी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने विशेष रूप से भाग लेकर कार्यक्रम में युवक-युवतियों को आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग और नगर निगम की पूर्व मेयर श्रीमती रेनू बाला गुप्ता थे। वशिष्ठ अतिथि प्रमुख समाजसेवी वीरेंद्र बंसल, रमेश गुप्ता, विजय गोयल, सुरेंद्र गुप्ता, पंकज गोयल, शम्मी बंसल, तरुण बंसल व सुरेश गुप्ता थे। इस



सम्मेलन में भारी संख्या में युवक-युवतियों ने परिवार सहित भाग लिया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अग्रवाल युवा संगठन द्वारा युवक-युवतियों के हजारों रिश्ते व शादियां हो चुकी है जबकि परिचय सम्मेलन के माध्यम से युवक-युवतियों को एक ही मंच पर मनचाहा वर-वधु मिलने में आसानी होती है और विवाह शादियों में जो लाखों रुपए खर्च होते हैं उस पर अंकुश लगता है। आज भाग-दौड़ के युग में कोई भी अच्छा व्यक्ति बच्चों के रिश्ते करवाने के लिए बीच में नहीं पडना चाहता है। जिसके कारण समाज में बच्चों के रिश्ते करने में बड़ी भारी दिक्कतें आ रही है। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रवाल युवा संगठन के माध्यम से जरूरतमंद युवक-युवतियों की शादी अग्रोहा धाम में करवाई जाती है। बच्चों की शादी, खाने, ठहरने, बैंड-बाजे व फेरो तक की सारी व्यवस्था अग्रोहा धाम की तरफ से की जाती है और शादी में 1.5 लाख रुपए का सामान कन्याओं को दिया जाता है। श्री गर्ग ने कहा कि

**आशीर्वाद**

**8 मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी ने विशेष रूप से भाग लेकर कार्यक्रम में युवक-युवतियों को आशीर्वाद दिया**

अग्रोहा धाम देश का पांचवा धाम है। जिसके साथ देश के नागरिकों की आस्था जुडी हुई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि समाज को अपने बच्चों की शादी व रिश्तों पर पहली मिलनी महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर निकलना चाहिए और विवाह शादी में फिजूल खर्च पर रोक लगनी चाहिए। समाज की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारीयों को अपने-अपने शहरों में लड़का-लड़की का पता लेकर उनके रिश्ते करवाने के लिए सहयोग करना चाहिए जबकि महाराजा अग्रसेन जी ने गरीबों को ऊंचा उठाते हुए समाजवाद को बढ़ावा दिया था और छोटे बड़े की दूरी को खत्म करते हुए हर जरूरतमंद की मदद करने का काम किया।

# अनेक संस्थाओं के मध्य हुआ सर्वोच्च विद्वान डॉ. श्रेयांस जैन का सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोपरगांव:** देश के जाने माने जैन धर्म और सिद्धांत के सर्वोच्च विद्वान् डॉ. श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत का एक सामाजिक समरसता स्थापित करने के एक कार्यक्रम में राष्ट्रस्तरीय आठ-नौ संस्थाओं के मध्य सम्मान हुआ। बुधवार को कोपरगांव महाराष्ट्र में सकल दिगम्बर जैन साधर्मी सहयोग प्रतिष्ठान द्वारा सुधीरकुमार अनंतकुमार जैन बज परिवार के सक्रिय सहयोग से शास्त्रिपरिषद्, विद्वत्परिषद्, विद्वत महासंघ, जैन संपादक महासंघ आदि देश की आठ-नौ संस्थाओं के सम्मिलित विद्वत्सम्मेलन में डॉ. जैन



का भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम में देश के लगभग 70 विद्वान्, पत्रकार, वैज्ञानिक, समाजसेवी, बुद्धिजीवी एवं स्थानीय जन समुदाय उपस्थित था। डॉ. श्रेयांस कुमार जैन अनेक पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। जब भी सिद्धान्त सम्बंधी विवेचना या आगम ग्रन्थों पर वाचना में को सैद्धान्तिक गतिरोध होता है तब डॉ. जैन हो आहूत किया जाता है।

### दिव्यांगों ने किया वोट के प्रति जागरूक

**मथुरा।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत दिव्यांगजन मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। इस रैली का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, रैली में प्रशान्त कुमार सिंह जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, सुनील दत्त बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में पंजीकृत स्वयंसेवी संस्था सावित्री देवी शिक्षा समिति के प्रबंधक रंजीत, कृष्णा जन कल्याण शिक्षण संस्थान के प्रबंधक रोहित चौधरी एवं मानसिक मंदित आश्रय गृह हाफ वे होम के प्रबंधक हिर्देश मौजूद रहे।

# 130 साधक साधिकाओं को करवाई शंख प्रक्षालन क्रिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र:** भारतीय योग संस्थान पंजीकृत की हरियाणा प्रांत इकाई के कृष्ण योग जिला कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में आज नंगली वाली कुटिया में करवाई गई शंख प्रक्षालन क्रिया में 130 से अधिक साधक साधिकाओं ने भाग लेकर अपनी आहार नली को शुद्ध किया । भगवद् भजन से आरंभ हुए समारोह में भीष्म जिला प्रधान सीमा सांगवान ने सूक्ष्म क्रियाएं, ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र का उच्चारण करवाया । जिला संरक्षक हरिराम जोशी ने साधकों को शंख प्रक्षालन का महत्व बतलाकर शंख प्रक्षालन के पांच आसनों- ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटि चक्रासन, तिर्यक भुजंगासन व उदराकर्षण आसन- की विधि, सावधानियों व लाभ के बारे में बताते हुए सामान्य दिशा निर्देश देने के साथ-साथ पांचों आसनों की पांच- पांच आवृत्तियों का अभ्यास भी करवाया । जोन प्रधान नंद गोपाल बंटी ने आसनों का सुंदर प्रदर्शन किया । संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान माननीय ओम प्रकाश ने सभी

**शुद्ध**

**8 130 से अधिक साधक साधिकाओं ने भाग लेकर अपनी आहार नली को शुद्ध किया**

साधकों को शंख प्रक्षालन के लिए शुभकामनाएं दी और इस क्रिया को सहज भाव से करने का आग्रह किया । उन्होंने बताया कि भारतीय योग संस्थान 10 अप्रैल को विश्व भर के अपने सभी 4500 से अधिक निशुल्क योग साधना केन्द्रों पर अपना 58 वां स्थापना दिवस बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मना रहा है । सभी योग साधना केन्द्रों पर स्थापना दिवस अधिकतम संख्या दिवस के रूप में मनाया जाना है । इसके लिए सभी पुराने साधकों सहित आमजन तथा समाज के विशिष्ट व्यक्तियों को कार्यक्रम आयोजित कर आमंत्रित किया जाना है । इस बार कार्यक्रम के आयोजन का दायित्व केंद्र प्रमुखों को दिया गया है।

# रोजगार छिनने से आशंकित निषाद समाज, किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** रोजगार छिनने की आशंका से निषाद समाज आशंकित है। अभी यमुना में गरुण क्रूज का संचालन विधिवतरूप से शुरू नहीं हुआ है लेकिन निषाद समाज को इस बात की चिंता है कि अगर ऐसा होता है तो उनके रोजगार पर चोट होगी, जोकि पहले से ही कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। इसे लेकर नाविक एक बार फिर लामबंद हो गए हैं। नाविकों ने अधिकारियों पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए अपनी रोजी रोटी को लेकर चिंता जताई है। आक्रोशित नाविकों का कहना है कि अगर जुगल घाट से केसी घाट तक क्रूज चलाया गया तो उग्र आंदोलन शुरू किया जायेगा। यहां बताते चलें कि ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा यमुना में पर्यटन



को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विगत वर्ष दिल्ली की अयोध्या क्रुजलाइंस प्राइवेट लिमिटेड से क्रूज संचालन का एमओयू साइन किया था। जिसके तहत मथुरा के विश्राम घाट से क्रूज को शुरू कर वृंदावन और गोकुल तक तीर्थ यात्रियों को घाटों पर घुमाया जायेगा। करीब तीन माह पूर्व भी नाविकों ने क्रूज संचालन की सूचना पर प्रदर्शन किया था लेकिन अधिकारियों ने इसे स्थानीय स्तर पर यमुना में न चलाए जाने के आश्वासन पर प्रदर्शन खत्म कर दिया गया था। रविवार को निजी एजेंसी के अधिकारियों द्वारा केशीघाट पर क्रूज संचालन के लिए प्लेटफार्म बनाए जाते ही स्थानीय नाविक लामबंद होकर विरोध पर उतर आए। देखते ही देखते सैंकड़ों की संख्या में नाविकों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका कहना है कि अगर जुगल घाट से केशीघाट तक क्रूज चलाया गया तो हमारा रोजगार छिन जाएगा। हमारा जीवन यापन नाव संचालन से ही होता है। इधर नाविकों के हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और नाविकों को समझा बुझाकर शांत कराया।

**चिंता**

**8 नाविकों ने वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए अपनी रोजी रोटी को लेकर चिंता जताई**

# किसान को एमएसपी चाहिए, युवाओं को रोजगार चाहिए: आप

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर/यमुनानगर:**
**आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में रादौर विधानसभा के गांव छाहरी में जनसभा की। उनके साथ चौधरी रणधीर सिंह, आदर्श पाल सिंह, डॉ. मनीष यादव, डॉ. अनिल रंगा, कर्मवीर बूटर, अनिल पंजेटा, छोटे लाल बड़गुजर, राहुल भान, रोहित गुप्ता और रघुवीर छिंदा मुख्य तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पांच साल में एक बार ऐसा समय आता है जब नेता आपके पीछे घूमते हैं नहीं तो पूरे पांच साल जनता नेताओं के पीछे घूमती है।



किसान को एमएसपी चाहिए, युवाओं को रोजगार चाहिए और यदि हमारा कोई बच्चा विदेश में फंस गया तो उसको निकालने के लिए सरकार के नेताओं के पास जाना पड़ता है। इसके अलावा महिलाओं के मान सम्मान की रक्षा नहीं हो पा रही तो नेताओं के पास जाना पड़ता है। पांच साल में केवल एक मौका ऐसा आता है जब ये नेता मतदाता के पास आते हैं। इसलिए अब नेता आपके पास आएंगे और हाथ जोड़कर कहेंगे कि वोट हमें देना। लेकिन अब आपके पास मौका है कि जितनी बार आपको उन नेताओं के पास जाना पड़ा और जैसा व्यवहार आपके साथ किया अब उसका हिसाब किताब एक ही झटके में कर लेना। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान में सबको एक समान वोट का अधिकार है। 5 साल बाद बड़े से बड़े नेताओं को भी आपके पास झोली फैला कर आना पड़ता है। इसलिए जिसने आपके साथ जैसा व्यवहार किया अब उसके साथ वैसा की व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें देश में कहीं भी और किसी भी कोने में आने जाने अधिकार दिया है। लेकिन जब हरियाणा पंजाब के किसान और मजदूर दिल्ली जाना चाहते थे तो इस सरकार ने उनके रास्तों में कीलें ठोक दी। इन्होंने बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर के संविधान का अपमान किया है। जिन मंत्रियों को हमने चुन कर भेजा किसान दिल्ली में उनके घर पर जाना चाहते थे, लेकिन इन्होंने कहा आप हमारे घर नहीं आ सकते। तो अब चुनाव में इन नेताओं की भी हिम्मत नहीं है कि वो हमारे गांव और घर में घुस सके। जो बाबा साहेब के संविधान से खिलवाड़ करेगा उसको सत्ता से उखाड़ फेंकेंगे। उन्होंने कहा कि आज इन्होंने संविधान का अपमान किया।

**साधा निशाना**

**8 हरियाणा पंजाब के किसान और मजदूर दिल्ली जाना चाहते थे तो इस सरकार ने उनके रास्तों में कीलें ठोक दी**

# जब प्रचार छोड़ खलिहान में लगी आग को बुझाने लगे सुरेश सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** गोवर्धन क्षेत्र के बछगांव कौंथरा मार्ग के समीप गांव क्षत्री के किसान सोहन सिंह के तीन बीघा खलिहान में रविवार की दोपहर को करीब एक बजे आग लग गई। इसी दौरान बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह का चुनाव के लिए निकला काफिला इसी रास्ते से गुजर रहा था। किसान के खेत में लगी आग को देख कर सुरेश सिंह गाडी से उतर कर खेत की ओर दौड पडे। किसान परिवार आग को बुझाने में जुटा था। पानी की आस पास व्यवस्था नहीं थी, जिससे आग पर काबू पाया जा सके। सुरेश सिंह खेत की मेड से



झामे उखाड कर खेत में लगी आग को बुझाने में जुट गये। यह देख प्रत्याशी के साथी भी उनका साथ देने लगे। बसपा प्रत्याशी को तन्मयता से अपने साथ आग बुझाने के प्रयास में जुटा देख किसान मोहन सिंह का परिवार भावुक हो गया। किसान मोहन की आंखों में आंसू थे। सुरेश सिंह ने किसान को ढांढस बंधाया और कंधे से लगा लिया। किसान खेत में हुए नुकसान से आहत था।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 08 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## उगते सूर्य को अर्घ्य देकर नववर्ष का प्रारंभ करेंगे काशीवासी

टीम एक्शन इंडिया

**वाराणसी:** प्रतिपदा विक्रम संवत-2081 के पहले दिन मंगलवार (09 अप्रैल) को संस्कार भारती, काशी महानगर एवं भृगु योग (ब्रह्म चिन्ता प्रणाली) ट्रस्ट की ओर से शिवालाघाट पर नव संवत्सर अभिसिंचन समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में सुबह पांच बजे ध्येय गीत (नृत्य) होगा, प्रात: 5:15 प्रभाती गायन, प्रात: 5:40 सूर्य अर्ध्यदान कर नव संवत का स्वागत वेद पाठ, डमरू वादन, शंख वादन, लोक नृत्य से किया जाएगा। रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में संस्कार भारती, काशी महानगर के अध्यक्ष डॉ. केए चंचल, ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. जयन्त कुमार भादुड़ी, नव संवत्सर कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष डॉ. आर. वी. शर्मा ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी। पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रान्त के प्रांत प्रचारक रमेश का नवसंवत्सर पाथेय के बाद वन्देमातरम् गायन के साथ समापन होगा। पदाधिकारियों ने बताया कि नव संवत्सर के पहले दिन सम्पूर्ण भारत में प्रतिवर्ष लगभग एक हजार संस्कार भारती की इकाइयां कार्यक्रम आयोजित करती है। नव संवत्सर का यह कार्यक्रम काशी में सन 2000 से लगातार किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में नया साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होता है। भारतीय काल गणना के अनुसार वर्ष का प्रथम दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा वह पुनीत दिवस है। जब सृष्टि का आरम्भ एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था। प्राचीन काल से ही नव संवत्सर का स्वागत हम चैत्र नवरात्र के रूप में शक्ति की उपासना और आध्यात्मिक उत्कर्ष के संकल्प के द्वारा करते आये हैं। उन्होंने बताया कि नव संवत्सर की यह अवधारणा अक्षुण बनी रहे, इस दृष्टि से संस्कार भारती, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी आनुषांगिक संगठन तथा अन्य हिन्दू संगठन विभिन्न सांस्कृतिक-धार्मिक आयोजन करते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति के इस गौरवपूर्ण क्षण और सृष्टि के आरम्भ के उत्सव में परिवार सहित नयी पीढ़ी को भी शामिल होना चाहिए।

## मेरी लड़ाई हरीश रावत से नहीं: त्रिवेन्द्र

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हरिद्वार लोकसभा उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत रावत ने कहा,"मेरी लड़ाई व्यक्तिगत तौर पर हरीश रावत से नहीं विचारधारा और मुद्दों से रही है। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य को मिलकर भेदेंगे।" बालावाला में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा,"मेरी लड़ाई व्यक्तिगत तौर पर कभी किसी भी नेता से चाहे वह हरीश रावत हों या एसपी सिंह, उनसे नहीं रही। उनकी लड़ाई विचारधारा और मुद्दों से रही है। आज भी वह इस लड़ाई को लड़ रहे हैं।" उन्होंने कहा कि आज देश की मजबूती के लिए चाहे वह किसान संगठन, सामाजिक संगठन या वर्गीय संगठन हों, सभी भाजपा को समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव अब एकतरफा दिखाई दे रहा है। आज भारत की अंतर चेतनाएं जागृत हुई हैं। भारत करवट बदल रहा है और अपने असली स्वरूप की ओर जा रहा है।

सनातन की परंपरा आज उन्हें अंदर से कहीं ना कहीं कर रही है और उत्प्रेरित कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में आज देश विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है।

# अंसारी परिवार अब बने आंख के तारे...

### ओवैसी से लेकर अखिलेश तक का मुख्तार के घर आना व परिजनों से भेंट करते हुए कब्र पर फूल चढ़ाना चुनावी हथकंडा है

टीम एक्शन इंडिया

**गाजीपुर/मऊ:** बांदा जेल में हार्ट अटैक आने के बाद इलाज के दौरान अस्पताल में मुख्तार अंसारी की मौत के बाद से ओवैसी से लेकर अखिलेश यादव तक का मुख्तार अंसारी के घर आना व परिजनों से भेंट करते हुए कब्र पर फूल चढ़ाना मुख्तार अंसारी परिवार के राजनैतिक प्रभाव को भी साबित करता नजर आने लगा है। कभी मुख्तार के नाम पर अखिलेश ने शिवपाल को नाराज कर दिया था, जिससे खुद की पार्टी में दो फाड़ हो गई थी। वही आज खुद अखिलेश ने मुख्तार की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया। इस दौरान अखिलेश यादव द्वारा मुख्तार के मौत को असामान्य बताते हुए हत्या और साजिश बताया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के सीटिंग जज के निगरानी में जांच की मांग भी उठाई। बातचीत के दौरान पत्रकारों द्वारा 2016-17 में अखिलेश यादव के अंसारी परिवार के प्रति नाराजगी के सवाल उठाए



जाने पर अखिलेश यादव ने कहा कि राजनीति हमेशा वर्तमान परिस्थिति में होती है।

वर्ष 2017 विधानसभा चुनाव को याद करें तो शिवपाल यादव की अंसारी परिवार से काफी नजदीकियां देख अखिलेश यादव बौखला गए थे। उस समय उन्होंने सरेआम बयान देते हुए कहाकि समाजवादी पार्टी किसी अपराधी को टिकट नहीं देगी। विवाद इतना अधिक बढ़ गया था कि शिवपाल यादव को सपा छोड़ नई पार्टी बनानी पड़ी थी।

तब मुख्तार अंसारी का परिवार भी समाजवादी पार्टी में शामिल नहीं हो पाया था और उन्हें बसपा की शरण लेनी पड़ी थी। उस चुनाव में पूर्वांचल में सपा की करारी हार के बाद अखिलेश यादव

**परिस्थिति**

> ➤ मुख्तार के नाम पर अखिलेश ने शिवपाल को नाराज कर दिया था, जिससे खुद की पार्टी में दो फाड़ हो गई थी

को अंसारी परिवार के राजनीतिक ताकत का अंदाजा हआ। उसके बाद 2019 लोकसभा चुनाव में सपा बसपा गठबंधन के तहत मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी गाजीपुर से बसपा के तरफ से लोकसभा प्रत्याशी बने थे। तब भी अखिलेश यादव अफजाल के पक्ष में जनसभा करने काफी ज्यादा जद्दोजहद के बाद पहुंचे थे उस समय भी वह अंसारी परिवार से अपनी दूरियां दिखा रहे थे। लेकिन तब तक उन्हें अंसारी परिवार के रसूख का अंदाजा हो गया था। 2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश ने गाजीपुर की मोहम्मदाबाद विधानसभा से मुख्तार के भतीजे शोएब अंसारी "मन्नू" को सपा से वहीं मुख्तार के बड़े बेटे अब्बास अंसारी को मऊ जनपद की सदर सीट से अपने गठबंधन सुभासपा का प्रत्याशी बनाया। जबकि सबसे बड़ी बात यह की लोकसभा 2024 में अफजाल अंसारी के बसपा सांसद रहते हुए ही अखिलेश यादव ने उन्हें सपा द्वारा गाजीपुर लोकसभा का प्रत्याशी घोषित कर दिया।

अब मुख्तार की मौत के बाद वह अंसारी के घर संवेदना प्रकट करते नजर आए। अंसारी परिवार के अगर राजनीतिक ताकत की बात करें तो पूर्वांचल के गाजीपुर, घोसी, जौनपुर, बलियां, लालगंज, आजमगढ़ सहित आधा दर्जन से अधिक सीटों पर सीधा प्रभाव है। वहीं खुद मुख्तार अंसारी 2009 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी संसदीय सीट से मुरली मनोहर जोशी से बहुत कम अन्तर से चुनाव हारे थे।

## ममता बनर्जी ने पार्टी नेताओं को दी नसीहत



टीम एक्शन इंडिया

**पुरुलिया:** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को रामनवमी के अवसर पर शांति मार्च आयोजित करने की सलाह दी है। रविवार को पुरुलिया जिले के हुड़ा इलाके में तृणमूल उम्मीदवार शांतिराम महतो के समर्थन में रैली करते हुए ममता बनर्जी ने शंकर जताई कि रामनवमी के दिन भाजपा राज्य में और अशांति फैला सकती है। ऐसे में उन्होंने पार्टी नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें जो करना है करने दीजिए, लेकिन आप लोग किसी बहकावे में मत आना। अगले दिन आपलोग शांति मार्च करिए ताकि उन्हें भी पता चले कि तृणमूल बंगाल में शांति बनाए रखती है।

उल्लेखनीय है कि तृणमूल सुप्रीमों ममता बनर्जी अपने प्रचार अभियान में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में जिलों में जनसभाएं कर रही हैं। उत्तर बंगाल में चुनाव प्रचार के बाद उन्होंने रविवार को जंगल महल इलाके के पुरुलिया में चुनाव प्रचार शुरू किया।

## सेमीफाइनल में भिडेंगी जेजेटी और संबलपुर यूनिवर्सिटी



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली/झुंझुनूं**

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरूष) टूनार्मेंट में सात दिन तक चले लीग मुकाबलों के बाद अपने-अपने पूल में टॉप पर रहने वाली टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। चैंपियनशिप में शनिवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबला मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं और संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर और रविवार को दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी यूनिवर्सिटी सीकर के बीच खेला जाएगा। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के बैनर के नीचे श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं में चल रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप लीग मुकाबलों से नॉक आउट दौर में प्रवेश कर गई है। पूल ए में मेजबानी श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने दो मैच जीतकर व एक मैच में वॉकओवर हासिल कर पहले स्थान पर रही और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है।

**रोमांचक होगा मैच**

> ➤ शेखावाटी यूनिवर्सिटी सीकर और पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर के बीच खेला जाएगा दूसरा सेमीफाइनल

पूल बी में अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई, संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर और छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर ने अपने-अपने लीग के दो-दो मैच जीत कर बराबर अंक अर्जित किए एवं रन रेट के मामले में संबलपुर यूनिवर्सिटी, संबलपुर ने बाकी दोनों यूनिवर्सिटीज को पछाड़ते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## जल जीवन मिशन की पाइप चोरी, 5 गिरफ्तार

**अमेठी:** मुंशीगंज थाने की पुलिस और एसओजी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर जल जीवन मिशन की पाइप चुराने वाले 5 चोरों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 10 लाख रुपए मूल्य की 40 पाइप, 2 तमंचे, 4 जिंदा कारतूस, 2 डीसीएम और 2 कूटरचित बिल बरामद किए। मुंशीगंज थाने में 4 अप्रैल को ठेकेदार ने जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत गांव-गांव बिछाई जा रही कास्ट आयरन की 50 पाइपों की चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। इन पाइपों को मुंशीगंज थाने के मनीरामपुर के मुसवापुर चौराहे से चोरी किया गया था । जिसके खुलासे के लिए थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया था।

## रामनवमी शोभायात्रा के परमिशन पर फंसा पेंच

टीम एक्शन इंडिया

**हुगली:** रामनवमी के शोभायात्रा के दौरान गत वर्ष रिषड़ा और श्रीरामपुर के कुछ इलाकों में हुए हिंसा के बाद इस वर्ष रिषड़ा-श्रीरामपुर में आगामी 17 अप्रैल को प्रस्तावित रामनवमी शोभायात्रा की अनुमति को लेकर पेंच फंस गया है। इस वर्ष प्रशासन रामनवमी की शोभायात्रा के लिए अनुमति देने को तैयार तो हुआ है लेकिन आयोजकों के सामने प्रशासन ने शोभायात्रा का रूट बदलने की शर्त रखी है। रिषड़ा-श्रीरामपुर में आयोजित होने वाले रामनवमी शोभायात्रा पारंपरिक तौर पर श्रीकृष्णा नगर शिव मंदिर से शुरू होकर चार नंबर रेलवे फाटक होकर एनएस रोड होते हुए संध्या बाजार से जीटी होकर खाटीर बाजार होते हुए महेश जगन्नाथ मंदिर तक निकलती थी।



लेकिन इस वर्ष प्रशासन ने रामनवमी शोभायात्रा का नया रूट तय किया है। आयोजक इस नए रूट पर शोभायात्रा निकालने को तैयार नहीं है। रिषड़ा-श्रीरामपुर में रामनवमी शोभायात्रा को लेकर इस बार प्रशासन और आयोजक आमने-सामने हैं। विशेष सूत्रों के अनुसार यदि रविवार शाम तक प्रशासन ने पारंपरिक रूट पर रामनवमी की शोभायात्रा निकालने की अनुमति नहीं दी तो आयोजन सोमवार को कोलकाता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा आएंगे। नाम न छापने की शर्त पर एक आयोजक ने कहा कि प्रशासन ने पता नहीं किसके दबाव में आकर रामनवमी शोभायात्रा के रूट को बदलने का निर्णय लिया है साथ में कई अन्य प्रकार की पाबंदियां भी लगाई हैं। हम लोग प्रशासन के सामने घुटने नहीं देखेंगे हमें अदालत पर भरोसा है। हम हाईकोर्ट जाएंगे। बहरहाल, श्रीराम के नाम से जाने जाने वाले शहर श्रीरामपुर के प्रशासन द्वारा रामनवमी शोभायात्रा के रूट परिवर्तन से स्थानीय लोगों में भी खासी नाराजगी है।

**मामला कोर्ट में**

> ➤ शोभायात्रा के लिए अनुमति देने को तैयार तो हुआ है लेकिन प्रशासन ने शोभायात्रा का रूट बदलने की शर्त रखी



राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने किए रामलला के दर्शन।

## अररिया में भाजपा-आरजेडी में होगी दिलचस्प टक्कर



टीम एक्शन इंडिया

**फारबिसगंज/अररिया:** 2024 के लोकसभा चुनावों का बिगुल बज चुका है. पहले और दूसरे चरण के नामांकन प्रक्रिया भी पूरी हो गई है वही, भाजपा, कांग्रेस और आरजेडी समेत सभी पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवार उतार दिए है और प्रचार प्रसार भी जोर शोर से शुरू कर दी गयी हैं. वही,लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार ने एक बार फिर एनडीए के साथ गठबंधन कर लिया है और नीतीश कुमार बीजेपी के साथ चुनाव लड़कर आरजेडी का खेल बिगाड़ने की तैयारी में जुट गए हैं. बिहार में एनडीए का सीट शेयरिंग भी तय हो चुका है, जिसकी घोषणा भी पूर्व में हो गई है और इसके साथ ही एनडीए में कौन सी पार्टी किस सीट से चुनाव लड़ेगी, ये भी तय कर लिया गया है. वहीं, दो चरणों का नामांकन प्रक्रिया भी पूरी हो गई है तीसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया 12 अप्रैल से शुरू हो जायेगी वहीं, बिहार की अररिया लोकसभा सीट बीजेपी के खाते में आई है यहां तीसरे चरण में 7 मई को चुनाव होने है । आपको बता दें कि अररिया जिले के बाद नेपाल की सीमा शुरू हो जाती है। ब्रिटिश राज के दौरान यह इलाका जिला कलेक्टर और नगरपालिका आयुक्त अलेक्जेंडर जॉन फोर्ब्स के प्रशासन के अधीन था। जहां पर जॉन फोर्ब्स का बंगला था और उस जगह को रेज़िडेन्शियल एरिया के रूप में जाना जाता था। रेसिडेंशियल एरिया को संक्षेप में आर-एरिया भी कहा जाता था, जो समय के साथ बिगड़ कर अररिया हो गया।

## स्टेशन: ट्रेन में बम की अफवाह से हड़कंप

**बाराबंकी:** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर रविवार को ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन की एक बोगी में बम की अफवाह से हड़कंप मच गया। स्थानीय पुलिस के मुताबिक ट्रेन के एक यात्री ने सूचना दी कि ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन की बोगी में एक गठरी में संदिग्ध वस्तु है, जो बम भी हो सकती है। इसके बाद जीआरपी, आरपीएफ, बाराबंकी सीओ सदर, सीओ सिटी के साथ एडिशनल एसपी चिरंजीवी नाथ सिन्हा फोर्स एवं बम डिस्पोजल स्क्वाड के साथ स्टेशन पहुंचे। टीम ने ट्रेन के प्रत्येक डिब्बे की सघन तलाशी ली।

## प्रदेश की सुक्खू सरकार युवा विरोधी: भाजयुमो

टीम एक्शन इंडिया

**शिमला:** भाजपा युवा मोर्चा ने प्रदेश में कांग्रेस की सत्तारूढ़ सुक्खू सरकार को युवा विरोधी करार दिया है। युवा मोर्चा ने कांग्रेस सरकार पर युवाओं से नौकरियों का झूठा वायदा करने का आरोप लगाया है। मोर्चा का कहना है कि जब विधानसभा का चुनाव चल रहा था तब युवाओं को लेकर इस सरकार ने बड़े-बड़े वादे किए थे और अब एक भी वादा पूरा होता नहीं दिख रहा हैं। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज ने रविवार को एक बयान में कहा कि प्रदेश का युवा ठगा हुआ



महसूस कर रहा है, इतना ठगा हुआ कि वह हताश होकर नौकरियों के इंतजार में है, पर कांग्रेस सरकार ने एक भी नौकरी युवाओं को देने का प्रयास नहीं किया है। यहां तक कि जो रोजगार के अवसर पूर्व की भाजपा सरकार खोल के गई थी उसको भी बंद कर दिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओ ने चुनाव में क्या कहा था "जब हम सत्ता में आएंगे तो प्रदेश की पहली कैबिनेट में एक लाख और 5 साल में 5 लाख नौकरी है देंगे", पर यह सारे वादे तो मुंगेरीलाल की हसीन सपने ही रह गए। ऐसा संभव हुआ ही नहीं और केवल मात्र हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री ने अपने मित्रों को नौकरी दी वह भी बड़े-बड़े कॉन्ट्रैक्ट पर। एक नौकरी 2.5 लाख प्रति माह पर, वहा री कांग्रेस सरकार यह कैसी दोस्ती। उन्होंने कहा कि खुद तो मुख्यमंत्री ऐसे भाषण दे रहे हैं जैसे वह युवा कांग्रेस के प्रधान हैं, पर युवाओं के बारे में सोच नहीं पा रहे हैं।

## कश्मीर पुलिस ने महिला स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप को तैनात किया

टीम एक्शन इंडिया

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लोकसभा चुनावों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए महिला स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) को तैनात किया है। महिला एसओजी की विशेष रूप से प्रशिक्षित महिलाओं का एक समूह जम्मू शहर में सक्रिय है, जो सभी गतिविधियों पर निगरानी रख रहा है। पुलिस के अनुसार स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप को जंगल युद्ध, आतंकवाद विरोधी अभियान, राजमार्ग पर सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए तीन महीने का कठोर प्रशिक्षण दिया गया है। उन्हें विशेष बुलेटप्रूफ वाहन मुहैया कराए गए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस की महिलाएं अपने पुरुष समकक्षों से किसी भी तरह पीछे नहीं हैं और उनके साथ मिलकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आतंकवाद के खिलाफ लड़ रही हैं। जम्मू जिले में 11, सांबा और रियासी जिलों में तीन-तीन और राजौरी जिले में एक विधानसभा क्षेत्र है। इन 18 विधानसभा क्षेत्रों में फैले पूरे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में पुलिस और अर्धसैनिक बलों को बड़ी संख्या में तैनात किया गया है, जिसमें शामिल है।

लोकसभा क्षेत्र में 17.68 लाख से अधिक मतदाता पंजीकृत है, जहां कुल 23 उम्मीदवार मैदान में हैं। निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं के लिए कुल 2,416 मतदान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

**तैनाती**

> ➤ महिला एसओजी की विशेष रूप से प्रशिक्षित महिलाओं का एक समूह जम्मू शहर में सक्रिय है

पहल — डॉक्टर सेठ विवेक कुमार ने आगे आकर बच्चों के जीवन में शिक्षा का दीप जलाने की कोशिश की है।

## शिक्षा से वंचित गरीब बच्चों के लिए "डिप्टी कमिश्नर" ने उठाया बीड़ा

टीम एक्शन इंडिया

**हरदोई:** इंसान के सामाजिक विकास के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। लेकिन संसाधनों की कमी और माता-पिता के अशिक्षित होने के कारण कई नौनिहाल स्कूल की दहलीज तक नहीं पहुंच पाते। आसपास छोटे-मोटे काम कर पेट पालने वाले लोगों के बच्चों को भी स्कूल नसीब नहीं होता है। समाजसेवी व व्यापारी सेठ महेश प्रसाद ,उनके बड़े पुत्र डिप्टी कमिश्नर जीएसटी बाराबंकी सेठ विकास कुमार, डॉक्टर सेठ विवेक कुमार ने आगे आकर बच्चों के जीवन में शिक्षा का दीप जलाने की



कोशिश की है। ग्राम गदनाहिया मिंडा पुरवा मे गरीब बच्चों को नवोदय विद्यालय की निशुल्क कोचिंग सेंटर तीन वर्षों से चल रही है। जिसमें गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ अन्य सेवा भी प्रदान किए जाते है। लगभग 20 से अधिक गरीब बच्चे निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे है। कोचिंग सेंटर में पड़कर तमाम बच्चों ने नवोदय में भी प्रवेश ले चुके हैं।इस सराहनीय कदम की चर्चा क्षेत्र के कोने-कोने में हो रही है।जिसमें गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा, किताब, कलम और समय-समय पर निशुल्क खाद्य पदार्थों का वितरण किया जाता है। इन बच्चों के माता-पिता भी बच्चों को शिक्षा दिए जाने से संतुष्ट हैं।

उनका कहना है कि बच्चों को स्कूल भेज पाना संभव नहीं है। अगर बच्चे पढ़ना लिखना भी सीख पाए तो उनके लिए जीवन की राह आसान होगी। बाराबंकी जिले में डिप्टी कमिश्नर जीएसटी विकास कुमार सेठ बताते हैं कि कहीं न कहीं क्षेत्र में जो गरीब बच्चे हैं। उनकी परेशानी हम लोग देखे थे।

**कोचिंग सेंटर**

> ➤ गरीब बच्चों को नवोदय विद्यालय की निशुल्क कोचिंग सेंटर तीन वर्षों से चल रही है।